✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 83 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 19 अगस्त 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान के विभिन्न भागों का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

## 20 अगस्त को नामांकन दाखिल करेंगे एनडीए से उपराष्ट्रपति पद के प्रत्याशी सीपी राधाकृष्णन

### जदयू और लोजपा (आर) ने की समर्थन की घोषणा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** एनडीए की तरफ से घोषित किए गए उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन 20 अगस्त को इस पद के लिए नामांकन दाखिल करेंगे। इसकी जानकारी केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने साझा की है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि आज एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन दिल्ली पहुंचे और हमने एनडीए के नेताओं के साथ एक परिचयात्मक बैठक की। हमें बहुत गर्व है कि सीपी राधाकृष्णन जैसे व्यक्ति को एनडीए का उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया गया है। एनडीए गठबंधन के सभी नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया। हमें उम्मीद है कि सभी दल उन्हें समर्थन देंगे। बता दें कि इससे एक दिन पहले भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एनडीए संसदीय



दल की बैठक के बाद सीपी राधाकृष्णन के नाम की घोषणा उपराष्ट्रपति पद के लिए की थी। जगदीप धनखड़ के अचानक उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद से ये पद खाली हुआ है। उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 9 सितंबर को होना है और उसी दिन मतगणना भी होगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है, जबकि उम्मीदवार 25 अगस्त तक अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। बता दें कि उपराष्ट्रपति चुनाव में राज्यसभा के 233 निर्वाचित सांसद, राज्यसभा में मनोनीत 12 सांसद और लोकसभा के 543 सांसद वोट डाल सकते हैं। इस तरह के कुल 788 लोग वोट डाल सकते हैं। एनडीए के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन को घटक दलों का समर्थन मिल रहा है। भारतीय जनता पार्टी की सहयोगी पार्टी जनता दल यूनाइटेड ने भी राधाकृष्णन का समर्थन कर दिया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को एनडीए के उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए जाने के निर्णय का स्वागत है। सीएम ने उन्हें शुभकामनाएं भी दीं। वहीं केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोजपा (रा.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन को अपना पूर्ण समर्थन दिया है।

## बिजली करंट की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** जिले के विभूतिपुर थाना अंतर्गत विभूतिपुर पूरब पंचायत के वार्ड संख्या-12 में एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। बिजली करंट की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई जबकि एक छह माह की बच्ची गंभीर रूप से झुलस गई है। इस घटना ने पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ा दी है। जानकारी के अनुसार नरहन वार्ड नंबर 12 की शांति देवी के घर में बिजली आपूर्ति ठप थी। उनके 40 वर्षीय बेटे अरुण ने देखा कि सर्विस वायर पर पेड़ की टहनी लटक रही थी जिससे करंट प्रवाहित हो रहा था और बिजली बाधित थी। टहनी हटाने की कोशिश में अरुण तार की चपेट में आ गया। अरुण को बचाने के प्रयास में उनकी 60 वर्षीय मां शांति देवी और 16 वर्षीय पुत्र अजीत राम भी करंट की चपेट में आ गए। हादसे में अरुण राम की छह माह की बेटी भी गंभीर रूप से झुलस गई जो अपनी दादी की गोद में थी। सभी घायलों को तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विभूतिपुर ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने अरुण राम, उनकी मां और बेटे को मृत घोषित कर दिया। घायल बच्ची को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया है। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय विधायक अजय कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृतकों के परिजनों से मुलाकात की और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। विधायक ने इस हादसे को दुखद बताते हुए प्रशासन से पीड़ित परिवार की मदद के लिए त्वरित कार्रवाई की मांग की।

### सीएम नीतीश ने जताया शोक

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने करंट लगने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने इस हादसे को अत्यंत दुखद बताया और मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने ऊर्ज़ा विभाग को इस हादसे में मृतक के परिजन को नियमानुसार अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### किसान की गला रेतकर हत्या

**मधेपुरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मुरलीगंज थाना क्षेत्र के बेलो गांव में सोमवार की सुबह एक सनसनीखेज वारदात सामने आई। यहां नहर किनारे से एक किसान का शव बरामद हुआ है जिसका गला रेता गया है। मृतक की पहचान खाड़ी वार्ड-14 निवासी जसवंत कुमार के रूप में की गई है। शव मिलने की खबर फैलते ही पूरे इलाके में दहशत और अफरातफरी का माहौल बन गया। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है।

### फंदे से लटकी मिली बीपीएससी शिक्षिका

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र के अलका सिनेमा हॉल के पीछे स्थित मोहल्ला में एक बीपीएससी शिक्षिका ने सोमवार को फांसी का फंदा लगाकर किराए के मकान में आत्महत्या कर ली। मृत शिक्षिका नेहा कुमारी मल्हीपुर दक्षिणी के प्राथमिक स्कूल सिमरिया में पदस्थापित थी। नेहा बेगूसराय में किराए के मकान में रह रही थी जबकि पति नीरज कुमार ओडिशा में रहकर प्राइवेट जॉब करता है। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने परिजनों के सामने फंदे से लटकी लाश को उतार कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

### दो लाख का इनामी बूटन चौधरी गिरफ्तार

**आरा(नबिटा ब्यूरो)।** भोजपुर जिले के कुख्यात अपराधी बूटन चौधरी को एसटीएफ ने मुंबई से गिरफ्तार किया है। बिहार पुलिस मुख्यालय ने उस पर दो लाख का इनाम घोषित कर रखा था। उसके खिलाफ हत्या, आर्म्स एक्ट समेत एक दर्जन संगीन मामले दर्ज है। उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव स्थित बूटन चौधरी के घर से 6 अप्रैल 2025 को एके-47, 2 मैगजीन, एके-47 के 43 कारतूस, 2 हैंड ग्रेनेड, इंसास राइफल के दो मैगजीन बरामद हुए थे।

### महिला की गोली मारकर हत्या

**बिहारशरीफ (नबिटा ब्यूरो)।** नालंदा जिले के कल्याण विगहा थाना क्षेत्र के बड़ी आमर गांव में रविवार देर रात बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर एक महिला की हत्या कर दी। घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। मृतका की पहचान बड़ी आमर गांव निवासी मेघन मांझी की पत्नी संजू देवी के रूप में हुई है। कल्याण विगहा थानाध्यक्ष सुषमा कुमारी ने बताया कि प्राथमिक जांच में मोकिमपुर गांव के बदमाशों की संलिप्तता सामने आई है।

### अनुसचिवीय कर्मचारी संघ की प्रस्तावित हड़ताल वापस

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार अनुसचिवीय कर्मचारी संघ ने संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी के आश्वासन के बाद 20 अगस्त से प्रस्तावित अनिश्चितकालीन हड़ताल वापस ले ली है। संघ के बैनर तले समाहरणालय लिपिक कर्मियों के 10 सूत्री मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से आंदोलन चलाया जा रहा था। सोमवार को संघ के राज्य अध्यक्ष महेश्वर राय एवं महामंत्री मनोज कुमार सिंह ने इसकी जानकारी दी।

## एसएससी आने वाले महीनों में 12543 पदों पर करेगी बहाली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) इस वर्ष युवाओं के लिए बड़ी सौगात लेकर आया है। आयोग की ओर से आने वाले महीनों में 12,543 पदों पर बहाली की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। राज्य सरकार के अनुसार वह पहले ही 50 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार उपलब्ध करा चुकी है। अब इस संख्या को एक करोड़ तक पहुंचाने का नया लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति में एसएससी की भूमिका अहम मानी जा रही है। एसएससी की ओर से अगस्त में क्षेत्र सहायक के 201 पदों के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की गई। वहीं आगामी महीनों में द्वितीय इंटर स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के तहत 12,199 पदों और प्रयोगशाला सहायक के 143 पदों पर बहाली होने वाली है। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि परीक्षाओं का आयोजन समय पर कराकर जल्द परिणाम प्रकाशित किए जाएंगे। एसएससी के स्तर से जल्द ही चतुर्थ स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के अंतर्गत 1481 पदों और कार्यालय परिचारी या परिचारी (विशिष्ट) की संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के तहत 3727 पदों पर बहाली की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। आयोग के अनुसार इन परीक्षाओं की तैयारी अंतिम चरण में है और जल्द ही इसका नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। राज्य एसएससी के अध्यक्ष आलोक राज ने कहा कि आयोग समयबद्ध तरीके से प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन कर रहा है और जल्द परिणाम भी घोषित किए जा रहे हैं।

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने देव सूर्य मंदिर में की पूजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** महागठबंधन द्वारा आयोजित 'वोट अधिकार यात्रा' के दूसरे दिन सोमवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता व कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने औरंगाबाद के विश्व प्रसिद्ध त्रेतायुगीन देव सूर्य मंदिर में भगवान भास्कर की पूजा-अर्चना की। राहुल के लिए यह अपने जीवन की विश्व प्रसिद्ध सौर तीर्थस्थल की पहली यात्रा रही। इस दौरान उन्होने सूर्यदेव को मत्था टेका। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व कुटुम्बा के विधायक राजेश कुमार, वीआईपी पार्टी के संस्थापक व पूर्व मंत्री मुकेश सहनी एवं नबीनगर से राजद विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डबल्यू सिंह आदि नेता भी राहुल गांधी के साथ रहे। इस दौरान देव सूर्य मंदिर के प्रधान पुजारी राजेश पाठक ने राहुल-तेजस्वी एवं अन्य



नेताओं को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सूर्यदेव की विधिवत पूजा-अर्चना कराई। वहीं राहुल गांधी के सूर्य मंदिर में पूजा करने के दौरान मंदिर परिसर के बाहर उनके हजारों समर्थक सड़क के दोनों किनारों पर झंडा बैनर के साथ मौजूद रहे। देव सूर्य मंदिर के गर्भगृह में सूर्यदेव की पूजा-अर्चना कर मंदिर परिसर में बाहर आने पर देव सूर्य मंदिर न्यास समिति के सचिव विश्वजीत कुमार उर्फ गुड्डू राय, सदस्य व समाजसेवी लक्ष्मण गुप्ता एवं अन्य ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को अंगवस्त्र व त्रेतायुगीन सूर्य मंदिर की बालू से बनी कलाकृति फ्रेम देकर स्वागत किया। न्यास समिति द्वारा किए गए स्वागत-अभिनंदन से राहुल-तेजस्वी अभिभूत दिखे। यहां खासकर राहुल गांधी ने न्यास समिति के सदस्यों से मंदिर की दिव्यता, अलौकिकता और प्राचीनता को लेकर बातें की। जीवन में पहली बार देव सूर्य मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद राहुल गांधी ने मंदिर के गेस्ट विजिटर रजिस्टर में कुछ बात लिखीं। उन्होंने रजिस्टर में अंग्रेजी में ही अपना नाम और मंतव्य लिखा। राहुल ने लिखा 'थैंक यू फॉर ए वंडरफुल विजिट'। राहुल गांधी के विजिटर रजिस्टर में यह लिखने के आशय साफ है कि उन्हें यह सूर्य मंदिर बेहद आकर्षक लगा। देव सूर्य मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद राहुल गांधी का काफिला अगले गंतव्य रफीगंज के लिए रवाना हो गया। राहुल गांधी व तेजस्वी जैसे ही मंदिर से बाहर निकले तो खासकर के युवा उन्हें देखने को ले बेताब दिखे। वहीं युवाओं में सेल्फी लेने की होड़ मची रही। कुछ युवा घरों की छतों पर चढ़कर देख रहे थे।

## टाइटल चोरी करके कोई जननायक नहीं बनता

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में राहुल गांधी की वोट अधिकार यात्रा के बीच जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। वहीं सोशल मीडिया पर राहुल को जननायक बताने वाली पोस्ट को लेकर तंज कसा है। संजय झा ने कहा कि टाइटल चोरी करके कोई जननायक नहीं बन जाता। सोमवार को उन्होंने एक्स पोस्ट पर लिखा कि बिहार की जनता के दिल में बसे जननायक सिर्फ कर्पूरी ठाकुर हैं। यह बात किसी से छिपी नहीं है कि दलितों-पिछड़ों की बुलंद आवाज बने कर्पूरी ठाकुर को कांग्रेस ने न तो जीवनकाल में कभी सम्मान दिया और न ही उनके देहांत के बाद। गैर-कांग्रेसी दलों के समर्थन से वर्ष 1970 मेंजब कर्पूरी ठाकुर बिहार के पहले गैर-कांग्रेसी मुख्यमंत्री बने, तब भी कांग्रेस आलाकमान ने उनकी सरकार को गिराने के लिए तमाम हथकंडे अपनाये।

## राहुल-तेजस्वी की मौजूदगी में रफीगंज विधायक का भारी विरोध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज(औरंगाबाद)।** वोटर अधिकार यात्रा पर निकले कांग्रेस नेता राहुल गांधी और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के काफिले को रफीगंज में उस वक्त रोक दिया गया जब काफिला गयाजी की ओर बढ़ रहा था। सैकड़ों की संख्या में आम लोग सड़क पर उतर आये और राहुल गांधी तथा तेजस्वी के काफिले को रोक दिया। काफिले में शामिल स्थानीय राजद के विधायक मो नेहालुद्दीन की गाड़ी को लोगों ने रूकवा दिया और विरोध करना शुरू कर दिया। रफीगंज के स्थानीय विधायक मो नेहालुद्दीन की गाड़ी के पीछे राहुल-तेजस्वी के काफिले में शामिल दर्जनों गाड़ियां फंस गयी। जो गाड़ियां फंसी उस पर महागठबंधन के घटक दलों के कई विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि बैठे थे। गाड़ियों के साथ समर्थकों का हुजूम भी था। इस दौरान स्थानीय विधायक मो नेहालुद्दीन को आम लोगों का आक्रोश का सामना भी करना पड़ा। लोगों ने न सिर्फ उनके विरोध में नारे लगाये बल्कि उन्हें अपशब्द भी कह दिया और अभद्र व्यवहार भी किया। यह विरोध उन्हें रफीगंज-गयाजी रोड में गोरडीहा गांव के समीप व कुंवर बिगहा मोड़ के समीप झेलना पड़ा। कहा जा रहा है कि जिन लोगों द्वारा काफिले के बीच में उनकी गाड़ी का घेराव किय गया उसमें राजद समर्थक ही थे। हालांकि विधायक को घिरता देख सुरक्षा में लगी पुलिस तुरंत वहां पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। कुंवर बिगहा गांव में रोड नहीं बनने से स्थानीय ग्रामीण नाराज थे और विधायक का घेराव करते हुए रोड बनाने की मांग कर रहे थे। रोड नहीं तो वोट नहीं जैसे नारे भी लगाये गये। राजद विधायक पर लोगों ने चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र से गायब रहने और फोन तक रीसिव नहीं करने का आरोप लगाया। रोड शो के बाद अब इसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। लोग तरह-तरह की बातें कर रहे है।

## 11 आइएएस अधिकारियों को मिली नई जिम्मेदारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार की नीतीश सरकार ने चुनाव से पहले भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी है। 2020 और 2023 बैच के आईएएस अधिकारियों का पदस्थापन कर दिया है। इनमें 2023 बैच के सात आइएएस अधिकारी ऐसे हैं जिन्हें अनुमंडल पदाधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार आकांक्षा आनंद को बारसोई (कटिहार), कृतिका मिश्रा को पकड़ी दयाल (पूर्वी चंपारण), गरिमा लोहिया को पालीगंज (पटना), प्रद्युम्न सिंह यादव को गोगरी (खगड़िया), रोहित कर्दम को शेखपुरा, तुषार कुमार को मुजफ्फरपुर (पूर्वी) एवं अनिरुद्ध पांडेय को मोहनिया (कैमूर) का एसडीओ बनाया गया है। वहीं आईएएस अधिकारी चंद्रिमा अत्री को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, अंजली शर्मा को समाज कल्याण विभाग, शिप्रा विजय कुमार चौधरी को शिक्षा विभाग एवं नेहा कुमारी को स्वास्थ्य विभाग का ओएसडी बनाया गया है।






## बूथों पर प्रदर्शित की गयी वोटर लिस्ट से हटाए गए 65 लाख वोटरों के नाम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में गहन मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से हटाए गए 65 लाख वोटर्स की श्रेणीवार सूची सभी बूथों पर चिपकायी गई है। पोलिंग बूथ पर जाकर लिस्ट देखी जा सकती है। असंतुष्ट व्यक्ति आधार कार्ड की फोटो कॉपी के साथ अपना दावा पेश कर सकते हैं। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) विनोद सिंह गुंजियाल ने सभी 65 लाख हटाये गए मतदाताओं के नामों के बूथवार प्रकाशन की समीक्षा की। वीडियो कांफ्रेंसिंग से आयोजित बैठक में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुरूप की गई कार्रवाई की उन्होंने जिलावार जानकारी ली। आयोग ने बताया कि जिन नामों को ड्राफ्ट मतदाता सूची से हटाया गया है, वे एएसडी श्रेणी के अंतर्गत आते हैं। इनमें मृतक मतदाता, स्थानांतरित मतदाता, गैरमौजूद या दोहरे



पंजीकरण वाले मतदाता शामिल हैं। इससे पहले बिहार की मसौदा मतदाता सूची से हटाए गए 65 लाख नामों की सूची जिलों की वेबसाइटों पर बूथवार और श्रेणीवार डाली गई थी। जानकारी देते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के 56 घंटे के भीतर यह कार्रवाई की गई है। इसमें मृत, स्थानांतरित, अनुपस्थित और दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नाम शामिल हैं। यह सूची बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय की वेबसाइट पर भी जारी की गई है। बता दें सूची जारी करने का ये कदम सुप्रीम कोर्ट के 14 अगस्त के आदेश के तहत उठाया गया है। शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया था कि वह जिला-वार सूची प्रकाशित करे और नाम कटने के कारण स्पष्ट रूप से बताए। चाहे वह मृत्यु, प्रवासन या डबल रजिस्ट्रेशन के कारण हो। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को यह भी कहा कि हटाए गए मतदाताओं की बूथ-वार सूची जिला चुनाव अधिकारी के कार्यालय में लगाई जाए। टीवी और समाचार पत्रों में भी प्रकाशित किया जाए। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 14 अगस्त को एक अंतरिम आदेश में चुनाव आयोग को यह निर्देश दिया था कि वह 19 अगस्त तक उन मतदाताओं की बूथवार सूची सार्वजनिक करे, जिनके नाम 1 अगस्त को जारी हुई ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में शामिल नहीं हैं। इसके अलावा आयोग को 22 अगस्त तक विस्तृत रिपोर्ट भी दाखिल करनी होगी।

# मोबाइल प्रचार वाहनों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया रवाना

## मतदाता सीखेंगे इवीएम/वीवीपैट से वोटिंग की प्रक्रिया, मिलेगा हैंड्स–ऑन प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेश के आलोक में विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के दृष्टिगत निर्वाचकों के बीच जागरूकता एवं ई०वी०एम० के कार्य प्रणाली से अवगत कराने के उद्देश्य से सभी विधानसभा के लिए समाहरणालय परिसर, सासाराम से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी उदिता सिंह द्वारा सोमवार को मोबाइल डेमोंस्ट्रेशन वैन (एमडीवी) को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। कुल सात विधानसभा के लिए 12 वाहनों का उपयोग किया जा रहा है जिसमें डिहरी एवं नोखा विधासभा में एक-एक वाहन तथा शेष पांच विधानसभा में दो-दो वाहनों का उपयोग किया जा रहा है। इन वाहनों में प्रतिनियुक्त ई०वी०एम० प्रशिक्षित कर्मी द्वारा विधानसभा के सभी मतदान केन्द्र भवनों में कम से कम एक बार



ई०वी०एम० का डेमोंस्ट्रेशन किया जायेगा। ई०वी०एम० डेमोस्ट्रेशन का उद्देश्य आम जनता को ई०वी०एम० एवं वी०वी०पैट के प्रयोग एवं कार्य प्रणाली से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना है ताकि मतदान प्रक्रिया को लेकर कोई भ्रांति नहीं रहे और आत्मविश्वास के साथ मतदाता मतदान कर सकें। इस पहल का एक विशेष उद्देश्य प्रथम बार मतदान करने वाले युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को मतदान प्रक्रिया में सहजता प्रदान करना है। अनेक बार देखा गया है कि तकनीकि प्रक्रिया की जानकारी न होने के कारण मतदाता मतदान केन्द्र पर संकोच महसूस करते हैं परंतु वैन में उपलब्ध प्रशिक्षित कर्मी ईवीएम के बटन दबाने से लेकर वी०वी०पैट स्लिप देखने तक की पूरी प्रक्रिया का लाइव डेमोंस्ट्रेशन देंगें। मोबाइल डेमोंस्ट्रेशन वान (एमडवी) द्वारा ई०वी०एम० का प्रदर्शन केवल मतदान केन्द्र भवनों तथा निर्वाचक साक्षरता क्लबों में किया जायेगा, सुरक्षा के दृष्टिकोण से इसका प्रदर्शन भीड़-भाड़ वाले स्थानों बाजार, हाट में नहीं किया जायेगा। प्रदर्शन की पूर्व सूचना बी०एल०ओ० द्वारा स्थानीय लोगों को दी जायेगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि इस पहल से मतदाताओं का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे मतदान दिवस पर बिना किसी आशंका के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए केवल मतदाता संख्या में वृद्धि ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह आवश्यक है कि हर मतदाता मतदान प्रक्रिया की पारदर्शिता और तकनीक की विश्वसनीयता को भी समझे। उन्होंने स्पष्ट किया कि इवीएम और वीवी पैट पूरी तरह सुरक्षित और विश्वसनीय प्रणाली है जिसकी तकनीकी संरचना में किसी प्रकार की छेड़छाड़ संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि मतदाता मशीन की कार्यप्रणाली से भलीभांति परिचित होंगे तो वे मतदान केंद्र पर निडर होकर मतदान कर सकेंगे। यह प्रशिक्षण मतदाताओं में तकनीकी आशंका दूर करने और विश्वास जगाने का सबसे प्रभावी तरीका है।

# एसआईआर के खिलाफ अफवाहें फैलाकर जनता को भटकाने की कोशिश कर रहा विपक्ष : सैयद शाहनवाज हुसैन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन–सोन।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व पूर्व केंद्रीय मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने सोमवार को जमुहार में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि एसआईआर के खिलाफ अफवाहें फैलाकर विपक्ष जनता को भटकाने की कोशिश कर रही है। अब तो सुप्रीम कोर्ट ने भी उन्हें आईना दिखा दिया है। वोटर अधिकार यात्रा के बहाने राहुल गांधी घुसपैठियों का बचाव कर रहे हैं। कांग्रेस राजद सत्ताधिकार यात्रा कर रही है जिसमें जमानत पर छूट राहुल तेजस्वी और सजायाप्ता लालू प्रसाद शामिल है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं पर हमला करना कांग्रेस की परंपरा रही है। एसआई विरोध उसी का हिस्सा है। राहुल गांधी के आरोपों का चुनाव आयोग ने करारा जवाब दिया है आयोग निष्पक्ष चुनाव करना जानती है झूठे आरोपों पर आयोग को कांग्रेस जवाब नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि जिस कांग्रेस ने जगजीवन बाबू को प्रधानमंत्री नहीं बनने दिया उनके ही शहजादे यहां संविधान और दलितों के सम्मान की बात कर रहे हैं। बाबा



साहब को कांग्रेस ने कभी सम्मान नहीं दिया इतिहास इसका साक्षी है। अपने जन्मदिन पर लालू यादव ने अंबेडकर के फोटो का अपमान किया था। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव वोटर अधिकार यात्रा के नाम पर जहां-जहां उनके चरण पड़ेंगे उनके पोल खुल जाएगा। उन्होंने कहा नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार बिहार में नया इतिहास रच रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए आएगा, एनडीए छाएगा और एनडीए जीतेगा। श्री हुसैन ने कहा कि वर्ष 2005 से 2020 के बीच एनडीए सरकार ने बिहार के 8 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देकर वह कर दिखाया जो राजद 15 साल सत्ता में रहते हुए कभी सोच नहीं पाई थी। सात निश्चय दो योजना के तहत 2020 में 10 लाख सरकारी नौकरी 38 लाख रोजगार का संकल्प लिया था जिसे समय पर रहते पूरा किया जा चुका है। अब एनडीए सरकार ने प्रदेश के एक करोड़ युवाओं को नौकरी देने की जिम्मेदारी ली है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि हम इसे पूरा भी करेंगे युवाओं के लिए अवसरों के नए द्वार खुले हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में केंद्र सरकार के सहयोग से पटना मेट्रो, बक्सर भागलपुर एक्सप्रेस वे, महात्मा गांधी समानांतरपुर पटना पूर्णिया एक्सप्रेस वे पटना आरा सासाराम एक्सप्रेस वे पटना में पुल, पटना कोलकाता एक्सप्रेसवे, रक्सौल हल्दिया एक्सप्रेसवे, दरभंगा एक्सप्रेसवे जैसी परियोजनाओं से बिहार में कनेक्टिविटी के विकास की नई कहानी लिखी जा रही है।

# नेक दिल इंसान व सज्जन व्यक्ति थे राम देव सिंह : सोनू सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन–सोन।** नेक दिल इंसान व सज्जन व्यक्ति थे राम देव सिंह। उक्त बातें लोजपा रा प्रदेश महासचिव राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने डिहरी अनुमंडल विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष मनोज अज्ञानी के पिता स्व रामदेव सिंह के ब्रह्मभोज के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा के आयोजन पर उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उपरांत कहा। उन्होंने कहा कि वे चॉकलेटिया बाबा के नाम से मशहूर थे। अपने मॉनिग वॉक के दौरान मिलने वाले सभी लोगों को चाकलेट देते थे। स्व रामदेव सिंह के तैल चित्र पर उनके तीनों पुत्र



अरूण सिंह, मनोज अज्ञानी, डब्ल्यू सिंह, आर एस के पब्लिक स्कूल बस्तीपुर के निदेशक आनंद सिंह, पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव, तोराब नेयाजी, मुखिया अशोक भारद्वाज, कुंवर सिंह, संजय गुप्ता, बंटी पटेल, डॉ ओपी आनंद, अमित कुमार, अधिवक्ता मुन्ना दूबे, कमल सिन्हा, ललन सिंह गदर, यश उपाध्याय, विधिज्ञ संघ के सचिव रितेश कुमार सहित काफी संख्या में डाक्टर, वकील, विभिन्न दलों के नेता, पार्षद, मुखिया ,समाजसेवी ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस मौके पर गायक खलील के नेतृत्व में की कलाकारों ने भजन गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।

# अधिकारी फरियादियों की समस्याओं का करें त्वरित समाधान : डीएम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी उदिता सिंह के द्वारा सोमवार को कुल 15 आम नागरिकों से दैनिक लोक साक्षात्कार किया गया जिसमें उनके विभिन्न समस्याओं एवं विवादों को सुनते हुये प्राप्त आवेदन पत्रों पर विधि- सम्मत समुचित कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को यथा लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, सेवा शिकायत भूमि सुधार उप समाहर्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला शस्त्र पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति डिहरी एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी रोहतास को भेजा गया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि जनता दरबार आम जनता की सरकार तक सीधी पहुंच है। इसका उद्देश्य जनसमस्याओं का संवेदनशील, पारदर्शी और त्वरित समाधान है।

# बोलेरो से भारी मात्रा में शराब बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी / तिलौथू।** डिहरी अनुमंडल क्षेत्र के अमझोर पुलिस ने सोमवार की सुबह चन्दनपुरा इलाके में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए अवैध शराब तस्करों के मंसूबों पर पानी फेर दिया। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया और एक बोलेरो वाहन से लाखों की विदेशी शराब बरामद की। जांच के दौरान बोलेरो गाड़ी से बीयर की केन, विदेशी शराब की बोतलें और ब्रांडेड शराब के कार्टून की भारी खेप मिली। गाड़ी का गेट लॉक होने के कारण कारोबारी फरार हो गया। हालांकि पुलिस ने मौके से गाड़ी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। बरामद शराब की कीमत लाखों रुपये



बताई जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार फरार कारोबारी की पहचान कर उसे दबोचने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष नेहा राज के नेतृत्व में लेडी सिंघम कहे जाने वाली एसआई पूनम कुमारी और एएसआई प्रवीण कुमार सिंह ने अहम भूमिका निभाई। इनके सख्त तेवर और तत्परता से इलाके के शराब माफियाओं में दहशत फैल गई। स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस की इस कार्रवाई का स्वागत किया और कहा कि इससे अवैध कारोबार पर रोक लगेगी। पुलिस प्रशासन ने साफ कहा है कि शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान आगे भी और तेजी से जारी रहेगा।

# जीबीएम कॉलेज की छात्रा अंजली कुमारी राज्य स्तरीय रेड रन प्रतियोगिता में लेंगी भाग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** गौतम बुद्ध महिला कॉलेज की छात्रा अंजली कुमारी ने बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, पटना एवं एनएसीओ, भारत सरकार की पहल पर आयोजित जिला स्तरीय रेड रन प्रतियोगिता (महिला वर्ग) में तृतीय स्थान प्राप्त करके कॉलेज का नाम रौशन किया है। वहीं छात्रा वर्षा कुमारी को पांचवां स्थान प्राप्त हुआ। सुश्री अंजली राज्य स्तरीय रेड रिबन प्रतियोगिता में भी भाग ले सकेंगी। कॉलेज के प्रभारी प्रधानाचार्य प्रो. डॉ सहदेब बाउरी, रेड रिबन क्लब की नोडल पदाधिकारी डॉ प्रियंका कुमारी, नैक समन्वयक डॉ शगुफ्ता अंसारी, पीआरओ डॉ रश्मि प्रियदर्शनी, एनसीसी सीटीओ डॉ नगमा शादाब, खेलकूद प्रभारी डॉ पूजा रॉय एवं परीक्षा प्रभारी डॉ प्यारे मांझी, डॉ कृति सिंह आनंद, डॉ विजेता लाल, डॉ फातिमा सहित समस्त महाविद्यालय परिवार ने अंजली एवं वर्षा को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और राज्य स्तर पर आयोजित रेड रिबन दौड़ प्रतियोगिता में भी बेहतर प्रदर्शन हेतु आशा जतायी। कॉलेज की पीआरओ डॉ रश्मि ने बताया कि कॉलेज की छात्रा अंजली, वर्षा, वैष्णवी एवं दामिनी ने एनएसएस पदाधिकारी डॉ प्रियंका कुमारी के संरक्षण में गया कॉलेज के खेल परिसर में आयोजित पांच किलोमीटर की जिला स्तरीय रेड रन प्रतियोगिता में भाग लिया। सभी प्रतिभागियों एवं चयनित विजेताओं को बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, पटना के ऐडिशनल प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. एन. के. गुप्ता की ओर से प्रशस्ति प्रमाण पत्र दिया गया।साथ ही, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित उपयोगी पुस्तकें भी दी गयीं। जिला स्तरीय रेड रिबन प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर चयनित प्रतिभागियों को ही राज्य स्तरीय रेड रन प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर दिया जाता है।इसी आधार पर जीबीएम कॉलेज की सुश्री अंजली भी पटना में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय रेड रन प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगी।

# राहुल गांधी व तेजस्वी यादव की यात्रा के दौरान डिहरी शहर में उमड़ा जनसैलाब

## महागठबंधन की रीढ़ हैं मुकेश साहनी : राजू चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन–सोन।** राहुल गांधी व तेजस्वी यादव की अधिकार यात्रा पर डिहरी शहर में उमड़ा जनसैलाब, जगह-जगह बैनर पोस्टर से पटा डिहरी जगह-जगह महागठबंधन के नेता व कार्यकर्ता हाथ में झंडा लिए खड़े थे। राजद अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव गुड्डू चन्द्रवंशी ने शहर के सदर चौक पर सैकड़ों लोगों के साथ नेता का स्वागत किया। वहीं डिहरी के कर्पूरी चौक पर वीआईपी पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष राजू चौधरी के नेतृत्व में प्रदेश सचिव लल्लू



चौधरी, दिनेश निषाद, पार्षद आंनद चौधरी उर्फ पेड़ा ने लगभग डेढ़ क्विंटल की विशाल माला तथा फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। इस मौके पर राजू चौधरी ने कहा कि हमारे नेता मुकेश साहनी महागठबंधन के रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि हमारे शहर में राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और हमारे नेता 'सन ऑफ मल्लाह' मुकेश साहनी का आगमन किसी सपने के सच होने जैसा है। कार्यकर्ताओं के अथक सहयोग से इस सपने को साकार किया गया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने भाजपा की 'वोट चोरी' की साजिश को बेनकाब कर देश की जनता की आंखें खोल दी है और आज जनता उनके साथ मजबूती से खड़ा है। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजू चौधरी ने संकेत दिया कि वे मैदान में उतरने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों का मुझे जो अपार स्नेह और समर्थन मिल रहा है वह मेरी सबसे बड़ी ताकत है। हमारे समाज के लोग चाहते हैं कि उनकी आवाज को मजबूती से उठाने वाला कोई उनका प्रतिनिधि सामने आए। उन्हीं की उम्मीदों और समर्थन के बल पर मैं चुनाव लड़ने के लिए इच्छुक हूं।

# महिला की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** कल्याण बिगहा थाना क्षेत्र के बड़ी आमर गांव में बदमाशों ने फायरिंग कर दी जिसमें गोली लगने से 45 वर्षीय महिला संजू देवी की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। फायरिंग के दौरान एक गोली सीधे संजू देवी के सीने में जा लगी। महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। गोलीबारी और हवाई फायरिंग की आवाज से पूरा गांव में दहशत का माहौल है। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु बिहारशरीफ अस्पताल भेज दी।


**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं.: सिग_डब्ल्यू_5_पॉलिसी, दिनांक 14.08.25;** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, मालदा, कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पबं) द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **ई-निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी_24-25_11_ बैलेंस; कार्य का नामः** पूर्व रेलवे के मालदा मंडल में अभयपुर स्टेशन के पीएफ 1, 2 एवं 3 में सीआईबी का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु. 1,24,43,396.80। **बयाना राशि :** रु. 2,12,200। **ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समय :** 21.08.2025 से 04.09.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे तक। **वेबसाइट विवरण एवं सूचना पट्ट :** वेबसाइट **www.ireps.gov.in** सूचना पट्टः सीनियर डीएसटीई कार्यालय, डीआरएम बिल्डिंग, मालदा।

(MLD-147/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter


# एसएसबी ने विद्यालय परिसर में छात्र - छात्राओं के साथ लगाये 200 पौधे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**वजीरगंज (गयाजी)।** राजकीयकृत मध्य विद्यालय पुनावां वजीरगंज परिसर में सोमवार को सशस्त्र सीमा बल के क्षेत्रक मुख्यालय गया जी के जवानों ने वृक्षारोपण अभियान के तहत छात्र - छात्राओं और शिक्षकों की सहायता से 200 फलदार एवं इमारती पौधे लगाये। मौके पर जवानों ने बच्चों को बताया कि धरती पर लगातार पेड़ - पौधे एवं जंगलों का सफाया हो रहा है जिसके कारण तापमान में बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। तापमान के बढ़ने से जलवायु में परिवर्तन हो रहा है और मौसम का संतुलन बिगड़ने से पूरे जीवों पर इसका दुष्प्रभाव बढ़ रहा है। हमलोग इसका प्रभाव बेहद गर्मी और अत्यधिक वर्षा, सुखाड़, भीषण ठंढ के रूप में महसूस कर रहे हैं जो धीरे - धीरे बढ़ता हीं जा रहा है। इसका एक मात्र उपाय अधिक से अधिक पौधा लगाना है।

# एक पेड़ हर साल करीब 700 किलोग्राम ऑक्सीजन उत्सर्जन करता है : झाबर सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन–सोन।** वृक्ष ही जीवन दाता है, एक पेड़ हर साल करीब 700 किलोग्राम ऑक्सीजन उत्सर्जन करता है। उक्त बातें पाली निवासी विशेश्वर सिंह उर्फ झाबर ने 'नवबिहार टाइम्स' को बताया कि हमने सैकड़ों वृक्ष लगाए हैं। ताकि मनुष्य को इसका लाभ मिलता रहे। उन्होंने कहा कि एक सामान्य पेड़ साल भर में करीब 20 किलो धूल सोखता है तथा प्रति वर्ष 20 टन कार्बन डाइऑक्साइड को



सोखता है। एक पेड़ हर साल करीब एक लाख वर्ग मीटर दूषित हवा फिल्टर करता है। उन्होंने कहा कि गर्मियों में एक बड़े पेड़ के नीचे औसतन चार डिग्री तक तापमान कम रहता है। पेड़ पौधे पर ही मनुष्य और जीवों का जीवन चलता है। प्रकृति ने जो हमें ऑक्सीजन दिया वह कभी भेदभाव नहीं करता, पेड़ पौधे भेदभाव नहीं करते सबको एक समान फल देते हैं। आज जो तापमान तीव्र गति से वृद्धि हो रही है इसका कारण है पेड़ की काटाई होना। हर साल लाखों पेड़ कट रहे हैं। उन्होंने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप लोग भी एक पेड़ अवश्य लगाएं।

# गया पहुंचे राहुल गांधी और तेजस्वी यादव, वोटर अधिकार यात्रा में उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** वोटर अधिकार यात्रा के तहत कांग्रेस सांसद सह शीर्ष नेता राहुल गांधी और पूर्व उप मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सोमवार को औरंगाबाद के बाद गया जिले के कोंच थाना क्षेत्र अंतर्गत डबुर गांव के मैदान में पहुंचे जहां उन्होंने भोजनावकाश किया। तत्पश्चात संध्या 4 बजे गुरारू बगडिहा मोड़ होते हुए अहियापुर, उसके बाद गया सड़क मार्ग से पहुंचे। इस दौरान भारी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी और नेताओं का जोरदार स्वागत हर जगहों पर किया गया। वहीं सांसद पप्पू यादव, सांसद अभय कुशवाहा, सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव, विधायक विनय कुमार यादव, विधायक भीम सिंह यादव, विधायक नेहालुद्दीन, विधायक आनंद शंकर, विधायक राजेश कुमार आदि कई महागठबंधन के नेता भी शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि लोकतंत्र की असली ताकत जनता के वोट में है। हर नागरिक को यह अधिकार समझना चाहिए कि उनका वोट ही देश की दिशा तय करता है।

# गोल इंस्टीट्यूट ने मनाया 28वां स्थापना दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शिक्षा जगत में उत्कृष्टता का प्रतीक बन चुके गोल इंस्टीच्यूट ने आज बड़े उत्साह और गौरव के साथ अपना 28वां स्थापना दिवस मनाया। पिछले 28 वर्षों में इस संस्थान ने चिकित्सा एवं इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कराने में एक नई पहचान बनाई है और देशभर के लाखों विद्यार्थियों को सफलता के पथ पर अग्रसर किया है। 1997 में अपनी विनम्र शुरूआत से लेकर आज तक गोल इंस्टीच्यूटी पूर्वी भारत का सबसे भरोसेमंद और प्रतिष्ठित संस्थान बन चुका है। अब तक 2 लाख से अधिक विद्यार्थी एवं अभिभावक इस संस्थान पर अपना विश्वास जता चुके हैं जिनमें से 18,000 से अधिक विद्यार्थियों ने



मेडिकल एवं इंजीनियरिंग में सफलता प्राप्त की है। संस्थान की 100 प्रतिशत प्रामाणिकता इसकी सबसे बड़ी ताकत है–पिछले 28 वर्षों में एक भी फर्जी परिणाम प्रकाशित नहीं किया गया। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह ने कहा मैं हृदय से सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों और सहयोगियों का आभार प्रकट करता हूं जिन्होंने गोल पर निरंतर भरोसा जताया। यही विश्वास हमें लगातार बेहतर करने और विद्यार्थियों को उनके लक्ष्य तक पहुंचाने की प्रेरणा देता है। सहायक निदेशक रंजन सिंह ने कहा- गोल इंस्टीच्यूट की सफलता के पीछे केवल कड़ी मेहनत ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सपनों को अपनी जिम्मेदारी मानने का दृष्टिकोण है। मैं सभी को उनके सहयोग और विश्वास के लिए धन्यवाद देता हूं। अनुसंधान एवं विकास प्रमुख आनंद वत्स ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा हमारा प्रयास हमेशा यही रहा है कि हम शिक्षा पद्धति को नवीनतम शोध और तकनीक से जोड़कर विद्यार्थियों को सर्वोत्तम परिणाम दिला सकें। गोल परिवार का हिस्सा बनकर मैं सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों का आभार प्रकट करता हूं। शैक्षणिक प्रमुख गौरव सिंह ने कहा गोल इंस्टीच्यूट की अकादमिक सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। हम हर वर्ष नए संकल्प और नई ऊर्जा के साथ विद्यार्थियों को उनके लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मैं सभी का तहेदिल से धन्यवाद करता हूं। अपने 28 वर्षों की गौरवशाली यात्रा में गोल इंस्टीच्यूट ने न केवल श्रेष्ठ परिणाम अनुपात दिया है बल्कि अनूठी अवधारणा को मूर्त रूप दिया है, जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक आदर्श परिसर है। यही नहीं, संस्थान पूरे देश में सबसे अधिक टेस्ट आयोजित करने वाला संस्थान भी माना जाता है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

**e-Tender Reference No. : WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-01/2025-26 Dated :-14/08/2025**

1. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर।
2. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का फोन नं0 और ई–मेल आईडी :– 06562-240100 eemid041@gmail.com
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 25/08/2025 (अपराह्न 03.00 बजे से)
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 09/09/2025 (अपराह्न 03.00 बजे तक)
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 10/09/2025 (अपराह्न 04.00 बजे)

| क्र0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रुपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रुपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | परपैन नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण | तरहसी | 44,33,900.00 | 88,700.00 | 5000.00 | |

(1) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
(4) अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार है।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होंगे।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **http://jharkhandtenders.gov.in** में लॉगआन करें।
(7) अग्रधन की राशि घट बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR 359689 Minor Irrigation (25-26)_D

# हर जिले में स्थापित होंगे प्रदर्शन सह बिक्री केंद्र, स्थानीय उत्पादों को मिलेगा बढ़ावा : नीतीश मिश्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने राज्य के प्रत्येक जिले में प्रदर्शन सह बिक्री केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया है। इन केंद्रों का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर निर्मित उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराना और उद्यमियों को विपणन तथा बिक्री के अवसर प्रदान करना है। उद्योग विभाग, बिहार सरकार ने सभी जिलों के जिलाधिकारी को निर्देश दिया है कि विभिन्न लघु, मध्यम और सूक्ष्म उद्योग, नये उद्यम,



मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के अंतर्गत बने उत्पादों तथा एक जिला एक उत्पाद और एक प्रखंड एक उत्पाद के अंतर्गत चिन्हित वस्तुओं को विपणन सहयोग देने के लिए समाहरणालय परिसर में प्रदर्शन सह बिक्री केंद्र का निर्माण कराया जाए। इन केंद्रों के माध्यम से इन सभी उत्पादों को राज्य, राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई जाएगी और स्थानीय उद्यमियों को प्रोत्साहन मिलेगा। उद्योग विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि एक जिला एक उत्पाद पहल की देशव्यापी सफलता के बाद अब बिहार इस दिशा में आगे बढ़ रहा है। राज्य के प्रत्येक जिले में प्रदर्शन सह बिक्री केंद्र की स्थापना स्थानीय उद्यमिता और उत्पादों को बढ़ावा देने का अभिनव प्रयास है। यह न केवल कारीगरों और उद्यमियों को बाजार उपलब्ध कराएगा बल्कि बिहार को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इन केंद्रों के माध्यम से एक जिला एक उत्पाद और एक प्रखंड एक उत्पाद जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं के तहत चिन्हित वस्तुओं का प्रदर्शन और बिक्री की जाएगी। इससे उपभोक्ताओं को स्थानीय उत्पादों तक सीधी पहुंच मिलेगी, वहीं उद्यमियों और कारीगरों को अपने उत्पादों के प्रचार, नामकरण और विपणन में सहयोग मिलेगा। साथ ही संबंधित जिले के उत्पादों को इन केंद्रों में प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा। इन प्रदर्शन सह बिक्री केंद्रों की स्थापना से बिहार के उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी तथा स्थानीय स्तर पर उद्यमिता और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

# अच्छा काम करने वाले पैक्सों को सहकारिता विभाग करेगा पुरस्कृत : डॉ प्रेम कुमार

## 5 सितम्बर तक करना होगा ऑनलाइन आवेदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सहकारिता विभाग अच्छा काम करने वाले प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को मुख्यमंत्री आदर्श पैक्स प्रोत्साहन योजना 2025-26 के तहत पुरस्कृत करने जा रहा है। इसके लिए विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में किये गए कार्यों के आधार पर आवेदन आमंत्रित किया है। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 14 अगस्त से शुरू हो चुकी है और इसकी अंतिम तिथि 5 सितम्बर तय की गई है। सभी पैक्स ई-सहकारी पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। सहकारिता विभाग के मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री आदर्श पैक्स प्रोत्साहन योजना से लाभान्वित होने वाले पैक्सों की न सिर्फ कार्यकुशलता में वृद्धि होगी, बल्कि उनका मनोबल भी बढ़ेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह पहल पैक्सों



को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रेरित करेगी जिसका सीधा लाभ किसानों और स्थानीय ग्रामीणों को भी मिलेगा। विभाग का यह कदम पैक्सों को बेहतर काम करने के लिए प्रोत्साहित करेगा और पैक्सों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ाएगा जिसका फायदा किसानों तक पहुंचेगा। योजना के तहत प्रत्येक जिले के तीन पैक्सों और राज्य स्तर पर तीन पैक्सों को पुरस्कृत किया जाएगा। पुरस्कार चयन के मानदंडों में 31 मार्च 2025 तक के अंकेक्षण के आधार पर वित्तीय एवं प्रबंधन की स्थिति, 31 अगस्त 2025 तक अंकेक्षण कार्य पूर्ण करने की स्थिति और विभिन्न कार्यकलापों में किया गया प्रदर्शन शामिल है। इन आधारों पर प्राप्तांक तैयार किए जाएंगे। राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार 15 लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार 10 लाख रुपये और तृतीय पुरस्कार 7 लाख रुपये का होगा। वहीं जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कार के लिए 5 लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार के लिए 3 लाख रुपये और तृतीय पुरस्कार के लिए 2 लाख रुपये दिए जाएंगे। सहकारिता विभाग ने स्पष्ट किया है कि राज्य के सभी पैक्स ऑनलाइन आवेदन कर इस योजना का लाभ ले सकते हैं। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

# मुख्यमंत्री के औद्योगिक आर्थिक पैकेज की बिहार राज्य उद्यमी एवं व्यवसायी आयोग ने की सराहना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार राज्य उद्यमी एवं व्यवसायी आयोग के अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए विशेष आर्थिक पैकेज के हालिया घोषणा की सराहना की है। आयोग के अध्यक्ष सुरेश रुंगटा ने कहा कि राज्य सरकार का विशेष आर्थिक पैकेज बिहार के उद्योग जगत के लिए एक नई ऊर्जा लेकर आएगा। यह निर्णय निश्चित रूप से उद्यमियों को प्रोत्साहित करेगा और नए उद्योगों के लिए मार्ग प्रशस्त करेगा। राज्य सरकार की यह पहल उद्योग एवं स्वरोजगार को नई गति प्रदान करेगी जिससे बिहार आत्मनिर्भरता की ओर एक मजबूत कदम बढ़ा सकेगा। उन्होंने कहा कि सात निश्चय-2 के अंतर्गत 50 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी एवं रोजगार उपलब्ध कराने का



लक्ष्य पूरा करना अपने आप में ऐतिहासिक उपलब्धि है। अब अगले पांच वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व का प्रमाण है। आयोग के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार निराला ने कहा कि राज्य सरकार का यह फैसला युवाओं को व्यापक स्तर पर रोजगार के अवसर प्रदान करेगा। यह कदम बिहार को औद्योगिक मानचित्र पर एक सशक्त पहचान दिलाने में सहायक होगा।

# प्रमोद सिंह चंद्रवंशी दूसरी बार बने भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक, बधाई देने वालों का लगा तांता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ बिहार के प्रदेश संयोजक के रूप में प्रमोद सिंह चंद्रवंशी को दूसरी बार जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके पुनर्नियुक्ति के बाद पूरे बिहार से शुभचिंतकों और समर्थकों का उनके आवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जयसवाल तथा पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने उनकी सक्रियता और संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए यह जिम्मेदारी एक बार फिर सौंपी है। इस अवसर पर चंद्रवंशी ने नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि वे पूर्ण ईमानदारी और निष्ठा से इस दायित्व का निर्वहन करेंगे और अति पिछड़ा



समाज को भाजपा से जोड़ने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अति पिछड़ा समाज के विकास के लिए किए गए कार्यों को गांव-गांव तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। इसके लिए वे 1 सितंबर से नौ प्रमंडलों में जिला प्रवास पर निकलेंगे। चंद्रवंशी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर अति पिछड़ा समाज का गौरव बढ़ाया गया है। साथ ही एनडीए सरकार ने पंचायत और नगर निकाय चुनावों में 20 प्रतिशत आरक्षण देकर इस समाज को राजनीति की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया है। प्रदेशभर से नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी। इनमें प्रमुख रूप से पटना से जिला परिषद अध्यक्ष स्तुति गुप्ता, अरवल से बीरेंद्र सिंह चंद्रवंशी, गया से उपेंद्र सिंह, शेखपुरा से संतोष पटेल, औरंगाबाद से अभय सिंह चंद्रवंशी, जहानाबाद से दीपक कुमार गुप्ता, मुंगेर से राकेश चौरसिया, नालंदा से मुकेश मंडल, नवादा से प्रमोद सिंह चंद्रवंशी, अररिया से भानु प्रताप कामत, मुजफ्फरपुर से सुबोध तुरहा, खगड़िया से सुजीत राणा, बेतिया से संतोष चौहान, कैमूर से श्रवण चौहान, मधेपुरा से निर्मल देवी, भागलपुर से बद्री मंडल, जमुई से वाल्मीकि चंद्रवंशी, रोहतास से सुमन कुमार, आरा से हरेंद्र सिंह, बक्सर से दीपक कुमार चंद्रवंशी, कटिहार से मनोज कुमार, लखीसराय से दीपक सिंह चंद्रवंशी, पूर्णिया से अमन कुमार, वैशाली से पवन ठाकुर, बेगूसराय से शत्रुघ्न प्रसाद, सुपौल से बिस्मोहन चौधरी तथा मधुबनी से अनूप मंडल समेत सैकड़ों लोग शामिल रहे। सभी ने अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया।

# राज्य में शीघ्र खुलेंगे नए स्वास्थ्य उपकेंद्र : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय की अध्यक्षता में पटना के ज्ञान भवन में राज्य के सभी जिलों के सिविल सर्जनों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं जनसुलभ बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। उन्होंने बैठक में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के लक्ष्यों को समय पर प्राप्त करने के लिए तथा राज्य के 483 प्रखंडों में एक्स-रे सेवाओं को पूर्ण क्षमता से संचालित करने पर बधाई दी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य में शीघ्र ही नए स्वास्थ्य उपकेंद्र खुलेंगे। साथ ही स्वास्थ्य उपकेंद्रों की सिविल सर्जन नियमित जांच करें एवं आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता का ख्याल रखें। स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर एएनएम की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाए। वहीं राज्य के स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए 4000 कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सी.एच.ओ.) की नियुक्ति प्रक्रियाधीन है। श्री पांडेय ने कहा कि बिहार नियमित टीकाकरण को और सुदृढ़ करने की जरुरत है। राज्य में औसतन 95 प्रतिशत पूर्ण टीकाकरण हो रहा है जिनमें 22 ऐसे राज्य हैं जहां औसत से भी अधिक टीकाकरण किए जा रहे हैं।

# 15 दिनों में मानव व्यापार में फंसे 112 पीड़ित कराए गए मुक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पूरे राज्य में मानव तस्करी, अनैतिक देह व्यापार, ऑर्केस्ट्रा या थियेटर ग्रुप समेत ऐसे अन्य स्थानों में फंसे 112 नाबालिग लड़के या लड़कियों को मुक्त कराया गया है। इसके लिए पूरे राज्य में 31 जुलाई से 14 अगस्त तक विशेष अभियान ऑपरेशन नया सवेरा चलाया गया। इस दौरान मुक्त कराए गए 112 पीड़ितों में 41 नाबालिग लड़कियों, 7 महिलाओं और 64 नाबालिग लड़कें शामिल हैं। इस दौरान 28 पुरुष और 22 महिला समेत 50 मानव तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी एडीजी (कमजोर वर्ग) अमित कुमार जैन ने दी। पुलिस मुख्यालय सरदार पटेल भवन के सभागार में आयोजित इस प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि इस दौरान 24 एफआईआर दर्ज की गई है। एडीजी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मानव व्यापार निरोध दिवस (30 जुलाई) के अवसर पर यह विशेष अभियान शुरू करके मानव व्यापार, बाल श्रम, अनैतिक देह व्यापार और ऑर्केस्ट्रा या थियेटर से पीड़ितों को मुक्त कराया गया है। इनके पुनर्वास के लिए यह अभियान चलाया गया है। इसके तहत पटना जिले से 2, किशनगंज से 7, पूर्णिया से 3, रोहतास से 3, मधुबनी से 1 और अररिया से 3 समेत कुल 19 ऑर्केस्ट्रा या थियेटर ग्रुप तथा मानव व्यापार के मामले में सारण जिला से 29 और बेतिया से 1 यानी कुल 30 को मुक्त कराया गया है। इसके साथ ही बाल श्रम मामले में पटना से 23, सीतामढ़ी से 21, वैशाली से 4, कटिहार से 3, बगहा से 1, मधुबनी से 3, नरकटियागंज रेलवे स्टेशन से 2 और सासाराम रेलवे स्टेशन से 6 यानी कुल 63 को बाल श्रम के चंगुल से मुक्त कराया गया है। मुक्त कराए गए पीड़ितों में नेपाल के 3, पश्चिम बंगाल के 13, उत्तरप्रदेश के 4, उड़ीसा एवं झारखंड के 1-1 पीड़ित शामिल हैं। एडीजी अमित कुमार जैन ने बताया कि इस वर्ष जनवरी से अब तक सभी जिलों में मानव व्यापार से संबंधित विभिन्न मामलों में छापेमारी की गई। इसमें पुलिस के स्तर से 329 एफआईआर दर्ज की गई है। इसमें 217 नाबालिग लड़कियों, 77 महिलाओं और 722 नाबालिग लड़कों समेत कुल 1016 पीड़ितों को शोषण से मुक्त कराया गया है। इस दौरान 250 मानव तस्करों को गिरफ्तार किया गया जिसमें 197 पुरुष और 53 महिलाएं शामिल हैं। इनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत मामले दर्ज कराकर जेल भेजा गया है।

**सारण को पहला और पटना को दूसरा स्थान मिला**

ऑपरेशन नया सवेरा के अंतर्गत बेहतरीन कार्य करने के लिए सारण जिला को पहला और पटना को दूसरा पुरस्कार मिला है।

# पद्मश्री प्रो. डॉ. बी. के. एस. संजय एम्स गुवाहाटी के अध्यक्ष नामित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** भारत सरकार ने पद्मश्री से सम्मानित प्रसिद्ध अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. बी. के. एस. संजय को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), गुवाहाटी का अध्यक्ष नामित किया है। एम्स संस्थान भारत में उत्कृष्ट चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान एवं रोगी देखभाल के लिए सर्वोच्च संस्थान माने जाते हैं। भोजन, शिक्षा और स्वास्थ्य प्रत्येक व्यक्ति की मूलभूत आवश्यकताएं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने भारत की तृतीयक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को सुदृढ़ करने और इन सेवाओं को बड़े शहरों से बाहर देश के कोने-कोने तक पहुंचाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया। वर्तमान में देशभर में 19 एम्स कार्यरत हैं जिनमें एम्स गुवाहाटी भी सम्मिलित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि ये नए एम्स संस्थान 'विकसित भारत मिशन' के आधार स्तंभ सिद्ध होंगे। एम्स गुवाहाटी की आधारशिला प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 26 मई 2017 को रखी गई थी। इस संस्थान की



स्थापना पूर्वोत्तर भारत में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं, चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान की उपलब्धता में क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने हेतु की गई थी। पूर्वोत्तर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास वर्तमान केंद्र सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने डॉ. भूपेंद्र कुमार सिंह संजय को पूर्वोत्तर राज्यों में उत्कृष्ट रोगी देखभाल, चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान को सशक्त बनाने हेतु अध्यक्ष पद पर नामित किया है।

# हड़ताली सर्वे कर्मियों पर विभाग की सख्ती, 10,775 का लॉगिन ब्लॉक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने हड़ताल पर गये सर्वे कर्मियों पर कड़ा कदम उठाते हुए कुल 10,775 कर्मचारियों का लॉगिन ब्लॉक कर दिया है। इनमें 446 एएसओ, 656 कानूनगो, 8,759 अमीन और 914 लिपिक शामिल हैं। हड़ताली सभी कर्मियों को तत्काल संबद्ध अंचल कार्यालय में सभी सरकारी कागजात जमा करने का निर्देश दिया गया है। राजस्व मुख्यालय से सभी जिलों के अपर समाहर्ता (राजस्व) एवं बंदोबस्त अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर उपरोक्त निर्देश दिये गये। सभी जिलों के अधिकारियों से हड़ताल पर रहने वाले कर्मचारियों की अद्यतन सूची तत्काल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। मंगलवार तक ई मेल के माध्यम से कारण पृच्छा सभी हड़ताली कर्मियों को हस्तगत करा देने की कार्रवाई पूर्ण कर लेने का भी आदेश दिया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिलों से सूची आने के बाद हड़ताल पर न रहने वाले सर्वे कर्मियों का लॉगिन फिर से सक्रिय कर दिया जाएगा जबकि हड़ताल पर डटे कर्मचारियों के खिलाफ सेवा-मुक्ति की कार्रवाई बुधवार से शुरू की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार यह कदम इसलिए उठाया गया है ताकि राजस्व महा-अभियान जैसी जनहितकारी गतिविधियां प्रभावित न हों और रैयतों की समस्याओं का समय पर समाधान सुनिश्चित किया जा सके। राजस्व विभाग के अलावा इस महा अभियान हेतु ग्रामीण विकास विभाग, अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण विभाग तथा पंचायती राज विभाग के कर्मियों का सहयोग भी लिया जा रहा है। साथ ही अपर मुख्य सचिव द्वारा पत्र के माध्यम से शिक्षा विभाग तथा सामाजिक कल्याण विभाग से भी इस कार्य हेतु सहयोग मांगा गया है। शिक्षा विभाग के टोला सेवकों और तालीमी मरकज से सहयोग मांगा गया है ताकि वे वितरण और आवेदन प्रक्रिया में मदद कर सकें। समाज कल्याण विभाग से आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहयोगियों को जमाबंदी पंजी प्रति के वितरण में स्थानीय परिवारों में बेहतर पहचान के कारण शामिल करने का अनुरोध किया गया है। संबंधित अधिकारियों से आंगनबाड़ी सेविकाओं को नियुक्त कर जमाबंदी वितरण दल के साथ जोड़ने और समन्वय करने को कहा गया है। बताते चलें कि राजस्व महा-अभियान की शुरूआत 16 अगस्त से हुई है और 20 सितंबर तक चलने हैं। इस दौरान घर-घर में जमाबंदी पंजी की प्रति और आवेदन प्रपत्र पहुंचाया जाना है। इसी के साथ पंचायत स्तर पर दो शिविर लगाकर रैयतों का आवेदन जमा लेना है। सर्वेकर्मियों की हड़ताल को देखते हुए राजस्व विभाग ने अन्य विभागों के समरूप कर्मियों की सेवा लेने का निर्णय लेते हुए वैकल्पिक कार्ययोजना तैयार कर ली है।

# वार्षिकोत्सव कार्यक्रम नृत्य नाद में शामिल हुई बॉलीवुड अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्रि



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नृत्य संस्थान नृत्यांगन द्वारा स्थानीय प्रेमचंद रंगशाला में आयोजित सोलहवें वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बॉलीवुड अभिनेत्री एवं प्रसिद्ध नृत्यांगना मीनाक्षी शेषाद्रि विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुईं। साथ ही इस मौके पर पटना की मेयर सीता साहू, कर्नल राहुल शर्मा, रत्ना पुरकायस्थ, डॉ. मनीषा सिंह, डॉ. शालिनी सिंह, रवि राज विशिस्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर बच्चों एवं महिलाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं जिसमें शास्त्रीय, लोक एवं आधुनिक नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों और महिलाओं के साथ मंच साझा करते हुए मीनाक्षी शेषाद्रि ने भी अपनी अद्भुत नृत्य-शैली से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में संस्थान की निदेशिका मौसम शर्मा ने मीनाक्षी शेषाद्रि का स्वागत करते हुए कहा कि उनकी उपस्थिति बच्चों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

# राज्य के सभी 38 जिलों के कुल 17,942 ग्रामीण पथों का कायाकल्प शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना (एमएमजीएसयूवाई) के अंतर्गत ग्रामीण पथ सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के लागू किए जाने से न केवल राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों की बुनियादी संरचना को मजबूती मिल रही है, बल्कि इससे गांवों की तस्वीर भी तेजी से बदल रही है। अब यह योजना सिर्फ ग्रामीण सड़कों के संधारण तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, रोजगार के नए अवसर सृजित करने और सामाजिक सशक्तिकरण का एक मजबूत आधार बन चुकी है। अब तक इस योजना के तहत राज्य के सभी 38 जिलों की कुल 17,942 ग्रामीण पथों की जिनकी लंबाई 30,627 किलोमीटर है, के पुनर्निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान मिल चुकी है। इन सड़कों से राज्य के हजारों गांवों को हर मौसम में (बारहमासी) निर्बाध संपर्क, बाजारों तक आसान पहुंच, स्कूलों और अस्पतालों तक आवागमन की सुगम सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उल्लेखनीय है कि बिहार सरकार ने राज्य में मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम लागू कर रखा है। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना का एक महत्वपूर्ण अवयव है जिसे राज्य मंत्रिमंडल द्वारा पिछले साल नवंबर में स्वीकृति मिल चुकी है। इसका उद्देश्य राज्य के ग्रामीण इलाकों में स्थित सड़कों का दीर्घकालिक सुदृढ़ीकरण और प्रभावी रख-रखाव करना है। ग्रामीण कार्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 17,942 स्वीकृत ग्रामीण सड़कों में से 11,985 सड़कें, जिसकी कुल लम्बाई 20,998 किलोमीटर सड़कों का कार्यारम्भ किया जा चुका है। सभी स्वीकृत सड़कों का प्रारंभिक सुधार का कार्य वित्तीय वर्ष 2025-26 में पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही बिहार सरकार ने मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम भी लागू किया है। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसका उद्देश्य राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सड़कों का दीर्घकालिक सुदृढ़ीकरण और प्रभावी रखरखाव करना है। इस कार्यक्रम के तहत पथों का दो बार कालीकरण किया जाएगा। ताकि उनकी सतह की मजबूती और सड़क की पर वाहनों के सुगम परिचालन लगातार बनी रहे। इस योजना का एक और अहम पहलू यह है कि सभी संवेदकों को रूरल रोड रिपेयर वाहन रखने का निर्देश दिया गया है। ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि का प्रतिक्रिया समय के अधीन समाधान किया जा सके और सड़क का उपयोग करने वालों को यात्रा के दौरान कोई असुविधा न हो। राज्य सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि हर वित्तीय वर्ष के बाद पंचवर्षीय अनुरक्षण अवधि से बाहर हुए सड़कों का चयन कर उन्हें फिर से उन्नत किया जाएगा। ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क की गुणवत्ता और स्थायित्व बनी रहे तथा इन्हें टूटने से बचाया जा सके। जिन जिलों की ग्रामीण सड़कों को इस कार्यक्रम में शामिल किया गया है, उसमें सबसे अधिक मधुबनी और मुजफ्फरपुर की ग्रामीण सड़कें शामिल हैं। इन दोनों ही जिलों की 1001-1001 सड़कों के सुदृढ़ीकरण और प्रबंधन का कार्य जारी है जिसकी कुल लम्बाई क्रमशः 17,57.146 और 16,56.49 किलोमीटर है जबकि समस्तीपुर की 926 सड़कों की जिसकी कुल लम्बाई 1422.844 किमी है।

# राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त करने वाली अंजू कुमारी को होटल मौर्या ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** होटल मौर्या, पटना द्वारा एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त करने वाली अंजू कुमारी को होटल मौर्या द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मानित होने पर अंजू कुमारी ने होटल मौर्या परिवार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मेरे सफलता और इस राष्ट्रीय सम्मान के पीछे होटल मौर्या का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस अवसर पर लोगों को सम्बोधित करते हुए होटल मौर्या के जनरल मैनेजर अपूर्व गौड़ ने कहा कि होटल मौर्या को अंजू कुमारी की प्रेरणादायक यात्रा का हिस्सा बनने पर गर्व है। अंजू की यात्रा की शुरूआत होटल मौर्या और ग्रीनपीस द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक दूरदर्शी खाद्य कार्यक्रम से हुई जहां उन्होंने हमारे शेफ़्स के साथ मिलकर स्थानीय सामग्रियों और पारंपरिक पाककला तकनीकों पर प्रकाश डाला। उस क्षण ने स्थिरता और पाककला विरासत पर आधारित एक सार्थक साझेदारी की शुरूआत की।

# अग्रसेन सेवा न्यास के निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 115 लोगों की हुई जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अग्रसेन सेवा न्यास द्वारा शक्तिधाम, बैंक रोड, पटना में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। मौके पर न्यास के अध्यक्ष अमर अग्रवाल ने बताया कि अग्रसेन सेवा न्यास द्वारा प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को यह चिकित्सा शिविर आयोजित होता है। अग्रवाल ने बताया कि इस चिकित्सा शिविर में कुल 115 से अधिक मरीजों ने अपनी जांच करवाई। अग्रवाल ने बताया कि सभी मरीजों को निःशुल्क चाय बिस्कुट



दिया गया। शिविर में डॉ बी के अग्रवाल द्वारा हेपेटाइटिस की जांच की गई। शिविर में इसके अतिरिक्त हेपेटाइटिस बी की जांच के लिए 20 मरीजों का खून लिया गया। मौके पर शिविर में 71 मरीजों के आंखों की जांच प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ शशि मोहनका द्वारा किया गया। इनमें 12 मरीजों का मोतियाबिंद काफी बढ़ा हुआ था।

# एचडीएफसी बैंक ने एएमबी को लेकर दिया स्पष्टीकरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हम यह बताना चाहेंगे कि एचडीएफसी बैंक ग्राहकों की प्रोफाइल के अनुरूप कई प्रकार के बचत खाते उपलब्ध कराता है। प्रत्येक संस्करण में दी जाने वाली मूल्यवर्धित सेवाओं के आधार पर औसत मासिक शेष की अलग-अलग आवश्यकताएं होती हैं। बैंक के अनुसार नियमित बचत खाते के लिए एएमबी 10,000 रुपए और सेविंग्स मैक्स खाते के लिए एएमबी 25,000 रुपए पहले की तरह ही लागू रहेगा। किसी भी प्रकार के खाते के लिए औसत मासिक शेष (एएमबी) आवश्यकता में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। ग्राहक प्रोफाइल के आधार पर सभी प्रकार ग्रामीण, अर्द्ध-शहरी, शहरी और मेट्रो शाखाओं में उपलब्ध हैं। मेट्रो क्षेत्रों में ग्राहकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए बैंक मेट्रो शाखाओं में नए खाते खोलने वाले ग्राहकों को सेविंग मैक्स खाता प्रदान करने को प्राथमिकता देगा।

# इनरह्वील क्लब के इंस्टालेशन में कई सामाजिक कार्यों का लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** इनरह्वील क्लब ऑफ पाटलिपुत्रा का 40वां इंस्टालेशन और डिस्ट्रिक्ट अध्यक्ष के विजिट का आयोजन होटल चाणक्य के उत्सव हॉल में हुआ। इस मौके पर डिस्ट्रिक्ट 325 की अध्यक्ष रश्मि गुप्ता विशेष रूप से शामिल हुईं और क्लब के सामाजिक कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान कई सामाजिक कार्यों का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 9 बजे आशियाना नगर स्थित उड्डयन वोकेशनल सेंटर से हुई जहां चल रही सिलाई क्लास की चेयरमैन ने सराहना




की। इसके बाद पाटलिपुत्रा गोलंबर से नशा मुक्ति रैली निकाली गई। इसमें ऑटो रिक्शा चालकों ने भाग लिया। रैली के जरिए समाज को बीड़ी-सिगरेट और नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। इसी क्रम में एएन कॉलेज में क्रैडल केयर (शिशु देखभाल केंद्र) का शुभारंभ किया गया। साईं मंदिर में वाटर कूलर का उद्घाटन करते हुए अध्यक्ष रश्मि गुप्ता भावुक हो गईं और क्लब की प्रेसिडेंट व सदस्यों को इस नेक कार्य के लिए बधाई दी।

# लोकतंत्र को सशक्त बनाने में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी अत्यंत आवश्यक : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** 18 अगस्त 2025 को स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने हेतु मतदाता जागरुकता रथ को समाहरणालय परिसर से जिलाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि नवादा जिलान्तर्गत पांच अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों के लिए पांच प्रचार वाहनों को रवाना किया गया है। इन सभी वाहनों में सेट इवीएम एवं एलइडी स्क्रीन की व्यवस्था की गई है, जिसके माध्यम से आमजन को मतदान प्रक्रिया से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। अतः सभी पात्र मतदाता आगामी चुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान करें तथा दूसरों को भी मतदान हेतु प्रेरित करें। मतदाता जागरुकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों में भ्रमण कर लोगों को मतदान प्रक्रिया, मतदाता सूची में नाम जोड़ने तथा चुनाव में भागीदारी के महत्व की जानकारी उपलब्ध कराएगा। यह कार्यक्रम 18 अगस्त 2025 से 06 सितम्बर 2025 तक जिले के सभी बूथों पर संचालित किया जाएगा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी, अपर समाहर्ता अनिल कुमार तिवारी, प्रभारी जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी अमरनाथ कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी महेश कुमार पासवान, अवर निर्वाचन पदाधिकारी मो0 अबु परवेज हैदर हैदरी, आईकॉन राहुल वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## 32 फरार अपराधी गिरफ्तार : एसपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 17 अगस्त 2025 को जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियों की गयी। एक अवैध खनन में, तीन आर्म्स एक्ट में, मद्य निषेध में नौ एवं अन्य गिरफ्तारियां 19 कुल 32 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अंतर्गत 348.8 लीटर देशी शराब बरामद किया गया। वाहन जांच के क्रम में कुल 360 वाहनों की जांच की गयी है एवं जुर्माने की कुल राशि 13 हजार रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत एक ट्रैक्टर, चार मोटरसाइकिल, एक साइकिल, एक लोटा, एक कमंडल, दो तसला, एक चुलाई मशीन, एक पिस्टल एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रूर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है।

# हथियार सहित तीन युवक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रजौली (नवादा)।** रजौली पुलिस ने रविवार की शाम गुप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए युवकों में दो नाबालिग और एक बालिग शामिल है। इनके पास से एक ऑटोमेटिक पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस का कहना है कि तीनों किसी गंभीर वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। थानाध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने गोपाल नगर मोहल्ले में घेराबंदी कर आरोपितों को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान उन्होंने हथियार छिपाने की जानकारी दी, जिसके आधार पर छापेमारी कर हथियार बरामद किया गया। गिरफ्तार बालिग युवक की पहचान गगटा गांव निवासी लक्ष्मी प्रसाद के पुत्र कौशल कुमार के रूप में हुई है। वहीं दोनों नाबालिग सिरदला थाना क्षेत्र के रहने वाले बताए जाते हैं। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि रजौली स्टैंड के पास एक युवक हथियार के साथ देखा गया है। उसी आधार पर तुरंत कार्रवाई की गई और तीनों को गिरफ्तार किया गया। बरामद हथियार को जब्त कर आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। सोमवार को स्वास्थ्य जांच के बाद तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस तत्परता की सराहना की और कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं होती तो कोई बड़ी अप्रिय घटना घट सकती थी। पुलिस की मुस्तैदी से क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनी रही।

## निकाली गई मतदाता जागरुकता रथ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज,नवादा।** प्रखंड कार्यालय नारदीगंज परिसर से सोमवार को मतदाता जागरुकता रथ निकाली गई। बीडीओ सोनिया ढनढनिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की। यह जागरूकता रथ नारदीगंज प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के टोला व गांव में जाएगी और मतदाताओं को वोट की महत्ता के प्रति जागरूक करेगी। इस प्रखंड में 11 पंचायत है। मौके पर पीओ नीतीश कुमार,श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी राम सागर पाल, बीइओ दीपक सक्सेना, प्रधान लिपिक दीपक कुमार, नाजिर संटू कुमार, मास्टर टेनर सह बीएलओ अवधेश कुमार समेत अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, बीएलओ शामिल हुए।

# सभी वर्गों का नीतीश सरकार में हुआ न्याय के साथ विकास : श्रवण कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के बेन प्रखंड में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने सोमवार को विभिन्न सड़कों के मरम्मत एवं निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। इनमें 29 लाख की राशि से स्वीकृत एल ओ 48 से रामा बिगहा सड़क निर्माण, 4 करोड़ 21 लाख की राशि से स्वीकृत नालंदा बेन पैमार नदी ब्रिज से उसरीपर भाया माहेपुर सड़क निर्माण, 2 करोड़ 84 लाख की राशि से स्वीकृत नालंदा बेन सौरे से मरसुआ भाया इनायतपुर सड़क निर्माण तथा 14 लाख की राशि से स्वीकृत एल ओ 28 परवलपुर नालंदा रोड से पदुम बिगहा सड़क निर्माण कार्य शामिल है। इस मौके पर श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार में अब सड़कों का जाल बिछ चुका है और हर गांव पक्की सड़क से जुड़ चुका है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार के विकास के प्रति हमेशा संकल्पित रहे हैं। आज बिहारी कहलाना सम्मान और गौरव की बात है। राज्य में नौकरियों और रोजगार की भरमार है, युवाओं के सपने अब साकार होंगे और आर्थिक तंगी रुकावट नहीं बनेगी। उन्होंने कहा कि अब बिहार का कोई भी युवा सिर्फ 100 रुपए में सरकारी नौकरी की प्रारंभिक परीक्षा दे सकेगा जबकि मुख्य परीक्षा निशुल्क होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने युवाओं को केवल आश्वासन नहीं, बल्कि लाखों हाथों में रोजगार और नौकरी सौंपी है। उन्होंने बताया कि 'सात निश्चय' योजना (भाग-1) के तहत शौचालय निर्माण ने घर-घर स्वच्छता का संदेश दिया, महिलाओं की गरिमा और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की तथा समाज की सोच को बदला। राज्य की बेटियां अब सुरक्षित हैं और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर लगातार मिल रहे हैं। नीतीश कुमार ने बेटियों को सशक्त बनाया है। साथ ही सरकार ने यह व्यवस्था भी की है कि राज्य से बाहर रहने वाले बिहारी पर्व-त्योहार पर घर लौटने के लिए अब चिंता मुक्त रहें, क्योंकि राज्य सरकार की बसें उन्हें अन्य राज्यों से लाकर घर पहुंचाएंगी। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष अरविन्द पटेल, टुनटुन सिंह, जीतेन्द्र सिंह, कुमुद कुमार, धर्मेंद्र प्रसाद, राजा मुखिया, उत्तम पटेल, अजीत सिंह, जीतू मुखिया, शम्भू पासवान, नागमणि प्रसाद, बहावुद्दीन, रामेश्वर केवट, भागेरण पाल, दीपक दास, धुरी मांझी, शैलेन्द्र पाल, कलीम साहब, सीताराम केवट, धनंजय कुमार केवट, नरेश केवट, जीतू कुशवाहा, संतोष मुखिया, नीरज पटेल, गौतम पटेल, सोहित पटेल, गौरी पटेल, गोल्डेन कुमार, सुकांत कुमार, शम्भू कुमार, श्रवण कुमार, शैलेन्द्र प्रसाद, शैलेन्द्र पाल, अशोक प्रसाद, उपेन्द्र प्रसाद, संतोष कुमार, धर्मेंद्र कुमार, अशोक प्रसाद, ललन रविदास, लक्ष्मण प्रसाद सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार स्व. शकुंतला देवी के श्राद्धकर्म में हुए शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को नालंदा जिले के तेलमर थाना अंतर्गत नूरनगर गांव पहुंचे, जहां उन्होंने पाकड़ के पैक्स अध्यक्ष श्रीराम नारायण प्रसाद की धर्मपत्नी स्व. शकुंतला देवी के श्राद्धकर्म में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने स्व. शकुंतला देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिजनों से भेंट कर उन्हें ढांढ़स बंधाया। श्राद्धकर्म के अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, विधायक जीतेन्द्र कुमार, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, स्व. शकुंतला देवी के परिजन, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव आज नवादा में

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** बिहार में बड़े पैमाने पर मतदाताओं का नाम हटाए जाने के खिलाफ विपक्ष द्वारा चलाए जा रहे अभियान के दौरान मंगलवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी एवं राष्ट्रीय जनता दल के नेता प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव मंगलवार को नवादा में एक साथ शामिल होंगे। गया में समारोह के उपरांत तूंगी में वे नवादा जिले की सीमा में प्रवेश करेंगे, जहां से कांग्रेस व राजद कार्यकर्ताओं का द्वारा बड़े पैमाने पर स्वागत किया जाएगा। तुंगी से चलकर हिसुआ, फिर नवादा सद्भावना चौक से होते हुए मेन रोड होकर भगत सिंह चौक के समीप कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। वह एक खुली वाहन में चलकर आएंगे। इसके लिए प्रशासन के द्वारा सुरक्षा का इंतजाम किया गया है। सड़कों पर बैरिकेडिंग लगाई गई है। नेताओं द्वारा जगह-जगह तोरण द्वार बनाए गए हैं। भगत सिंह चौक से चलकर यह करवा धीरे-धीरे आईटीआई मैदान पहुंचेगी। जहां कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव स्थानीय नेताओं के साथ भोजन करेंगे और चुनावी चर्चा करेंगे। इसके उपरांत वहां से वे खर्राट मोड होते हुए बरबीघा के लिए प्रस्थान कर जाएंगे। नवादा में राहुल गांधी की पहली यात्रा होने पर कांग्रेसियों में काफी उत्साह देखी जा रही है। इससे पहले वे 2020 में हिसुआ में विधायक प्रत्याशी नीतू कुमारी के समर्थन में चुनाव प्रचार करने आए थे।

# नवादा विधानसभा चुनाव को लेकर हलचल तेज, डॉ. अनुज सिंह समर्थकों की 370 बूथ कमेटी की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर नवादा में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। शिक्षाविद एवं समाजसेवी डॉ. अनुज सिंह ने चुनाव लड़ने का ऐलान करते हुए रविवार को अपनी ताक़त का प्रदर्शन किया। इसके तहत कुंती नगर स्थित खेल मैदान में नवादा विधानसभा क्षेत्र के 370 बूथ कमेटियों की विशाल बैठक आयोजित की गई। बैठक में नारदीगंज और नवादा प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधियों के साथ ही नगर परिषद के सभी वार्ड कमेटी सदस्य मौजूद रहे। अनुमानित चार से पाँच हजार महिला एवं पुरुष कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। बैठक की अध्यक्षता स्वयं डॉ. अनुज सिंह ने की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह सभा जनता की भावनाओं का प्रतीक है। क्षेत्र में पिछले 30-40 वर्षों से विकास कार्य ठप पड़े हैं, जिन्हें बदलने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि पार्टी से बड़ी चीज जनता का समर्थन है। असली जीत जनता के हाथों में होती है। सभी जाति-धर्म के लोग एक साथ आए हैं, हमें इसे और मजबूत कर नवादा विधानसभा को एक नई दिशा देनी है। डॉ. सिंह ने शिक्षा को अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि जिस तरह उन्होंने जिले में प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा की व्यवस्था को सुदृढ़ करने की पहल की है, उसी तरह राजनीतिक स्तर पर भी नवादा को मजबूत करेंगे। उन्होंने घोषणा की कि आगामी 14 सितंबर को एक विशाल जनसभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। बैठक में विभिन्न पंचायत प्रतिनिधियों और प्रबुद्ध नागरिकों ने भी अपने विचार रखे। मॉडर्न शैक्षणिक समूह के सचिव डॉ. शैलेश कुमार ने कहा कि कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर चुनावी मैदान में उतरना होगा। बस्ती बीघा के महेश कुशवाहा ने कहा कि इस बार जनता जाति और धर्म से ऊपर उठकर विकास के नाम पर मतदान करेगी। अधिवक्ता अनमोल कुमारी ने महिलाओं से अधिकाधिक संख्या में मतदान कर परिवर्तन लाने की अपील की। जमुआमा पंचायत के सरपंच देवराज पासवान ने कहा कि डॉ. अनुज सिंह सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाले नेता हैं। पूर्व मुखिया रंजीत चौहान ने उन्हें पहली बार ऐसा उम्मीदवार बताया जो जनता की समस्याओं को घर-घर जाकर सुन रहे हैं। अल्पसंख्यक समुदाय की ओर से डॉ. अनीश खान और मास्टर सफीर खान ने अनुज सिंह को गरीबों का मसीहा बताते हुए भारी मतों से जीत दिलाने का संकल्प जताया।

# मंडल कारा नवादा में प्ली बार्गेनिंग पर विधिक जागरुकता कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर आशुतोष कुमार झा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा एवं धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के मार्गदर्शन में मंडल कारा, नवादा में प्ली बार्गेनिंग पर विधिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मो0 साजिद अयुब ख़ान, डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल नवादा ने बताया कि प्ली बार्गेनिंग एक ऐसी कानूनी प्रक्रिया है, जिसमें आरोपित व्यक्ति मुकदमे की पूरी कार्यवाही से बचने के लिए अपराध स्वीकार कर लेता है और बदले में उसे सजा में रियायत या कम सजा दी जाती है। भारत में यह प्रावधान दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 265-इ से 265-एल में दिया गया है। यह केवल उन मामलों में लागू होता है, जहां अपराध की सजा सात वर्ष से कम हो और अपराध गंभीर न हो। जेल में प्ली बार्गेनिंग का उद्देश्य मुकदमों का शीघ्र निपटारा करना और कैदियों को सुधार का अवसर देना है। इसमें न्यायालय, अभियोजन पक्ष और पीड़ित-तीनों की सहमति आवश्यक होती है। इस मौके पर जेल प्रशासन सहित कर्मचारीगण एवं मो0 साजिद अयुब ख़ान, डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम नवादा एवं पारा विधिक स्वयंसेवक मनीष कुमार सिन्हा उपस्थित थे।

# समाज के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षित होना जरूरी: वीरेंद्र सिंह दांगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रजौली।** बिहार राज्य नागरिक परिषद के नव मनोनीत प्रदेश महासचिव वीरेंद्र सिंह दांगी का अभिनंदन एवं स्वागत समारोह अखिल भारतीय दांगी क्षत्रिय संघ नवादा की ओर से रजौली प्रखंड के शिवपुर में किया गया। अभिनंदन एवं स्वागत समारोह से पहले नव मनोनीत प्रदेश महासचिव, प्रदेश अध्यक्ष, जिला महासचिव, कोषाध्यक्ष एवं जिला महामंत्री ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अभिनंदन एवं स्वागत समारोह की अध्यक्षता दांगी कमल किशोर बिंदु ने किया। अखिल भारतीय दांगी क्षत्रिय संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राम लखन सिंह दांगी, महासचिव विनेश सिंह दांगी, कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार दांगी, दिनेश सिंह समेत कई लोग अभिनंदन एवं स्वागत समारोह में पहुंचे। नागरिक परिषद के प्रदेश महासचिव वीरेंद्र सिंह दांगी ने कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षित होना जरूरी है। समाज के लोग अपने बच्चों को उच्च शिक्षा देने का प्रयास करें। उन्होंने शहीद जगदेव बाबू के बताए गए मार्ग पर चलने का समाज के लोगों को संकल्प दिलाया। सभी लोगों ने एक-एक कर बारी-बारी से लोगों को संबोधित किया। उन्होंने नीतीश सरकार के प्रति अपनी आस्था को रखा। अभिनंदन समारोह आयोजित करने के लिए उन्होंने लोगों को धन्यवाद दिया। मंच संचालन समाजसेवी संजय वर्मा ने किया। मौके पर जिला महामंत्री अनिल प्रसाद दांगी, डॉ बिंदेश्वर प्रसाद दांगी, पंचायत समिति सदस्य मनोज वर्मा, नवीन दांगी, दिवाकर दांगी, राकेश बिहारी, डॉ उमेश कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# जहानाबाद में चलंत प्रदर्शन वाहन को जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**जहानाबाद।** लोकतंत्र को और अधिक मजबूत व सहभागी बनाने की दिशा में जहानाबाद में सोमवार को एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय ने समाहरणालय परिसर से पांच विशेष रूप से तैयार मोबाइल प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वाहन जिले के सभी तीन विधानसभा क्षेत्रों -216 जहानाबाद, 217 घोसी और 218 मखदुमपुर में भ्रमण करेंगे।इस पहल का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं वोटर वेरीफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वी.वी.पैट) की कार्यप्रणाली से अवगत कराना है। इन वाहनों के जरिए मतदाता न केवल मशीनों को देख और समझ सकेंगे, बल्कि उन्हें इसका व्यावहारिक प्रशिक्षण भी मिलेगा।

**मतदाता जागरुकता : पारदर्शिता और विश्वास की दिशा में कदम**

जिलाधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती तभी संभव है जब हर मतदाता निडर होकर मतदान करे और मतदान प्रक्रिया की तकनीक पर भरोसा करे। उन्होंने कहा कि इवीएम और वीवीपैट पूरी तरह से सुरक्षित प्रणाली है। जब लोग स्वयं इसका प्रयोग करके देखेंगे तो उनकी शंका दूर होगी और मतदान के दिन वे आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। प्रत्येक वाहन के साथ प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर की नियुक्ति की गई है। दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई है ताकि विधि-व्यवस्था बनी रहे। वाहनों को बैनर, पोस्टर से सजाया गया है। अभियान की पहुंच शहरी वार्डों से लेकर सुदूर ग्रामीण पंचायतों तक होगी।

**स्थायी प्रशिक्षण केंद्र भी उपलब्ध**

मोबाइल वाहनों के अलावा अनुमंडल कार्यालय परिसर में एक स्थायी ईवीएम डेमोन्स्ट्रेशन सेंटर भी कार्यरत है। यहां कोई भी नागरिक कार्यालय समय में निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकता है और मतदान प्रक्रिया का अभ्यास कर सकता है।

**सतत निगरानी और नियंत्रण।**

विधानसभा स्तर पर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी गतिविधियों की निगरानी करेंगे। प्रखंड स्तर पर सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी निगरानी करेंगे।जिला स्तर पर समन्वय व रिपोर्टिंग की व्यवस्था निर्वाचन कार्यालय, समाहरणालय से की जाएगी।

**मतदाताओं की भागीदारी पर जोर**

जिलाधिकारी ने कहा कि हमारा प्रयास है कि जहानाबाद जिले में आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत ऐतिहासिक रूप से ऊंचा हो। इसके लिए ज़रूरी है कि हर मतदाता मतदान केंद्र तक पहुँचे और तकनीकी समझ के साथ अपने अधिकार का प्रयोग करें।यह व्यापक अभियान जिले में मतदान प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, सुरक्षित एवं सहभागितापूर्ण बनाएगा। निश्चित ही इससे मतदाताओं का विश्वास बढ़ेगा और लोकतंत्र की जड़ें और गहरी होंगी। इस आयोजन में अपर समाहर्ता अनिल कुमार सिन्हा, उप निर्वाचन पदाधिकारी पूनम कुमारी, अवर निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार, नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# हीरो एशिया कप 2025 की तैयारियों को लेकर राजगीर में समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक -सह - मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवींद्रण शंकरण, डीएम कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में हीरो एशिया कप 2025 के सफल आयोजन हेतु संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई ।

विदित हो कि बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के तत्वाधान में राजकीय खेल अकादमी- सह- खेल परिसर, राजगीर में हीरो एशिया कप 2025 का आयोजन दिनांक 29 अगस्त से 7 सितम्बर 2025 तक निर्धारित है , इस प्रतियोगिता में कुल आठ देशों यथा भारत, चीन, जापान, चीन ताइपे, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, ओमान एवं बांग्लादेश की टीमें भाग ले रहीं हैं। बैठक में निर्देश देते हुए कहा गया कि हीरो एशिया कप 2025 के अवसर पर नियंत्रण कक्ष, साफ सफाई, आवासन, खानपान व्यवस्था ,परिवहन, यातायात व्यवस्था, विधि व्यवस्था , प्रचार प्रसार, पेयजल, शौचालय, पार्किंग, लाइटिंग, दर्शकों की बैठने की व्यवस्था, यातायात रूट प्लानिंग आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। यह प्रतिष्ठित पुरुष हॉकी टूर्नामेंट का 12वां संस्करण बिहार में पहली बार 29 अगस्त से 7 सितंबर 2025 तक राजगीर खेल परिसर के अत्याधुनिक अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित होगा। बिहार में हीरो एशिया कप- 2025 का आयोजन हम सभी के लिए गौरव की बात है। यह न केवल राज्य की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल आयोजन की क्षमता को प्रदर्शित करेगा बल्कि पर्यटन, कला और संस्कृति के क्षेत्र में भी बिहार की वैश्विक छवि को और सुदृढ़ करेगा। बिहार में पहली बार आयोजित हीरो एशिया कप 2025 टूर्नामेंट में भारत, चीन, जापान, चीनी ताइपे, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, ओमान और बांग्लादेश की टीमें हिस्सा लेंगी।

# वोटर अधिकार यात्रा में शामिल होंगे सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** वोट चोरी के खिलाफ लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मंगलवार को नवादा पहुंच रहे हैं। वोटर अधिकार यात्रा में शामिल होने के लिए रजौली प्रखंड कांग्रेस कमेटी पूरे जोर-शोर से तैयारी में लगी है। प्रखंड अध्यक्ष राम रतन गिरी, भावी प्रत्याशी मोहन चौधरी, आरटीआई जिलाध्यक्ष कुंदन दीप, महासचिव रियाजुद्दीन यू, मनौव्वर अंसारी समेत दर्जनों कार्यकर्ताओं ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, मल्लिका अर्जुन खड़गे, बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आगमन की तैयारी को लेकर कांग्रेस के कार्यकर्ता पूरी तैयारी में लगे हैं। मंगलवार की सुबह रजौली से कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता मंझवे गांव पहुंचेंगे और वोट चोरी के खिलाफ वोटर अधिकार यात्रा में शामिल होकर राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के यात्रा को सफल बनाएंगे।

# लोकतंत्र की चोरी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं : राहुल गांधी

## गयाजी में राहुल गांधी ने निर्वाचन आयोग पर साधा निशाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** मतदाता अधिकार यात्रा के तहत सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी गया पहुंचे। जिले के विभिन्न इलाकों में कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। औरंगाबाद से होते हुए वे डबुर गांव पहुंचे जहां उन्होंने सभा को संबोधित किया। इसके बाद अहियापुर, पंचानपुर, केवाली, कुजापी और नेपा सहित कई स्थानों पर जनसमूह ने उनका अभिनंदन किया। देर शाम वे गया शहर के गेवाल बिगहा स्थित खालिस पार्क पहुंचे और विशाल जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में



राहुल गांधी ने निर्वाचन आयोग पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार नए पैकेज की घोषणाएं करते हैं, उसी तर्ज पर बिहार में निर्वाचन आयोग एसआईआर नामक नया पैकेज लेकर आया है। राहुल गांधी ने कहा–एसआईआर का मतलब है नए तरीके से चोरी करना। महाराष्ट्र, हरियाणा और मणिपुर के चुनाव में भी हमने देखा कि वोटरों का नाम काटकर किस तरह खेल किया गया और सरकार बनाई गई। अब वही खेल बिहार में दोहराने की तैयारी हो रही है, लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे। उन्होंने साफ कहा कि मतदाता अधिकार यात्रा का मकसद जनता को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और संविधान की रक्षा करना है। राहुल ने निर्वाचन आयोग को खुले मंच से चेतावनी देते हुए कहा–जो भी गलत करेगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। लोकतंत्र की चोरी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगी। सभा के दौरान राहुल गांधी ने पर्वत पुरुष दशरथ मांझी के पुत्र भागीरथ मांझी को नए मकान की चाभी उपहारस्वरूप दी। उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से इस क्षण का स्वागत किया। गौरतलब है कि हाल ही में राहुल गांधी ने गया के गहलोर गांव में दशरथ मांझी के परिवार के लिए नया घर बनवाया था। देर रात राहुल गांधी ने गया शहर के रसलपुर गांव के पास विश्राम किया। मंगलवार को वे वजीरगंज प्रखंड होते हुए नवादा के लिए रवाना होंगे। इस यात्रा में उनके साथ राजद नेता तेजस्वी यादव, पूर्णिया सांसद पप्पू यादव, भाकपा माले महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी सहित कई सांसद और विधायक मौजूद रहे।

# एसआईआर के खिलाफ रविवार से शुरू हुई वोटर अधिकार यात्रा टिकारी पहुंची

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** एसआईआर के खिलाफ विगत रविवार से शुरू हुई वोटर अधिकार यात्रा सोमवार को टिकारी पहुंचा। गुरारू के डबुर में सभा के उपरांत अहियापुर के रास्ते यात्रा पंचानपुर पहुंचा जहां महागठबंधन के सभी दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, विधानसभा नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का जोरदार स्वागत किया। महागठबंधन के घटक दल कांग्रेस, राजद, भाकपा माले, वीआईपी के नेताओं ने अहियापुर मोड़ से लेकर सीयूएसबी तक जगह-जगह जोरदार स्वागत किया। राजद नेता विनोद यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जेसीबी



से फूल बरसा नेता का स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने वोट चोर, गद्दी छोड़ के जमकर नारे लगाये। यात्रा के दौरान नेता के स्वागत को लेकर दोपहर से ही नृत्य संगीत के माध्यम से भीड़ जुटाने में लगे थे। यात्रा के दौरान राहुल गांधी व तेजस्वी यादव ने लोगो का अभिवादन किया वहीं कार्यकर्ता अपने मनपसंद उम्मीदवार का पोस्टर बैनर लहरा अपना समर्थन भी जताया रहे थे। यात्रा को लेकर प्रशासनिक अधिकारी व पुलिसकर्मी जगह-जगह मुस्तैद थे।

# वोटर अधिकार यात्रा से कांग्रेस को बड़ी उम्मीद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के राजनीतिक रूप से अत्यंत सक्रिय प्रदेश ने सासाराम से शुरू हुई 16-दिवसीय मतदाता अधिकार यात्रा का साक्षात्कार किया। इस यात्रा ने पूरे भारत में हलचल मचा दी है। मुख्यधारा की मीडिया पर इस यात्रा को नजरअंदाज करने का जो दबाव था, उसी उपेक्षा ने यात्रियों को और भी अधिक ऊर्जा प्रदान की है। 1,300 किलोमीटर की दूरी और 20 से अधिक जिलों को पार करती हुई यह यात्रा 1 सितंबर को पटना में एक विशाल रैली के साथ समाप्त होगी जिसमें इंडिया गठबंधन के तमाम नेता एकजुट होंगे। अपनी यात्रा का विवरण एक्स पर साझा करते हुए राहुल गांधी ने लिखा है कि 16 दिन। 20 से अधिक जिले। 1,300 किलोमीटर से अधिक। मतदाता अधिकार यात्रा के साथ हम एक बार फिर जनता के बीच आ रहे हैं। यह सबसे बुनियादी लोकतांत्रिक अधिकार–ह्यएक व्यक्ति, एक वोट – की रक्षा की लड़ाई है। संविधान बचाने के लिए बिहार में हमारे साथ जुड़िए। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने संवाददाताओं से कहा कि जब-जब राहुल गांधी इस प्रकार की यात्रा पर निकले हैं, लोकतंत्र का एक नया अध्याय शुरू हुआ है। यह यात्रा ऐतिहासिक होगी–हमारे अस्तित्व की सामूहिक लड़ाई में एक निर्णायक क्षण। उन्होंने आगे बताया कि तेजस्वी यादव के साथ-साथ इंडिया गठबंधन के अन्य सहयोगी भी इस यात्रा में शामिल होंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने इस यात्रा की तुलना भारत जोड़ो यात्रा से की। उन्होंने कहा कि सासाराम और औरंगाबाद में दिखा अपार जनसमर्थन असाधारण था। उन्होंने कहा कि यह अब स्पष्ट हो चुका है कि यह कोई साधारण रथ-यात्रा नहीं है जिस प्रकार भारत जोड़ो यात्रा की तरह बिहार की यह यात्रा गरीब तबकों के वोट के अधिकार की रक्षा के लिए समर्पित है– और इसमें हम अवश्य सफल होंगे।

सहाय ने कहा कि यह यात्रा भाषा, स्थिति और संकीर्ण पहचानों की सीमाओं से परे जाकर सीधे जनता के जीवन-संघर्षों से जुड़ रही है। यह यात्रा केवल राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि एक परिवर्तनकारी प्रक्रिया है। यात्री अब केवल दर्शक नहीं रहे, बल्कि जनता के सुख-दुःख के सहयात्री और सहभागी बन चुके हैं। जब यह यात्रा पटना पहुंचेगी, तब तक यह भारत के संघर्षों, जीवटता और आकांक्षाओं की अनुपम समझ अपने साथ संजो चुकी होगी। कांग्रेस से वैचारिक धरातल से जुड़े लोगों का मानना है कि यह यात्रा सुनियोजित ढंग से उदारवादियों और मध्यमार्गियों के बीच एक सेतु बना रही है। यह उस तर्क को चुनौती देती है कि भारत की समस्याओं का कारण अत्यधिक लोकतंत्र है –एक ऐसा तर्क, जिसे सत्ता-प्रेमी तथाकथित विशेषज्ञ और प्रभावशाली अभिजन आगे बढ़ाते हैं। इसके विपरीत, यह यात्रा गांधीवादी संवाद, साहस और करुणा का आह्वान करती है। इस यात्रा का नेतृत्व ऐसी परिकल्पना पेश करने की कोशिश कर रहा जहां गरीबों को सबसे अधिक महत्व मिले जहां आस्था, भोजन, रोजगार और जीवन-साथी का चुनाव स्वतंत्र हो और जहां लोकतंत्र का अर्थ सबकी समान भागीदारी हो। वे इस संघर्ष को कुछ लोगों का लोकतंत्र और सबका लोकतंत्र के बीच की लड़ाई के रूप में प्रस्तुत करते हैं। शायद उन्हें उस छोटे-से दल से प्रेरणा मिली है जिसने नमक कानून को चुनौती दी थी। एक तबके के अनुसार यह यात्रा भी वैसा ही परिवर्तनकारी संदेश लेकर आई है। इसमें फीनिक्स जैसी ऊर्जा और पुनर्जन्म की आस्था है–जो राख से उठकर नया जीवन पाता है। सबसे बढ़कर, राहुल गांधी की यह यात्रा अभय–निर्भयता–का साकार रूप है। गांधी परंपरा की तरह यह भी विचारों के विकास को पोषित करती है। यह यात्रा बिहार कांग्रेस के लिए एक फीनिक्स क्षण है– सच्चे अर्थों में पुनर्जन्म। जनसमर्थन की लहर स्पष्ट है।

# श्री आदर्श लीला समिति के फिर से अध्यक्ष चुने गए कुमार गौरव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** गयाजी में श्री आदर्श लीला समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता समिति के वरिष्ठ सदस्य प्रमोद भदानी ने की। बैठक में सर्वसम्मति से कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा को समिति का नया अध्यक्ष चुना गया। नव-निर्वाचित अध्यक्ष श्री गौरव ने समिति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे श्री आदर्श लीला समिति की परंपराओं को आगे बढ़ाने और रामलीला सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों को और भव्य रूप देने के लिए कटिबद्ध हैं। उन्होंने यह भी कहा कि समाज के युवाओं को जोड़ते हुए समिति को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना लक्ष्य रहेगा।

इस अवसर पर समिति के अन्य सदस्यों, गणमान्य नागरिकों तथा कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने श्री गौरव को



शुभकामनाएं दीं। बैठक में संगठन के विस्तार, सुदृढ़ीकरण तथा समाजहित में समिति की सक्रिय भूमिका पर विस्तृत चर्चा की गई। विचार-विमर्श के उपरांत सर्वसम्मति से समिति के पदाधिकारियों का चयन किया गया जिसमें संतोष कुमार सिंह को संयोजक, कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा को समिति का अध्यक्ष, संदीप कुमार सिन्हा उर्फ गोपाल जी को महासचिव, अनिल कुमार बर्णवाल को कोषाध्यक्ष, राज कुमार वैद को उपाध्यक्ष, रवि कुमार को स्वागताध्यक्ष, विजय कुमार को प्रेस प्रभारी, छोटे लाल चतुर्वेदी को निर्देशक तथा अनिल कुमार प्रीतम को सहायक निर्देशक सर्वसम्मति से चुना गया। साथ ही बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि समिति द्वारा वर्ष 2025 में भी दुर्गापूजा के पावन अवसर पर आजाद पार्क के प्रांगण में स्थानीय कलाकारों के माध्यम से भव्य रामलीला मंचन का आयोजन किया जाएगा।

बैठक में बीरेंद्र रॉय,राज बौद्ध,रवि केशरी ,विजय कुमार,प्रमोद भदानी, प्रहलाद कुमार,संतोष कुमार, ज्ञान कुमार, महेश केशरी, सुनील कुमार मोहित सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थिति थे।

# भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा को मिली जान से मारने की धमकी, सुरक्षा की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी डॉ. मनीष पंकज मिश्रा को अज्ञात नंबर से फोन कर अशोभनीय भाषा का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई है। यह घटना 17 अगस्त 2025 को लगभग 3:45 बजे घटित हुई। डॉ. मिश्रा ने कॉल रिसीव करने पर पाया कि कॉल करने वाला व्यक्ति लगातार अपमानजनक गालियां दे रहा था और उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दे रहा था। इस संदर्भ में डॉ. मिश्रा ने तत्काल ही घटना की सूचना संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को दी और लिखित शिकायत थानाध्यक्ष रामपुर को सौंपी। रामपुर थाना पुलिस ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकी दर्ज कर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके साथ ही उन्होंने सुरक्षा की आवश्यकता को देखते हुए सिविल लाइन थाना अध्यक्ष एवं विष्णुपद थाना अध्यक्ष को भी लिखित आवेदन सौंपा है। डॉ. मिश्रा ने बताया कि वह भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता होने के साथ-साथ एक सक्रिय समाजसेवी भी हैं। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वह गांव-गांव एवं मोहल्लों में जाकर लोगों को आमंत्रण पत्र वितरित कर रहे हैं।

# मतदाताओं की सूची प्रखण्ड कार्यालय सहित प्रखण्ड क्षेत्र के सभी मतदान केंद्र पर प्रदर्शित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के उपरान्त मतदाता सूची से विलोपित किये गये मतदाताओं की सूची सोमवार को प्रखण्ड कार्यालय सहित प्रखण्ड क्षेत्र के सभी मतदान केंद्र पर चस्पा की गई। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी योगेंद्र पासवान ने जानकारी दिए कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित अंतरिम न्यायादेश के आलोक में वैसे मतदाता जिनका नाम विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के उपरान्त विलोपित किया गया उन सभी का मतदान केंद्र अनुसार व विलोपन का



कारण बताते हुए सूची तैयार की गई है। तैयार की गई सूची को प्रखण्ड कार्यालय, पंचायत कार्यालय, नगर कार्यालय व मतदान केंद्रों पर चस्पा किया गया है। बीडीओ श्री पासवान द्वारा स्वयं उपस्थित होकर आम नागरिकों व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष सूची चस्पा किया। जानकारी हो कि टिकारी विधानसभा क्षेत्र के टिकारी प्रखण्ड में कुल 238 मतदान केंद्र पर कुल 1 लाख 83 हजार 109 मतदाता थे जिनमें से 16472 मतदाता का नाम विलोपित किया गया। मतदाताओं का नाम मृत, स्थायी रूप से स्थान्तरित, अनुपस्थित व दोहरी प्रविष्टि के कारण विलोपित किया गया है।

# बसपा नेता राघवेन्द्र नारायण यादव ने गुरुआ विधायक को दी नसीहत, कार्यकर्ताओं पर रखें संयम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरुआ।** गुरुआ विधानसभा के बसपा नेता राघवेन्द्र नारायण यादव ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गुरुआ विधानसभा क्षेत्र के राजद विधायक विनय यादव को कड़ी नसीहत दी। उन्होंने कहा कि जनता के सवालों से डरने के बजाय जवाब देना चाहिए और अपने कार्यकर्ताओं व सहयोगियों को संयमित व्यवहार के लिए प्रेरित करना चाहिए। यह प्रतिक्रिया उस घटना के बाद सामने आई है जिसमें गुरुआ विधानसभा क्षेत्र के बगाही पंचायत अंतर्गत पाठकबीघा गांव में ग्रामीणों ने सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया था। नाराज ग्रामीणों ने विधायक का पुतला दहन किया और मुदार्बाद के नारे लगाए। यह प्रदर्शन उस समय हुआ जब




विधायक पंचायत भवन के उद्घाटन के लिए पहुंचने वाले थे थे, लेकिन प्रदर्शन की तीव्रता को देखते हुए उन्हें कार्यक्रम अधूरा छोड़कर आधे रास्ते से वापस लौटना पड़ा।

इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ जिसे बसपा के मीडिया प्रभारी गणिता यादव ने भी अपने फेसबुक पोस्ट के माध्यम से साझा किया। इसके बाद आरोप है कि राजद विधायक के निजी सहायक ने बसपा मीडिया प्रभारी एव मीडिया को सोशल मीडिया पर धमकी भरे शब्दों का प्रयोग किया। राघवेन्द्र यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा जनता की आवाज को दबाना लोकतंत्र के खिलाफ है। अगर जनता प्रदर्शन कर रही है तो जनप्रतिनिधियों को आत्ममंथन करना चाहिए। धमकी देना या दबाव बनाना केवल असफलता को छुपाने का तरीका है।

# टिकारी के पंचानपुर बाजार से हजारों गाड़ियों और कार्यकर्ताओं के साथ निकला राहुल का काफिला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** सोमवार को महागठबंधन एवं कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित मतदाता अधिकार पदयात्रा टिकारी विधानसभा के पंचानपुर बाजार से हजारों हजार गाड़ियों और कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस के शीर्षस्थ नेता राहुल गांधी एवं राजद के शीर्षस्थ नेता तेजस्वी यादव तथा माले के शीर्षस्थ नेता दीपंकर भटाचार्य के सामूहिक नेतृत्व में आगे गया की ओर बढ़ चला। हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं महागठबंधन के लोग मुझे पार्टी द्वारा निर्धारित स्थान पंचानपुर बाजार में स्टाल शामियान के सामने दोनों नेताओं को गर्मजोशी से गगन भेदी नारों के साथ राहुल गांधी जिंदाबाद एवं तेजस्वी यादव जिंदाबाद के साथ फूल माला और गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। इस स्वागत समारोह में गया जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिलाध्यक्ष सह प्रदेश प्रतिनिधि बिहार, भावी प्रत्याशी टिकारी विधानसभा चंद्रिका प्रसाद यादव के नेतृत्व में संजीव कुमार मुखिया, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव ओम प्रकाश निराला, बिकास यादव, ओंकार यादव, मनोज कुमार यादव टिकारी, जगरूप यादव, दिनेश यादव, विनय पासवान, विजय यादव, मोहम्द फारूक खान, रामाशीष यादव प्राचार्य, मेराजुदीन, आनंद कुमार, आदित्य स्वर्ण कार आदि हजारों की संख्या में शामिल हुए।

# विकासशील अर्थव्यवस्था के लिए आईआईएम बोधगया ने ई-एमबीए कार्यक्रम किया आरंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोधगया(गयाजी)।** आईआईएम बोधगया ने 2025-27 बैच के लिए परिसर में आयोजित भव्य स्वागत समारोह के साथ अपने प्रथम एग्ज़िक्यूटिव एमबीए (ईएमबीए) कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आईआईएम बोधगया का ईएमबीए कार्यक्रम कामकाजी पेशेवरों को जागरूक एवं सामाजिक रूप से जिम्मेदार नेतृत्व के लिए तैयार करता है। विशेष रूप से तैयार किए गए पाठ्यक्रम और शिक्षण पद्धति के माध्यम से यह अकादमिक कठोरता और उद्योग की लचीली जरूरतों का संगम प्रस्तुत करता है। वेंट इंडिया के सीईओ निनाद गाडगिल और बीओडी कंसल्टिंग में सीनियर पार्टनर श्री सिद्धार्थ बलकृष्ण, साथ ही निदेशक आईआईएम बोधगया, प्रोफेसर विनीता सहाय, उद्घाटन समारोह में प्रमुख वक्ता थे जिन्होंने नेतृत्व, नवीनता और तेजी से बदलते वैश्विक व्यापार परिदृश्य को नेविगेट करने पर मूल्यवान दृष्टिकोण साझा किए। इस अवसर पर प्रोफेसर सहाय ने कहा कि संस्थान भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए ऐसे कार्यक्रम बना रहा है जो शैक्षणिक उत्कृष्टता और उद्योग की प्रासंगिकता का संतुलन रखते हैं। उन्होंने बताया कि ईएमबीए की शुरूआत आईआईएम बोधगया के उस मिशन को दर्शाती है जिसका उद्देश्य संगठनों और समाज दोनों में सकारात्मक बदलाव ला सके। सभा को संबोधित करते हुए निनाद गाडगिल ने सभी से आग्रह किया कि वे अपने शीर्षकों द्वारा नहीं, बल्कि अपने काम, आदतों, और दूसरों की वृद्धि पर उनके प्रभाव के द्वारा स्वयं को परिभाषित करें, जबकि श्री सिद्धार्थ बालकृष्ण ने अधिक प्रभाव लाने में स्पष्टता और सटीकता के महत्व की प्रशंसा की। एग्जिक्यूटिव एमबीए कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रोफेसर मनोज कुमार ने आगे बताया कि ईएमबीए कार्यक्रम को कामकाजी पेशेवरों को उनके नेतृत्व यात्रा को तेज करने के लिए तैयार किया गया है।यह उन्हें व्यापक व्यावसायिक समझ, रणनीतिक सोच और सहअध्ययन का अनूठा अनुभव प्रदान करेगा।उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत, जो दुनिया की चौथी सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन चुका है, को अब नए और दूरदर्शी व्यावसायिक नेताओं की आवश्यकता है।पहली ईएमबी ए कक्षा में 3 से 21 वर्ष के कार्य अनुभव वाले 50 पेशेवरों का एक विविध मिश्रण शामिल है, जो विभिन्न क्षेत्रों में उद्योगों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसमें डेलॉइट, पी डब्ल्यू सी, एक्सेंचर, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एन.टी.पी.सी., अल्ट्राटेक सीमेंट, गोदरेज प्रॉपर्टीज, वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी, अपोलो टायर्स, सिमेन्स टेक्नोलॉजीज, इंडियन बैंक, महाराष्ट्र बैंक और हिल्टन शामिल हैं।इस कार्यक्रम में आईआईएम बोधगया के प्रतिष्ठित एमबीए कार्यक्रम के संकाय और छात्रों की भी उत्साहजनक भागीदारी देखी गई, जिन्होंने वरिष्ठ उद्योग नेताओं और पहले ईएमबीए बैच के सफल पेशेवरों द्वारा साझा किए गए विचार के प्रति अपने अनुभवों को साझा किया।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

Email Id- ee-pal@jharkhandmail.gov.in, rwdpalamu@gmail.com, eerwdpalamu@gmail.com,
Phone No.-06562357595

पत्रांक................ दिनांक......................

**PR No.-353467**

**पुर्न कोटेशन आमंत्रण सूचना (3rd Call)**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज अधीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, RCPLWEA/PM-JANMAN अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं में वन भूमि से संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु परामर्शी नियुक्त करने हेतु निम्न शर्त्तो के अधीन कोटेशन आमंत्रित किया जा रहा है जिसमें पथों की सूची निम्नवत है:–

| क्रमांक | प्रखंड | मद | योजना का नाम | लंबाई (कि0मी0 / मी0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Chhattarpur | RCPLWEA | Khairohar to Silda Kala via Barkhar Rajderwa Bakaspur road | 8.13 |
| 2 | Chhattarpur | RCPLWEA | Sahpur to Hulasi Ghat | 3.82 |
| 3 | Patan | RCPLWEA | Gram Role to Teliya Sikni Road | 5.37 |
| 4 | Patan | RCPLWEA | Gram Kaswakhad to Gram Budhi Road | 6.47 |
| 5 | Chhattarpur | RCPLWEA | HL RCC Bridge over Sathi river at chainage 300m of Dagra to Ratnag via Katarwati | 20.64m |
| 6 | Chhattarpur | RCPLWEA | HL RCC Bridge over sathbaheni river at dagra picket to salwe | 20.64m |
| 7 | Bishrampur | PMJANMAN | L023-Khumbhi Khurd More To Theki | 3.500 |
| 8 | Bishrampur | PMJANMAN | L024-PMGSY Road Pandu Pathalbandhwa To Barwahi Via Machawa Damar | 5.000 |
| 9 | Chainpur | PMJANMAN | L025-RCD Salatuwa to katting korwa tola | 0.600 |
| 10 | Chainpur | PMJANMAN | L023-Nawadih sungai to korwa tola via Nawadih Barwa tola to karwa | 3.137 |
| 11 | Chainpur | PMJANMAN | L028-Baherrakharh Bazaar To Benidih Kabra Bathan Bridge | 7.900 |
| 12 | Chainpur | PMJANMAN | L029-Kaachan To Teenkoniya Main Road | 6.040 |
| क्रमांक | प्रखंड | मद | योजना का नाम | लंबाई (कि0मी0 / मी0 में) |
| 13 | Chainpur | PMJANMAN | L030-Mahaut Muriya To Khairahi via Datam Madgada Road | 5.000 |
| 14 | Chainpur | PMJANMAN | L031-Pmgsy Road Kundpani To Sarahuwa Via Beli Road | 5.500 |
| 15 | Chainpur | PMJANMAN | L032-Nawa ( Biyadohar ) To Mahut Muriya via Datam | 5.700 |
| 16 | Chainpur | PMJANMAN | L033- Islamnagar More To Dhamanawa Main Road | 7.500 |
| 17 | Chainpur | PMJANMAN | L034-Mission School Chowk To Berma Masjid Chowk Road | 5.100 |
| 18 | Chainpur | PMJANMAN | L035-Chainpur Barwadih PWD Road to Margara via Chungra Bansdih | 6.230 |
| 19 | Chattarpur | PMJANMAN | L021-Madanpur REO ROAD Pindrahi To Aahri Padriya Tola | 6.010 |
| 20 | Chattarpur | PMJANMAN | L022- PWD Road Dundur Tardih To Dundur Road | 4.810 |
| 21 | Chattarpur | PMJANMAN | L023- NH -98 Kurauli Road To Kurauli Padriya Tola Road | 1.900 |
| 22 | Chattarpur | PMJANMAN | L024-REO Road Lebar More To Tuktuka Road | 3.300 |
| 23 | Chattarpur | PMJANMAN | L025-PMGSY Road Arar Duptiya To Thekhi Via Ara Road | 6.500 |
| 24 | Chattarpur | PMJANMAN | L026-Taradag More To Dindi Parhaiya Tola | 3.300 |
| 25 | Manatu | PMJANMAN | L021-Nagad Pmgsy Road To Daldaliya Road | 1.900 |
| 26 | Manatu | PMJANMAN | L022-Mitar Pmgsy Road To Jashpur chirikurd road | 11.400 |
| 27 | Manatu | PMJANMAN | L023-Jaspur To Singtuta Kusha Road | 9.300 |
| 28 | Panki | PMJANMAN | L021-Mukta to Rengai Via Hoiyo | 4.750 |

**जिसकी शर्त्ते निम्नवत है :–**

1. कार्य अवधि 180 दिन होगा जिसे आवश्यकतानुसार बढ़ाया भी जा सकता है ।
   **(शर्त्ते लागू)**
2. कोटेशन दाता झारखंड राज्य का होना चाहिए ।
3. कोटेशन दाता को झारखंड राज्य में GST निबंधित होना अनिवार्य होगा । इस हेतु GST निबंधन प्रमाण –पत्र संलग्न करना होगा, साथ ही आयकर अधिनियम के अंतर्गत निबंधित होना भी अनिवार्य होगा । GST एवं आयकर का अद्यतन रिर्टन दाखिल किया हुआ होना चाहिए।
4. कोटेशन दाता को स्वच्छ आचरण धारी होना चाहिए । इसे हेतु सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत अद्यतन आचरण–प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करना होगा ।
5. कोटेशन दाता को संबंधित कार्य का 3 वर्ष का कार्यानुभव प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा।
6. कोटेशन दाता के पास संबंधित कार्य हेतु पर्याप्त Man Power होना चाहिए, जिससे संबंधित शपथ–पत्र संलग्न करना होगा ।
7. कोटेशन दर सभी कर सहित होना चाहिए ।
8. सफल कोटेशन दाता को अनुमोदित कोटेशन राशि का 5 प्रतिशत अग्रधन की राशि FD के रूप में जमा करना होगा ।
9. सफल कोटेशन दाता का भुगतान नियमानुसार सभी करों की कटौती कर की जायेगी।
10. कोटेशन आमंत्रण सूचना के शर्त्तो के परविर्त्तन किया जा सकता है ।
11. आमंत्रित कोटेशन को बिना कारण बताए अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा ।

उक्त आलोक में इच्छुक परामर्शी दिनांक 19.08.2025 से 26.09.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक बन्द लिफाफा के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कोटेशन जमा कर सकते है ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज ।

PR.NO.359680 District(25-26):D

संपादकीय

# खुद ही बनो ताकत चुनौतियों को बनाओ सीढ़ी

इस स्वतंत्रता दिवस पर देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह देश के सामने मौजूदा चुनौतियों से निपटने या उनका सामना करने को लेकर कुछ लक्षित बातें कीं, उनमें संदेश बिल्कुल साफ हैं। इस बार के अपने भाषण में उन्होंने भविष्य की योजनाओं के बारे में बात करने के बजाय मुख्य रूप से उन मुद्दों पर जोर दिया, जो वर्तमान समय में देश को प्रभावित कर रहे हैं या चुनौतियों के रूप में खड़े हैं।

इनमें एक ओर आर्थिक मोर्चे पर अमेरिका की तरफ से घोषित शुल्क नीति के भारत पर पड़ने वाले प्रभाव और उससे पार पाने के लिए जरूरी विकल्प खड़े करने की अपनी राह चुनने की बात थी तो दूसरी ओर पाकिस्तान के संरक्षण में पलते आतंकवाद का सामना करते हुए 'आपरेशन सिंदूर' के जरिए दुश्मन देशों को ठोस जवाब देने के उदाहरण सहित परोक्ष रूप से एक चेतावनी भी कि अगर किसी देश ने भारत के खिलाफ नाहक दुस्साहस किया तो उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री ने 'सुदर्शन चक्र' नामक राष्ट्रीय सुरक्षा कवच तैयार करके आने वाले दस वर्षों में देश की सुरक्षा को विस्तार देने, सुदृढ़ीकरण और आधुनिकीकरण करने का भरोसा जताया।

जाहिर है, पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसके बाद प्रतिक्रिया में भारत ने जिस तरह 'आपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान स्थित ठिकानों से अपनी गतिविधियां चलाने वाले आतंकवादी संगठनों को सबक सिखाया, उस परिप्रेक्ष्य में आने वाले वक्त में भारत के सामने जैसी चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं, प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में उसके लिए मोर्चेबंदी को लेकर एक संकेत दिया। इसी तरह, अमेरिका ने शुल्क लगाने की नीति के जरिए दुनिया के सामने जैसी व्यापार युद्ध की स्थिति खड़ी की है और इसका भारत के ऊपर जो प्रभाव पड़ेगा, उसके मद्देनजर बिना किसी देश का नाम लिए उन्होंने व्यापार से लेकर रक्षा उत्पादन तक में आत्मनिर्भरता को मुख्य ताकत बनाने की बात कही।

उनकी इस बात में छिपे संदेश को समझा जा सकता है कि हम स्वदेशी को मजबूरी में नहीं, मजबूती के साथ उपयोग करेंगे और जरूरत पड़ी तो दूसरों को भी मजबूर करने के लिए उपयोग करेंगेज यह हमारी ताकत होनी चाहिए। यह सच भी है कि अमेरिका के साथ भारत का आर्थिक या व्यापारिक संबंध परस्पर सहयोग पर आधारित है और एकतरफा शुल्क लगाने जैसा कोई भी नीतिगत फैसला अमेरिका को भी बुरी तरह प्रभावित कर सकता है।

दूसरी ओर, उनके संबोधन में आंतरिक मोर्चे पर रोजगार से लेकर किसानों और युवाओं की समस्या तथा उन्हें संरक्षण देने का संकल्प भी दिखा। मसलन, उनकी घोषणाएं जमीन पर उतरीं, तो 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना' के तहत पहली नौकरी पाने वाले युवाओं को पंद्रह हजार रुपए देने और आर्थिक सुधारों के तहत कई तरह के करों में कमी करने की पहल हो सकती है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने जिस तरह किसानों, मछुआरों, पशुपालकों के हितों से कोई समझौता नहीं करने का एलान किया, सिंधु जल समझौते को एकतरफा और अन्यायपूर्ण बताया, उससे साफ है कि अब वे कृषि क्षेत्र में भी नई जमीन तैयार करने और उसे मजबूत करने की बात कर रहे हैं। इसके साथ-साथ अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने से लेकर लड़ाकू विमानों के इंजन देश में ही बनाने जैसी घोषणाओं को भी आत्मनिर्भरता का संदेश माना जा रहा है। विदेश नीति हो या फिर आंतरिक मोर्चे को मजबूत करना, इस बात का आशय भी महत्त्वपूर्ण है कि अगर कोई दूसरों पर बहुत अधिक निर्भर हो जाता है, तो स्वतंत्रता का प्रश्न धुंधला पड़ने लगता है।

# पीएम मोदी का निर्णायक कदम....

**आज 15 अगस्त 2025 को लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण भारतीय अर्थव्यवस्था और समाज के लिए नए युग की रूपरेखा पेश करने वाला एक दूरदर्शी रोडमैप है। इस साल की सबसे बड़ी घोषणाओं में दिवाली तक लागू होने वाले 'नेक्स्ट-जनरेशन जीएसटी सुधार' और युवाओं के लिए शुरू की गई 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना' रही।**

**एक ओर कर संरचना में व्यापक सुधार से आम जनता और कारोबारी वर्ग को राहत मिलने का भरोसा दिलाया गया, वहीं दूसरी ओर युवाओं को रोजगार के शुरुआती चरण में सीधी आर्थिक सहायता देने का अभूतपूर्व निर्णय लिया गया। इन दोनों पहलों का साझा लक्ष्य, भारत को एक तेज, समावेशी और आत्मनिर्भर आर्थिक ताकत में बदलना है।**

**अमित शर्मा**



प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लालकिले की प्राचीर से की गई दोनों मुख्य घोषणाएं, दो विशाल आर्थिक पहियों- टैक्स सुधार और रोजगार सृजन पर केंद्रित हैं जो विकास और सहज जीवन की दिशा में एकता का संदेश हैं। ये दोनों फैसले करदाताओं और उपभोक्ताओं के जीवन पर सीधा असर डालने वाले हैं। वर्तमान में भारत में वस्तुओं और सेवाओं पर 4 प्रमुख जीएसटी स्लैब लागू हैं- 5 प्रतिशत, 12प्रतिशत, 18प्रतिशत और 28प्रतिशत। इसके अलावा कीमती धातुओं जैसी विशेष श्रेणियों पर 0.25प्रतिशत और 3प्रतिशत की दर से टैक्स वसूला जाता है। मोदी सरकार अब इस ढांचे को सरल और तर्कसंगत बनाने की तैयारी कर रही है, जिसके तहत विशेषकर रोजमर्रा के उपयोग की वस्तुएं जैसे किराना, पैकेज्ड फूड, कपड़े, जूते-चप्पल और घरेलू सामान कम कर दर के दायरे में आएंगे। इससे न केवल उपभोक्ताओं का मासिक खर्च घटेगा बल्कि छोटे और मझोले उद्यमों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता भी बढ़ेगी। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि यह सुधार कर प्रशासन में पारदर्शिता और अनुपालन को आसान बनाएगा, जिससे व्यापार करने की सुगमता में भारत की स्थिति और मजबूत होगी।

जीएसटी स्लैबों में प्रस्तावित बदलावों को केवल टैक्स कटौती के नजरिए से नहीं देखा जा सकता बल्कि यह एक रणनीतिक आर्थिक निवेश है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि 12प्रतिशत स्लैब में आने वाली वस्तुएं जैसे- पैकेज्ड खाद्य पदार्थ, कपड़े, होटल सेवाएं और अन्य उपभोग सामग्री देश की कुल खपत का लगभग 5 से 10 प्रतिशत हिस्सा रखती हैं और जीएसटी राजस्व में 5 से 6 प्रतिशत का योगदान करती हैं। अगर इन्हें 5प्रतिशत स्लैब में ले जाया जाता है तो सरकार को लगभग 50,000 करोड़ रुपये सालाना का राजस्व घाटा हो सकता है, जो जीडीपी का करीब 0.15 प्रतिशत है। लेकिन आर्थिक विश्लेषकों का मानना है कि इस अस्थायी नुकसान की भरपाई तेजी से बढ़ती उपभोक्ता मांग से हो सकती है।

वैश्विक वित्तीय संस्थानों की रिपोर्ट के मुताबिक, कर दरों में कटौती से घरेलू खपत में 0.6त्न से 0.7त्न तक की बढ़ोतरी संभव है। यह बढ़ी हुई मांग उत्पादन को गति देगी, जिससे उद्योगों में निवेश और रोजगार सृजन की संभावनाएं बढ़ेंगी। एक उच्चस्तरीय मंत्री समूह पहले से ही इस प्रस्ताव पर चर्चा कर रहा है ताकि कर संरचना को सरल बनाने और व्यापार को प्रोत्साहित करने के बीच सही संतुलन साधा जा सके। इस पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य कम टैक्स, ज्यादा खपत और तेज आर्थिक वृद्धि का चक्र स्थापित करना है।

स्वतंत्रता दिवस भाषण का दूसरा बड़ा ऐलान था 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना'। इस योजना का उद्देश्य है, देश के युवाओं को नौकरी के शुरुआती चरण में आर्थिक सहारा देना और निजी क्षेत्र में रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करना। योजना के तहत, जो युवा पहली बार निजी क्षेत्र में नौकरी पा रहे हैं उन्हें सरकार की ओर से 15,000 रुपये की सहायता राशि मिलेगी। यह राशि दो किश्तों में दी जाएगी- पहली किश्त छह महीने का रोजगार पूरा करने पर और दूसरी किश्त एक वर्ष की निरंतर सेवा के बाद।

यह योजना केवल युवाओं के लिए ही नहीं बल्कि नियोक्ताओं के लिए भी फायदेमंद है। जिन कंपनियों में ये युवा काम करेंगे उन्हें भी प्रोत्साहन राशि दी जाएगी ताकि वे अधिक से अधिक नए रोजगार के अवसर पैदा करें। योजना का लाभ उन युवाओं को मिलेगा जिनकी मासिक सैलरी 1 लाख रुपये से कम है और जो कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में पंजीकृत हैं। इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के लिए लगभग 1 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे केवल वित्तीय पैकेज नहीं बल्कि युवाओं में आत्मविश्वास जगाने और उनके करियर की शुरुआत को सुरक्षित बनाने का एक दीर्घकालिक निवेश बताया।

त्रस्न्न सुधार और रोजगार योजना, देखने में दो अलग-अलग घोषणाएं लग सकती हैं लेकिन इनके बीच गहरा आर्थिक संबंध है। जीएसटी दरों में कमी से घरेलू खपत में तेजी आएगी जिससे उत्पादन और व्यापार का दायरा बढ़ेगा। बढ़े हुए उत्पादन और बिक्री से कंपनियां अधिक कर्मचारियों को नियुक्त करने की स्थिति में होंगी और ऐसे में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना उन कंपनियों को प्रोत्साहित करेगी जो नए युवाओं को नौकरी पर रखेंगी। इस तरह, एक ओर उपभोक्ता को सस्ता सामान मिलेगा तो दूसरी ओर युवाओं को रोजगार के अवसर और आर्थिक सहारा मिलेगा। परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था के दोनों पहियों को गति मिलेगी।

इन घोषणाओं को अगर व्यापक आर्थिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो यह स्पष्ट है कि मोदी सरकार 'विकसित भारत 2047' के अपने लक्ष्य की दिशा में बहुस्तरीय रणनीति अपना रही है। जीएसटी सुधार से लेकर रोजगार सृजन और उत्पादन बढ़ाने तक, हर पहल आपस में जुड़ी है। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में सेमीकंडक्टर उत्पादन, स्वच्छ ऊर्जा और रक्षा उत्पादन जैसे क्षेत्रों में भी आने वाली सफलताओं का जिक्र किया। दिसंबर 2025 तक मेड इन इंडिया सेमीकंडक्टर चिप्स बाजार में आने की संभावना है और भारत ने अपने 50 प्रतिशत क्लीन एनर्जी लक्ष्य को तय समय से पाँच साल पहले ही हासिल कर लिया है। ये सब कदम मिलकर एक ऐसी अर्थव्यवस्था का निर्माण कर रहे हैं जो वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम होगी।

स्वतंत्रता दिवस की इन घोषणाओं के बाद बाजार विशेषज्ञों और उद्योग जगत में सकारात्मक माहौल देखा गया। खुदरा व्यापारियों से लेकर बड़ी कंपनियों तक ने जीएसटी सुधार के प्रस्ताव का स्वागत किया क्योंकि इससे मांग में बढ़ोतरी और बिक्री में उछाल आने की उम्मीद है। युवा वर्ग ने रोजगार योजना को एक प्रेरक कदम बताया, खासकर उन लोगों ने जो अपने करियर की शुरुआत कर रहे हैं और जिनके लिए शुरुआती आर्थिक स्थिरता बेहद अहम होती है। सोशल मीडिया पर भी जीएसटी सुधार और रोजगार योजना को लेकर चर्चा तेज रही, जिससे यह साफ है कि ये पहल केवल नीतिगत बदलाव नहीं बल्कि जन-भावनाओं से भी जुड़ी हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 15 अगस्त 2025 की घोषणाएं इस बात का स्पष्ट संकेत हैं कि सरकार अल्पकालिक राहत और दीर्घकालिक आर्थिक लक्ष्यों के बीच संतुलन साधने के लिए ठोस कदम उठा रही है। जीएसटी सुधार जहां नागरिकों की जेब में सीधी बचत कराएगा और व्यापार को प्रोत्साहित करेगा, वहीं प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना युवाओं को आर्थिक संबल और रोजगार सुरक्षा देगी। इन दोनों पहलों का संयुक्त असर भारत को एक तेज, सशक्त और आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था में बदलने की दिशा में अहम भूमिका निभा सकता है। इस स्वतंत्रता दिवस का संदेश स्पष्ट है कि भारत की यात्रा और गति पकड़ने वाली है। तमाम वैश्विक अनिश्चितताओं से इतर मोदी सरकार लगातार विकास को जमीन पर उतारने के लिए ठोस नीतिगत और आर्थिक फैसले ले रही है। दिवाली तक का इंतजार केवल त्योहार के उल्लास का नहीं होगा बल्कि यह देश की आर्थिक दिशा में एक नया अध्याय शुरू होने का प्रतीक भी होगा।

अध्यात्म

## राजा हैं, फिर भी घमंडी ना बनें



एक राज्य में एक राजा रहता था जो बहुत घमंडी था। उसके घमंड के चलते आस पास के राज्य के राजाओं से भी उसके संबंध अच्छे नहीं थे। उसके घमंड की वजह से सारे राज्य के लोग उसकी बुराई करते थे। एक बार उस गाँव से एक साधु महात्मा गुजर रहे थे उन्होंने ने भी राजा के बारे में सुना और राजा को सबक सिखाने की सोची। साधु तेजी से राजमहल की ओर गए और बिना प्रहरियों से पूछे सीधे अंदर चले गए। राजा ने देखा तो वो गुस्से में भर गया। राजा बोलाः ये क्या उदण्डता है महात्मा जी, आप बिना किसी की आज्ञा के अंदर कैसे आ गए? साधु ने विनम्रता से उत्तर दियाः मैं आज रात इस सराय में रुकना चाहता हूँ। राजा को ये बात बहुत बुरी लगी वो बोलाः महात्मा जी ये मेरा राज महल है कोई सराय नहीं, कहीं और जाइये।

साधु ने कहाः हे राजा, तुमसे पहले ये राजमहल किसका था? राजाः मेरे पिताजी का। साधुः तुम्हारे पिताजी से पहले ये किसका था? राजाः मेरे दादाजी का। साधु ने मुस्करा कर कहाः हे राजा, जिस तरह लोग सराय में कुछ देर रहने के लिए आते है वैसे ही ये तुम्हारा राज महल भी है जो कुछ समय के लिए तुम्हारे दादाजी का था, फिर कुछ समय के लिए तुम्हारे पिताजी का था, अब कुछ समय के लिए तुम्हारा है, कल किसी और का होगा। ये राजमहल जिस पर तुम्हें इतना घमंड है ये एक सराय ही है जहाँ एक व्यक्ति कुछ समय के लिए आता है और फिर चला जाता है। साधु की बातों से राजा इतना प्रभावित हुआ कि सारा राजपाट, मान सम्मान छोड़कर साधु के चरणों में गिर पड़ा और महात्मा जी से क्षमा मांगी और फिर कभी घमंड ना करने की शपथ ली। ये दुनिया एक सराय के समान है जहाँ कुछ लोग रोज आते हैं और कुछ लोग रोज जाते हैं। अच्छी सोच रखिये, अच्छे काम करिये क्यूंकि इस सराय से एक दिन सबको जाना है।

# सही फैसलों की कीमत अकेलापन है और इनाम आत्मशांति है

**जीवन का अंतिम उद्देश्य केवल सफलता, प्रसिद्धि या सुख नहीं है। बल्कि जीवन का असली अर्थ तब प्रकट होता है, जब हम सांसारिक जीवन के भीतर रहते हुए भी अपनी आत्मा से जुड़ते हैं। जब हम संसार की भीड़ में अकेले रहते हुए भी अपने सत्य पर अडिग रहते हैं। इस विशेष अवस्था को आत्मबल कहते हैं और यही आत्मबल जीवन के हर तूफान में हमारी ढाल बन जाता है। इसलिए जब भी हमें ऐसा लगे कि सही राह चुनकर हमने सब कुछ और हर किसी को खो दिया है, तो थोड़ा ठहर कर खुद से ही सवाल कर लेना चाहिए कि हमने क्या पायाज कि हम अब भी स्वयं से आंखें मिला कर स्वयं पर गर्व कर सकते हैं! इस तरह जीवन की उत्कृष्टता सिद्ध हो जाती है। यह साध्य और साधन पर भी विचार का वक्त होता है। सही रहना कठिन जरूर है, पर वह कठिनाई ही हमारे चरित्र की परख है।**

**मनीषा मंजरी**

जीवन एक भौतिक शब्द नहीं, बल्कि एक यात्रा है। सुनने में साधारण लगता है कि जीवन जन्म से शुरू होकर सामान्य तौर पर मृत्यु पर समाप्त हो जाता है, पर यह धारणा जितनी सामान्य प्रतीत होती है, अंदर से ये उतनी ही जटिल है। यह यात्रा हम सभी को कभी न कभी ऐसे दो-राहे पर लाकर खड़ी कर देती है, जहां हमें चुनाव करना होता है- सही और गलत के बीच। ऐसे यह चुनाव आमतौर पर सरल ही होता है।

हम सभी इस स्पष्ट तथ्य से अवगत होते हैं कि क्या सही है और क्या गलत है, लेकिन यह चुनाव हमारी आत्मा और अस्तित्व को विचलित करके रख देता है। मगर यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि जीवन में सिर्फ गलत रास्तों पर चलने की ही कीमत नहीं चुकानी पड़ती, बल्कि सही राह चुनने के लिए भी भारी कीमत चुकानी पड़ती है। बचपन से ही हमें नैतिकता के पाठ के अंतर्गत यह बताया जाता है कि जो लोग गलतियां करते हैं, उन्हें ही दंड मिलता है और जो सही राह का अनुसरण करते हैं, उन्हें शांति, सफलता और सम्मान हासिल होता है। पर क्या यथार्थ बस इतना ही है? शायद नहीं।

अक्सर सही राह के यात्री को उस पीड़ा का अनुभव करना पड़ता है, जो गलत राह के यात्री को अनुभव में प्राप्त नहीं होता। जब हम सत्य के पक्ष में खड़े होते हैं, तब वे लोग हमसे दूरी बना लेते हैं, जिनसे हमें सबसे अधिक स्नेह और समर्थन की अपेक्षा होती है। सच बोलने वाले व्यक्ति को अक्सर कठोर और निर्दयी कहा जाता है, क्योंकि सत्य का स्वरूप ऐसा है, जो नरम शब्दों में भी बोला जाए तो वह कभी-कभी विषैले बाण के प्रहार जैसा महसूस कराता है। कई बार हम कुछ सीमाएं तय करते हैं, ताकि अपने आत्मसम्मान की रक्षा कर सकें, लेकिन अक्सर लोग इसे अहंकार समझ बैठते हैं। हम अगर 'न' शब्द का इस्तेमाल करते हैं, तो लोग इसे अस्वीकार के दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि अपमान समझ कर देखते हैं।

उन्हें लगता है कि हम बदल चुके हैं। जबकि यह हमारा एक प्रयास होता है कि हम खुद को खोना नहीं चाहते। फिर जब हम अन्याय के विरुद्ध बोलते हैं या उस पल में जब-जब मौन धारण करते हैं, तब लोग हमें विद्रोही, असहनीय और अव्यावहारिक समझ लेते हैं। उन्हें सत्य और सही नहीं, बल्कि उस क्षण यह दिखता है कि हमारे सही फैसलों से उन्हें किस प्रकार की असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में मन स्वयं से प्रश्न करता है कि जब सही राह पर चलने में इतना त्याग, कष्ट और एकाकीपन है तो इस पर चलना इतना आवश्यक क्यों है!

अनुभव इस प्रश्न का उत्तर ढूंढ़ने में हमारी सहायता करता है। जब जीवन ऐसे मोड़ पर



पहुंचता है, जहां सब समाप्त हो जाता है, जब न ही कोई तालियां बजती हैं, न आलोचनाएं सुनाई देती हैं और आसपास के सारे चेहरे धुंधले हो जाते हैं। तब मात्र मौन की उपस्थिति रहती है उस क्षण में, जब हम स्वयं से प्रश्न करते हैं कि 'क्या मैंने जीवन में सही निर्णय लिए?' और तब जब स्वयं के अंदर से स्वर गूंजता है कि 'हां, मैंने अपने आत्म सम्मान, अपनी आत्मा और अपने सिद्धांतों के साथ कोई समझौता नहीं किया,' तो यही आत्म शांति हमारे जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि होती है।

सत्य की राह पर चलना किसी तपस्या से कम नहीं होता। यह ऐसा है कि हमें भीड़ में, भीड़ के विरुद्ध चलना होता है। यह ऐसा एकाकीपन है, जहां न कोई साथी होता है और न ही कोई सहारा। मगर यह कठोर राह हमारे अंदर एक अडिग विश्वास और अक्षुण्ण आत्म गरिमा को जन्म देती है। यह मार्ग हमें कभी भी स्वयं की नजरों में गिरने नहीं देता, भले संसार हमें किसी भी पायदान पर आंकें, हम संतोष के प्रकाश में जगमगाते हैं। यह भी सच है कि इस राह पर फल देर से प्राप्त होता है। कभी-कभी तो ऐसा लगता है कि हमें हमारे त्याग का, हमारी सच्चाई का कोई फल नहीं मिला। पर यह पथ हमें अंदर से इतना मजबूत बना देता है कि हम बाहरी प्रशंसा की तुच्छता को समझ पाते हैं और अपनी पूर्णता का सम्मान करने लगते हैं।

जीवन का अंतिम उद्देश्य केवल सफलता, प्रसिद्धि या सुख नहीं है। बल्कि जीवन का असली अर्थ तब प्रकट होता है, जब हम सांसारिक जीवन के भीतर रहते हुए भी अपनी आत्मा से जुड़ते हैं। जब हम संसार की भीड़ में अकेले रहते हुए भी अपने सत्य पर अडिग रहते हैं। इस विशेष अवस्था को आत्मबल कहते हैं और यही आत्मबल जीवन के हर तूफान में हमारी ढाल बन जाता है।

इसलिए जब भी हमें ऐसा लगे कि सही राह चुनकर हमने सब कुछ और हर किसी को खो दिया है, तो थोड़ा ठहर कर खुद से ही सवाल कर लेना चाहिए कि हमने क्या पायाज कि हम अब भी स्वयं से आंखें मिला कर स्वयं पर गर्व कर सकते हैं! इस तरह जीवन की उत्कृष्टता सिद्ध हो जाती है। यह साध्य और साधन पर भी विचार का वक्त होता है। सही रहना कठिन जरूर है, पर वह कठिनाई ही हमारे चरित्र की परख है। यह राह भले ही कांटों से भरी हो, लेकिन अंत में यही मार्ग आत्मिक शांति, गरिमा और आत्मसम्मान की दिशा में लेकर जाता है और यही जीवन की सबसे बड़ी सफलता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
व्यापार में अपेक्षित लाभ नहीं मिलेगा। मन में अनहोनी होने का भय रहेगा। आज सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। किसी भी काम को जल्दबाजी में न करें।

**वृषभ**
कार्यक्षेत्र में आपको जबरदस्त अवसर मिल सकते हैं। आपकी दिनचर्या में सुधार होगा। आप नया काम शुरू करने की योजना बनायेंगे।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिये काफी अनुकूल रहने वाला है। किसी दीर्घकालिक योजना पर निवेश कर सकते हैं। नये कार्यों को लेकर आप अत्यन्त उत्सुक रहेंगे।

**कर्क**
निर्माण कार्यों में तीव्रता आयेगी। विवाहेतर सम्बन्धों से दूरी बनाकर रखें। परिवार में किसी उत्सव के आयोजन को लेकर चर्चा हो सकती है।

**सिंह**
गले में कफ और सिरदर्द की समस्या हो सकती है। धीरे-धीरे सभी रुके काम बनने लगेंगे। धार्मिक कार्यों में आपकी स्वाभाविक रुचि बढ़ेगी।

**कन्या**
घर के बुजुर्ग लोगों का आशीर्वाद मिलेगा। मित्रों की मदद से आपके सभी काम आसानी से पूर्ण हो जायेंगे। मेहनत का सार्थक परिणाम आपको मिलेगा।

**तुला**
वैवाहिक जीवन में आपसी सामंजस्य बढ़ेगा। व्यापार में नये सहयोगी जुड़ सकते हैं। अपनी रचनात्मक क्षमता का अच्छा प्रयोग करेंगे।

**वृश्चिक**
आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। दोपहर के समय आपको सुखद समाचार मिल सकते हैं। अधिकारी आपको काफी सहयोग देंगे।

**धनु**
उच्च शिक्षण संस्थानों की प्रवेश परीक्षा में सफलता मिल सकती है। आज किसी से अधिक अपेक्षा न रखें। पर्यटन से जुड़े व्यवसाय में आपको बड़ा धन लाभ होगा। पेटदर्द की शिकायत हो सकती है।

**मकर**
रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। नया व्यवसाय शुरू करने के लिये फण्ड्स की कमी दूर होगी। ज्ञानवर्धक साहित्य में रुचि ले सकते हैं। युवा अपने करियर को लेकर अत्यधिक सतर्क रहेंगे।

**कुंभ**
मानसिक शान्ति के लिये कुछ नया सीखने की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। व्यवसाय में आय बढ़ने के योग बन रहे हैं।

**मीन**
किसी की सहायता करने से पीछे न हटें। आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। दोस्तों के साथ समय बिताने का प्रयास करेंगे। बड़े व्यापारिक समझौते हो सकते हैं।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी बरौनी मेले का शुभारंभ

## केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**बरौनी।** रविवार के देर रात सोनपुर मंडल के अंतर्गत बरौनी रेलवे मैदान में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेले का औपचारिक उद्घाटन बेगूसराय सांसद सह केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, बेगूसराय जिलाधिकारी तुषार सिंगला संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्वलित करके किया। अतिथियों का स्वागत संयोजक संजय राय उर्फ पप्पू सिंह ने पुष्पगुच्छ और अंग वस्त्र देकर किया। कार्यक्रम का संचालन सच्चिदानंद पाठक ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बेगूसराय जिलाधिकारी तुषार सिंगला ने भगवान श्री.ष्ण के जीवन से जुड़ी अलौकिकता का सुंदर वर्णन किया और इस पर्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण जन्मोत्सव से जिला और राज्य को एक पहचान मिलता है। वहीं केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि हम अंग्रेजों की तरह केक काट कर जन्मदिन नहीं मनाए बल्कि हिंदी संस्कृति सभ्यता का पालन करे। उन्होंने कहा कि मुरलीधर की कथा प्रेम, स्नेह ही नहीं, अनुशासन भी सिखाती है। इस अवसर पर बरौनी रेल डीएसपी सुबोध कुमार, सहायक सुरक्षा आयुक्त केके तिवारी, आरपीएफ इंस्पेक्टर लोकेश कुमार, बरौनी रेलवे थानाध्यक्ष समाजसेवी मोहम्मद लालबाबू, मेला आयोजक शिव कुमार उर्फ पंकज सिंह वार्ड में अजीत कुमार, अमित कुमार, सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। बरौनी रेलवे मैदान मेला प्रबंधक पंकज सिंह ने बताया कि मेले में आने वाले लोगों के मनोरंजन के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। मौत का कुआं, टावर झूला, ड्रैगन ट्रेन झूला, चांद सितारा झूला, ब्रेक डांस झूला, हथौड़ा झूला, सुनामी झूला के साथ ही छोटे बच्चों के लिए रंग-बिरंगे झूले, वाटर पार्क, मिक्की माउस, मीना बाजार लगाए गए हैं। इसके साथ ही पूरे रेलवे मैदान को रोशनी से जगमगा दिया गया है। श्री.ष्ण जन्माष्टमी अनुष्ठान व मेले को लेकर नगर परिषद बरौनी के नौ स्थानों को दुल्हन की तरह सजाया गया है। खराब मौसम के बावजूद मंगलवार को श्री.ष्ण जन्माष्टमी मेला देखने के लिए हजारों की भीड़ बरौनी रेलवे मैदान में उमड़ी। महिला, पुरुष, बुजुर्ग, बच्चे मेले में झूलों का आनंद ले रहे हैं।

## अतिक्रमण हटने से लोगों को मिली राहत

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दानापुर मंडल रेल के मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार के द्वारा एक सप्ताह पहले बाढ़ रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण और रेल कर्मी एवं संवेदक को लगाई गई फटकार का असर अब दिखने लगा है। स्टेशन के मुख्य गेट के पास जल जमाव को खत्म करने के बाद स्टेशन एरिया से दर्जनों अवैध दुकान को हटा दिया गया। साथ ही मुख्य गेट के पोर्टिको के पास से वाहनों को हटाकर साइड कर दिए जाने से यात्रियों को भारी राहत मिली है जिसको लेकर बाढ़ के दैनिक यात्री के द्वारा डीआरएम को धन्यवाद दिया है। रेलवे सुरक्षा बल के जवान लगातार अतिक्रमण और पोर्टिको एरिया में वाहनों का जमघट हटाए जाने से लोगों को आने जाने में सुविधा हो गई है। वही स्टेशन प्रबंधक मृत्युंजय कुमार ने बताया कि एक सप्ताह के भीतर दुर्गा मंदिर के पास से अस्थाई टिकट घर को हटाकर अब स्टेशन के मुख्य गेट के पास टिकट घर बनाए जाने का काम तेजी से किया जा रहा है।

## 20 सूत्री की बैठक में योजनाओं पर की गई चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोइलवर (भोजपुर)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के प्रतिनिधि भवन में सोमवार को बीस सूत्री की बैठक सोमवार को की गई। अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष संजीत रजक ने की। बैठक के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी बीरबहादुर पाठक, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मी, बिजली, आवास, आपूर्ति विभाग, कृषि समेत अन्य मौजूद थे। बैठक में आपूर्ति, स्वास्थ्य, पेंशन, राशन, आवास समेत अन्य मुद्दा छाया रहा। बीस सूत्री सदस्यों के द्वारा किए गए प्रश्नो को प्रशासन द्वारा गोलमटोल जबाब देने पर नाखुश दिख रहे थे। हालांकि सदस्य द्वारा किये गए सवाल का जवाब पदाधिकारी द्वारा देते हुए समस्या क़ेनिदान का आश्वान भी दिया गया। वही बैठक में बीससूत्री सदस्य सह जदयू नेत्री सोनम पटेल ने आंगनबाड़ी सहित स्वास्थ्य सेवा व स्थानीय थाना पर अनियमितता का आरोप लगाया व सुधार कराने की बात कही। बैठक में प्रखंड प्रमुख मनोज कुमार सिंह, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी श्री भगवान साह, स्वास्थ्य प्रबंक शंभू कुमार, बिजली जेई प्रभात कुमार, पशु चिकित्सा पदाधिकारी विशाल शर्मा बीस सूत्री उपाध्यक्ष जय शंकर कुशवाहा समेत अन्य मौजूद थे।

## एन एन एकेडमी ने ताजियादारों को किया सम्मानित, बच्चों की कलाकारी बनी आकर्षण

**जगदीशपुर (भोजपुर)।** वीर कुंवर सिंह की ऐतिहासिक नगरी जगदीशपुर में चेहल्लुम का पर्व गमगीन माहौल में मनाया गया। नगर के कई इलाकों में निकाले गए ताजिये आकर्षण का केंद्र बने। खासकर बच्चों द्वारा तैयार किए गए खूबसूरत और बारीक कलाकारी वाले ताजियों ने लोगों का मन मोह लिया। चेहल्लुम के अवसर पर नगर स्थित दुलौर गली में आयोजित कार्यक्रम में एन एन एकेडमी की ओर से सभी ताजियादारों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में विद्यालय के प्रबंधक एवं निदेशक मो. ज़फ़र वारिस और राजद प्रखंड अध्यक्ष आफ़ताब ख़ां उर्फ भोला ख़ां ने संयुक्त रूप से ताजियादारों को पुरस्कृत किया। मो. ज़फ़र वारिस ने कहा कि प्रतिभा और परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए बच्चों की हौसला अफ़ज़ाई ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि नगर के बच्चे हर वर्ष चेहल्लुम पर ताजिया बनाते और उठाते हैं, ऐसे में उनके प्रोत्साहन से आने वाले वर्षों में और भी उत्कृष्ट डिज़ाइन व कलाकारी सामने आएगी। कार्यक्रम में मो. नसीम, मो. कमर वारिस, फहद ख़ान, शहज़ादा ख़ान, सेराज ख़ान समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## मुखिया संघ की हुंकार, 24 अगस्त का पटना सम्मेलन होगा ऐतिहासिक

### कटौती नहीं, अधिकार चाहिए : मुखिया संघ ने सरकार को दी खुली चेतावनी



**जगदीशपुर (भोजपुर)।** रविवार को मुखिया संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के जिला उपाध्यक्ष सह मुखिया उमेश कुमार सिंह उर्फ उमेश कुशवाहा ने की जबकि संचालन जिला अध्यक्ष हरेन्द्र प्रसाद यादव ने किया। बैठक में मुखिया संघ के प्रदेश अध्यक्ष मिथलेश कुमार राय और सरपंच संघ के प्रदेश अध्यक्ष आमोद कुमार निराला विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर आगामी 24 अगस्त को बापू सभागार, पटना में होने वाले जनप्रतिनिधि महासम्मेलन को सफल बनाने और अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया।

**16 सूत्री मांगों पर चर्चा**

बैठक में राज्य सरकार द्वारा मुखिया एवं सरपंचों के अधिकारों में की जा रही कटौती पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। प्रदेश अध्यक्ष मिथलेश कुमार राय ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था को लगातार कमजोर किया जा रहा है और जनप्रतिनिधियों के अधिकारों का हनन हो रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार को आचार संहिता लागू होने से पूर्व मुखिया और सरपंचों की 16 सूत्री मांगों को पूरा करना चाहिए।

**सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प**

प्रदेश अध्यक्ष के आगमन पर फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया गया और उपाध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने उन्हें सम्मानित किया। बैठक में उपस्थित सभी मुखियाओं और प्रतिनिधियों ने संकल्प लिया कि 24 अगस्त का सम्मेलन ऐतिहासिक और यादगार बनाया जाएगा। बैठक में सुषुम्लता कुशवाहा, विजय शंकर चौबे उर्फ टुना चौबे, अजय यादव, मनोज कुशवाहा समेत जगदीशपुर, बिहियां, शाहपुर और पीरों प्रखंडों के मुखिया बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## सीताराम महाराज की 19वीं पुण्यतिथि मनी

**बेगूसराय।** बेगूसराय में नागरिक अधिकार सुरक्षा समिति के संस्थापक अध्यक्ष, वरीय अधिवक्ता एवं स्वतंत्रता सेनानी स्व सीताराम महाराज की 19वीं पुण्यतिथि पर रविवार को जिला अधिवक्ता संघ परिसर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति के अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम की शुरुआत स्व सीताराम महाराज के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी स्मृति को नमन करने से हुई। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजीत कुमार ने कहा कि सीताराम महाराज केवल अधिवक्ता ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रहरी थे। वे जीवनपर्यंत नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्षरत रहे। न्याय और संवेदनशीलता ही उनकी सोच की पहचान थी। स्व सीताराम महाराज के पुत्र वरिष्ठ अधिवक्ता विजय कुमार महाराज ने भावुक होकर कहा कि पिताजी न्याय, समानता और मानवाधिकारों की परंपरा स्थापित कर गए, जो आज भी अधिवक्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने अधिवक्ताओं से आह्वान किया कि वे उनके पदचिह्नों पर चलकर समाज में न्याय और अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाएँ। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता सैयद मंसूर आलम समेत कई अधिवक्ताओं ने स्वतंत्रता संग्राम में महाराज के योगदान को याद किया और कहा कि आज भी उनकी निष्ठा व साहस से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में अधिवक्ता प्रभाकर महाराज, अखिलेश प्रसाद सिंह, राजीव प्रसाद सिंह, चन्द्र मोहन कुमार, राजेश कुमार गुप्ता, सुमित कुमार, महेश्वर महतो, राजेन्द्र महतो, आशीष कुमार, ब्यूटी कुमारी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## निर्धारित समय के अंदर निर्वाचक उपलब्ध करवाएं जरूरी दस्तावेज



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले के सभी विधानसभा में यह सुनिश्चित किया गया है कि ऐसे सभी निर्वाचकों की सूची, जिनका नाम वर्ष 2025 की निर्वाचक सूची (प्रारूप प्रकाशन के पूर्व) में शामिल था, किंतु दिनांक 01 अगस्त 2025 को प्रकाशित प्रारूप निर्वाचक सूची में सम्मिलित नहीं पाया गया, उनके नामों की सूची मतदान केन्द्रवार संकलित कर कारण सहित प्रदर्शित कर दी गयी है। इस सूची में मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित, अनुपस्थित अथवा दोहरी प्रविष्टि जैसे कारण स्पष्ट रूप से अंकित किए गए हैं, ताकि जनता पारदर्शी रूप से अवगत हो सके। यह सूची प्रखण्ड कार्यालय नवीनगर के सूचना पट्ट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध करा दी गई है, जिससे सभी नागरिक एवं राजनीतिक दल इस संबंध में साक्ष्य पूर्वक जानकारी प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर सभी प्रखंड स्तरीय राजनीतिक दलों की एक महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें सभी प्रमुख दलों के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधिगण मौजूद रहे। बैठक में निर्वाचन प्रक्रिया को शुद्ध, पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाए रखने पर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित सभी दलों के प्रतिनिधियों ने निर्वाचन आयोग द्वारा उठाए गए कदम का स्वागत किया तथा मतदाताओं को जागरूक करने और दावे-आपत्ति पंजीकरण की प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। अंत में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-सहायक निर्वाचन पदाधिकारी, द्वारा यह अपील की गई कि जिन निर्वाचकों का नाम प्रारूप सूची में विलोपित पाया गया है, वे आवश्यक दस्तावेज़ों के साथ निर्धारित तिथि के भीतर दावा एवं आपत्ति प्रस्तुत करें, ताकि उन्हें अंतिम मतदाता सूची में शामिल करने की प्रक्रिया पूरी की जा सके।

## 'सुशासन का सार आपके द्वार' कार्यक्रम की शुरूआत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** जिला के 141 चेरिया बरियारपुर विधानसभा क्षेत्र के सकरवासा पंचायत के मोहनपुर टोला में सुशासन का सार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष जियाउल्लाह ने की। कार्यक्रम चेरिया बरियारपुर प्रखंड के सकरवासा पंचायत के मोहनपुर महादलित टोला में आयोजित किया गया। साथ ही खोदावन्दपुर प्रखंड के नुरूल्लापुर में प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार के द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जदयू जिला संगठन प्रभारी शिवनंदन सिंह, अर्थोपेदिक सर्जन सह प्रदेश सलाहकार समिति सदस्य डा. प्रवीण कुमार, पूर्व मंत्री मंजू वर्मा, रोसरा विधानसभा प्रभारी बिपिन मिश्रा, प्रदेश महासचिव किसान प्रकोष्ठ विकाश कुशवाहा, जिला सचिव संजय सिंह, तकनिकी प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष मुकेश राय, नगर उपाध्यक्ष हरे कृष्ण महतो, शिक्षा प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष ललन शर्मा, अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष मो अखलाक, पंचायत अध्यक्ष रामाशीष, युवा प्रखंड अध्यक्ष मो भोला चन्द्रशेखर महतो, सीताराम दास, मंटुन यादव सहित कई कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर मुख्यमंत्री के द्वारा कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी बुकलेट के माध्यम से आम जनता के बीच दिया गया। एक करोड़ 67 लाख उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली मुक्त, 400 की जगह प्रतिमाह, 1100 सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सात निश्चय -2 के तहत घोषित 20 लाख नौकरी एवं रोजगार की जगह 50 लाख लोगों को नौकरी और रोजगार देने के बाद अब अगले 5 साल में युवाओं के लिए एक करोड़ नौकरी और रोजगार की व्यवस्था की जाएगी। आम लोगों ने भी मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नहीं थमे की विकास की रफ्तार, फिर से लाएंगे एनडीए सरकार।

## दिवंगत बीडीओ को दी गई श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अंबा (औरंगाबाद)।** बीडीओ मनोज कुमार के आकस्मिक निधन से प्रखंड क्षेत्र में शोक व्याप्त है। चारों तरफ लोग उनके व्यक्तित्व की चर्चा और शोक व्यक्त करते देखे जा रहे हैं। यथार्थ यही है कि इंसान चला जाता है लेकिन उनकी कृतियां अमर हो जाती है। मनोज कुमार ने अपने कार्यकाल में उक्त बातों को सिद्ध कर दिया है। जिसका परिणाम है कि उनके जाने के बाद भी लोग सम्मान के साथ उनके व्यवहार और कृतित्व की चर्चा कर रहे हैं। जगह-जगह शोक सभा कर लोग उनके प्रति अपना स्नेह और सम्मान प्रकट कर रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी प्रखंड कर्मीयों ने मौन धारण कर मृतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और दिवंगत बीडीओ के सम्मान में अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर अंचल अधिकारी चंद्र प्रकाश, बीपीआरओ हरेंद्र चौधरी, प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी शिशिर कुमार रंजन, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान समन्वयक दिनेश कुमार, ललन राम, शुभम कुमार, सुजीत कुमार, परशुराम कुमार, रमाकांत कुमार, अमित मालाकार एवं समस्त प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## एक नजर

### यौन शोषण का लगा आरोप

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शिवाजीनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रजौर रामभद्रपुर पंचायत में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। पंचायत की एक किशोरी ने छह युवकों पर जबरन यौन शोषण का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में पीड़िता ने शिवाजीनगर थाना पहुंचकर आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता द्वारा दर्ज कराए गए आवेदन पर तत्काल संज्ञान लेते हुए शिवाजीनगर पुलिस ने कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि किशोरी के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। त्वरित कार्रवाई के क्रम में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि शेष आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष ने कहा कि मामला गंभीर है और किसी भी सूरत में आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### पांच दिनों से किशोरी लापता

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाने के एक गांव से पांच दिनों से एक किशोरी लापता है। किशोरी की माँ ने पुत्री के साथ अनहोनी की आशंका जाहिर करते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए गांव के ही तीन लोगों को नामजद किया है। उसने दिए आवेदन में कहा है तीनों व्यक्तियों ने एक राय बनाकर 14 अगस्त की शाम को बुरी नीयत से मेरी बेटी को लापता कर दिया है। वह अपने दरवाजे पर बैठी हुई थी। तीनों व्यक्तियों ने ही इसे गायब किये हैं। उसने इसकी बरामद्गी की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने कांड अंकित कर बरामद्गी हेतु अग्रेतर कार्रवाई शुरूकर दिया है।

### भूधारियों के बीच प्रपत्र का वितरण

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल के विभिन्न राजस्व ग्राम में राजस्व महाभियान के तहत भूधारियोंके बीच प्रपत्र का वितरण किया। सीओ सूरज कुमार ने कहा कि गठित टीम के सदस्यों ने सभी राजस्व ग्राम में 1200 भूधारियो के बीच प्रपत्र का वितरण किया। उन्होंने कहा कि भूधारियो के भूमि में त्रुटि सुधार हेतु 20 सितम्बर तक राजस्व महाभियान चलेगा। इसमें परिमार्जन, खाता, खेसरा संधारण, मृत भूधारियो के नाम की जमीन को वंशावली के आधार पर नाम हस्तांतरण आदि कार्य संपादित होगा। मौके पर आर ओ लवली कुमारी, राजस्व कर्मचारी सिया राम, अवधेश कुमार, नरेंद्र कुमार,अभिमन्यु कुमार, गोपाल कुमार, अंचल अमीन जूली कुमारी, पंचायत सचिव राम विनय सिंह, चंदन कुमार, विकास मित्र मुकेश कुमार, अर्जुन रजक, रानी, पूनम, विदुषी भारती, मधुमाला, महेशवाड़ा उपमुखिया रेणु कुमारी, वार्ड सदस्य शांति देवी, मो सलमान, शत्रुघ्न कुमार आदि मौजूद थे।

### बूथ स्तर पर एएसडी सूची का प्रकाशन

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के विभिन्न बूथों पर सोमवार को ए एस डी सूची का प्रकाशन वहां के बूथ अफिसर के द्वारा कर दिया गया है। साथ ही प्रखंड कार्यालय परिसर में भी पुरे प्रखंड क्षेत्र का सूची का प्रकाशन भाजपा के मंडल अध्यक्ष सह बीस सूत्री के प्रखंड अध्यक्ष वीरसेन विक्रम, जदयू के प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री के प्रखंड उपाध्यक्ष प्रमोद चौधरी एवं अन्य कर्मचारी के साथ किया गया है। इस सूची में वैसे वोटर का नाम प्रकाशित किया गया है जिनका नाम एक अगस्त को प्रकाशित वोटर सूची से हटा दिया गया है। यह सूची सुप्रीम कोर्ट के 14 अगस्त को पारित अंतरिम न्यायादेश के आलोक में प्रकाशित किया गया है। इस सूची में किस कारण से वोटर का नाम कटा है वो उनके नाम के सामने अंकित है। इस लिस्ट से असंतुष्ट व्यक्ति अपना साक्ष्य के साथ अपना दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। जानकारी देते हुए वीरपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी पंकज कुमार शक्तिधर ने बताया कि पूरे प्रखंड से 4578 वोटर का नाम कटा है। जिसमें कुछ व्यक्ति का मृत्यु हो चुका है तो कुछ अनुपस्थित पाए गए हैं, कुछ लोगों का नाम दो जगह है।

### विलोपित नाम की सूची की गई प्रदर्शित

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के सार्वजनिक स्थानों पर सोमवार को निर्वाचन विभाग के द्वारा मतदाता सूची से विलोपित नाम की सूची प्रदर्शित किया गया है। सहायक निर्वाची पदाधकारी सह बीडीओ चिरंजीव पांडे ने बताया की प्रखंड मुख्यालय सहित सभी पंचायत के पंचायत भवन और मतदान केंद्र पर बीएलओ के द्वारा मृत मतदाता, दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाता एवं शिफ्टिंग वाले मतदाताओं की सूची स्थानीय ग्रामीणों के मौजूद्गी में दीवार पर आम लोगों के जानकारी हेतु चिपकाया गया है। इस संदर्भ में आम लोगों से सूची में दर्ज नाम के आधार पर दावा आपत्ति की अपील की गयी है। इस अवसर पर धर्मशील कुमार,पंकज कुमार, हरिहर सहनी, श्रवण कुमार, शकील अहमद बेग, अमित कुमार, रविंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से युवती की मौत

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाने के रजाकपुर में अज्ञात वाहन की ठोकर से एक युवती गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जख्मी मटिहानी थाने के महेन्द्रपुर की वौए लाल शर्मा की 16 वर्षीया पुत्री प्रियम कुमारी है। घटना रविवार देर शाम की है। वह अपने ननिहाल रजाकपुर रक्षाबंधन में आई थी। रविवार को देर शाम नावकोठी बाजार से ई रिक्शा से रजाकपुर आई थी। रिक्शा से उतरकर ननिहाल जा रही थी। विपरित दिशा से अनियंत्रित गति से आ रही अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। ठोकर लगने के बाद जख्मी हो कर सड़क पर गिर गई। आनन फानन में लोगों ने इलाज हेतु बेगूसराय ले गए। वहाँ चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपूर्द कर दिया। मौत की खबर सुनकर परिजनों के चीत्कार से वातावरण गमगीन हो गया। उप प्रमुख नंद किशोर पासवान, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार, पैक्स अध्यक्ष राजेश कुमार आदि शोकाकुल परिजनों को ढाढस बंधाया तथा हर संभव मदद का भरोसा दिया।

### कार्यक्रम में शामिल होंगे मंत्री डा. अशोक चौधरी

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड स्थित जय मां काली मंदिर बखोरापुर के परिसर में जदयू प्रदेश महासचिव अरविंद कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह रविवार को पुरे लाव लस्कर के साथ बखोरापुर पहुचें। जहां मौजूद मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी व ग्रामीणों ने जमकर स्वागत किया। नीतीश के हनुमान छोटू सिंह 20 अगस्त 2025 को पड़रिया खेल मैदान में 1 बजे दिन में होने वाले कार्यक्रम के सफलता के लिए निमंत्रण देने आये थे। यह कार्यक्रम बिहार सरकार द्वारा आयोजित बताया जा रहा है। जिसमें 200 करोड़ की विकास कार्यो का घोषणा ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री डा अशोक चौधरी, कैबिनेट मंत्री लेसी सिंह, मंत्री जमा खान संयुक्तरुप से करेंगे। वही बिहार कॉपरेटिव बैंक के चेयर मैन विजय कुमार सिंह 15 करोड़ के योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बड़हरा विधानसभा के गांव में छोटू सिंह लगातार जनसंपर्क का दावा कर रहे है। जहां लाखों लोगों के जुटने का अनुमान लगाया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जय मां काली बखोरापुर ट्रस्ट के मुख्य सलाहकार डा लक्ष्मण तिवारी, उपाध्यक्ष मंगल सिंह, मुख्य संरक्षक सुनील सिंह गोपाल, सह मुख्य संरक्षक रवि शंकर सिंह समेत भारी संख्या में ग्रामीण प्रयत्नशील है।

### दहेज के लिए मारपीट

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राजधानी पटना में दहेज प्रथा का एक और शर्मनाक मामला सामने आया है. आगरा की रहने वाली प्रियंका शर्मा ने अपने पति यशराज सिंह और सास विभा पर दहेज की मांग पूरी न होने पर मारपीट और जान से मारने की कोशिश करने का गंभीर आरोप लगाया है। इस मामले में महिला थाना पटना में प्राथमिकी संख्या 04/2025 दर्ज की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### शिविर में होगा 40 आशा कार्यकर्ताओं का चयन

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बगहा एक प्रखंड के आधा दर्जन पंचायतों में 40 आशा कार्यकर्ताओ का चयन होगा। चयन प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी हो इसको लेकर प्रखंड स्तर पर चयन समिति का गठन हुआ। चयन समिति के गठन को लेकर बगहा एक बीडीओ प्रदीप कुमार के नेतृत्व में पदाधिकारियों की बैठक हुई। बीडीओ ने बताया कि प्रखंड के महिपुर भथौड़ा, मेहुडा, कोल्हाआ चौतरवा, पतिलार, रायबारी महुआ, चंद्रहा रुपवालिया पंचायत में आशा का चयन होना है उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए पीएसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सूर्य नारायण महतो के नेतृत्व में चयन समिति का गठन किया गया है। जिनके देखरेख में चयन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। बैठक में बीसीओ पुरनचंद्र शर्मा, एमओ प्रतिमा कुमारी, राजस्व पदाधिकारी विकास कुमार प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक अश्विनी कुमार, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी सहित विभिन्न पंचायत के जनप्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

### सीओ ने की राजस्वकर्मियों के साथ बैठक

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जमाबंदी में व्याप्त त्रुटियों के निराकरण को लेकर चलाया जा रहे राजस्व महा अभियान की सफलता को लेकर अंचल बगहा एक के सीओ ने हल्का कर्मियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने सभी हल्का कर्मियों को कहा कि जमाबंदी प्रपत्र का वितरण शत प्रतिशत होना चाहिए। इस कार्य में किसी भी स्तर पर कोताही या शिथिलता हुई तो संबंधित कर्मी पर कार्रवाई की जाएग। राजस्व के लंबित मामलों के निष्पादन को लेकर भी हल्का कर्मियों को एक सप्ताह के अंदर सभी प्रकार के लंबित मामलों के निष्पादन करने की बात कही । वही भूमि मापी के 24 घंटे के बाद इसका प्रतिवेदन अंचल कार्यालय को लसौंपने को कहा । उन्होंने कहा कि अगर जमाबंदी प्रपत्र के वितरण में कहीं से भी कोई शिकायत मिलती है तो संबंधित कर्मी को चिन्हित कर उन पर कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी। गौरतलब हो की 16 अगस्त से 22 अगस्त तक अंचल के सभी हल्का में जमाबंदी प्रपत्र के वितरण को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। प्रपत्र के वितरण के बाद इसमें व्याप्त त्रुटियों को निराकरण को लेकर पंचायत में कैंप का आयोजन होगा। जिसमें हल्का कर्मी ,अमीन की उपस्थिति में सभी प्रकार के त्रुटियों का निराकरण किया जाएगा एवं जमाबंदी को त्रुटिहीन बनाया जाऐगा।

### बगहा में 90 वारंटों का निष्पाद न 27 गिरफ्तार

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनी रहे इसके मद्देनजर बगहा पुलिस की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। एसपी के निर्देश के आलोक में चलाए गए विशेष अभियान के द्वारा पुलिस जिला के विभिन्न थानों की पुलिस के द्वारा 27 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई है तो 90 वारंटो का निष्पादन किया गया है। एसपी सुशांत कुमार सरोज के दिशानिर्देश में चलाए गये वाहन जांच अभियान में यातायात समेत विभिन्न थाना की पुलिस के द्वारा 369 वाहनों की जांच गई जिनपर 65 हजार रुपया का जुमार्ना लगाया गया। वही दूसरी ओर पुलिस ने अवैध शराब मामले में 20 .5 लीटर अंग्रेजी शराब एवं 10 लीटर देशी शराब बरामद किया है।

### मारपीट मे नौ पर केस

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मानपुर थाना क्षेत्र के डमरापुर गांव में मजदूरी कर घर घर लौट रहे युवक के साथ मारपीट कर घायल कर देने के मामले में केस दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष अर्चना सिन्हा ने बताया कि अर्जून राम के फर्दबयान पर रामबाबू श्याम बाबू समेत 9 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### उर्वरक विक्रेता पर दर्ज हुयी प्राथमिकी

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इनरवा थाना के झझरी गांव में खाद की कालाबाजारी करने अधिक से अधिक मुल्य पर पर खाद बेचने के आरोप में गौरीशंकर खाद भंडार के प्रोपराइटर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस निरीक्षक सरफराज अहमद ने बताया कि नोडल कृषि समन्वयक-सह-उर्वरक निरीक्षक के आवेदन पर प्रोपराइटर हरेन्द्र राम के विरूद्ध इनरवा थाने में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### चुलाई शराब के साथ धंधेबाज गिरफ़्तार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर पुलिस ने डीके शिकारपूर में छापेमारी कर चुलाई शराब के साथ एक धंधेंबाज को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार धंधेंबाज की पहचान डीके शिकारपूर गाव निवासी शेख असलम के रूप में हुई है।छापेमारी में उसके दुकान से पुलिस ने चार लीटर चुलाई शराब भी बरामद किया हैं। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि गिरफ्तार धंधेंबाज दुकान की आड़ में शराब की बिक्री करता है। सूचना पर एक टीम का गठन कर छापेमारी के लिए भेजा गया। छापेमारी के दौरान धंधेंबाज को शराब के साथ रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया। उसके दुकान से शराब भी बरामद की गई है।मामले में उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्जकर गिरफ्तार धंधेंबाज को जेल भेज दिया गया है।

### मारपीट मामले में फरार युवक गिरफ्तार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के धुमनगर गाव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार युवक की पहचान धुमनगर गाव निवासी परवेज आलम के रूप में हुई है। वह पांच माह से फरार चल रहा था। घटना विते छह मार्च की है। मामले में धुमनगर निवासी साकीर हुसैन ने शिकारपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी परवेज को गिरफ्तार किया गया है। जिसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### मंदिर की भूमि अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के सेमरी पंचायत अंतर्गत हिच्छोपाल गांव में भगवती स्थान एवं ब्रह्मस्थान की भूमि से अतिक्रमण हटाने को लेकर ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी को आवेदन देकर अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। स्थानीय लालदेव राम, विपिन महतो, अजय कुमार, रंजीत कुमार, अमरेश महतो, सूरज कुमार, चुमन साह, महेश साह, रामाशीष राम,दीपक कुमार, कमलेश प्रसाद, जयलाल पासवान, जितेंद्र तिवारी, पिंटू राम, अवधेश पासवान, मोटर महतो आदि ग्रामीणों ने सीओ को लिखित आवेदन देकर बताया है कि भगवती स्थान एवं ब्रह्मस्थान के इर्द गिर्द बसे कुछ लोग भूमि को हड़पने की नियत से उसका अतिक्रमण कर रखे हैं। लोगो का कहना है कि वे लोग जब मंदिर परिसर में चापाकल लगाने गए तो उक्त अतिक्रमणकारी चापाकल नहीं लगाने दिए और मारपीट पर उतारू हो जा रहे है। ग्रामीणों ने सीओ से उक्त भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। इधर सीओ सुधांशु शेखर ने बताया कि आवेदन मिला है। मामले में जांच करवाया जाएगा। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### भाजपा जिला युवा मोर्चा के पदाधिकारियों की सूची घोषित

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा युवा मोर्चा जिला रक्सौल के नवनियुक्त पदाधिकारियों की सूची जिला अध्यक्ष के द्वारा जारी किया गया है उक्त बातें आदापुर में क्षेत्र भ्रमण के दौरान जिला अध्यक्ष चितरंजन यादव ने बताया ,जो निम्नलिखित है अध्यक्ष पद से चितरंजन यादव, उपाध्यक्ष पद पर प्रशांत सूर्य वंशी,बिजय कुमार कुशवाहा, छोटे लाल यादव, राहुल कुमार, जिला महामंत्री मदन पटेल, प्रिंस कुमार चौबे, जिला मंत्री नवल सहनी, रंजीत दास, मुन्ना सिंह, मृत्युंजय पटेल नीरज कुमार कुशवाहा जिला कोषाध्यक्ष विकास गुप्ता मीडिया प्रभारी मनमोहन सिंह सोशल मीडिया प्रभारी राजेश्वर यादव स्टडी सेल दीपक कुमार सिंह मिथिलेश कुमार भगत अनुज कुमार को बनाया गया।

### तीन एनबीडब्ल्यू वारंटी के साथ एक पियक्कड़ गिरफ्तार

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय थाना प्रभारी ने विभिन्न मामलों के चार आरोपियों को गिरफतार कर मोतिहारी भेज दिया है, थाना अध्यक्ष धर्मवीर कुमार चौधरी ने बताया कि तीन एनबीडब्ल्यू वारंटी मूर्तियां गांव निवासी नासिर अहमद के पुत्र सेराज आलम,विशुनपुरवा गांव निवासी बसिरुल हसन के पुत्र मोहम्मद सलीम,भुखल राम के पुत्र रूदल राम, शराब सेवन के आरोप में चैनपुर गांव निवासी तिलक राऊत के पुत्र रामप्रवेश कुमार को गिरफतार कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### राजस्व महा अभियान का आठ पंचायत में लगेगा शिविर

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजस्व महा अभियान के तहत आज से अंचल क्षेत्र अंतर्गत आठ पंचायत में शिविर का आयोजन होगा। इसके साथ ही यह शिविर नगर परिषद में भी आयोजित किया जाएगा। अंचल प्रशासन द्वारा इसको लेकर एक रोस्टर जारी किया गया है। जिन पंचायतों में राजस्व महा अभियान के पहले चरण मे शिविर लगेगा उसमे भेड़िहरवा, केसरिया, राजपुर तुमकड़िया, धुमनगर, सेमरी, मलदहिया पोखरिया, केहुनिया रोआरी व बरवा बरौली पंचायत समेत नगर परिषद भी शामिल है। इसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है।

# बेतिया में अत्याधुनिक खुदरा मत्स्य बिक्री बाजार का उदघाटन

## करोड़ो की अन्य योजनाओं का मंत्री ने किया शिलान्यास






**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सुबे की पशु संसाधन एवं मत्स्य मंत्री रेणु देवी ने कहा है कि पहले बिहार में दूसरे प्रांतो से मछली का आयात किया जाता था लेकिन राज्य सरकार के सहयोग एवं यहां के मत्स्यपालक किसानों के मेहनत का परिणाम है कि आज बिहार मछली निर्यातक राज्य बन गया है। आज राज्य से करीब 6.30 हजार मीट्रीक टन मछली का निर्यात दूसरे प्रदेशों एवं नेपाल को किया जा रहा है। पहले मछली का उत्पादन बिहार में कम होता था। लेकिन विगत वर्ष 2024-25 में बिहार में 9.59 लाख मीट्रीक टन मछली का उत्पादन हुआ है। वे सोमवार को नगर के प्रेक्षागृह में मत्स्य संसाधन विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। इस दौरान मत्स्य पालकों को विभिन्न योजनाओं के तहत करोड़ो रुपये की राशि के साथ हीं पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के तहत आधारभूत संरचनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास एवं लाभुकों को डमी चेक, मत्स्य विपणन किट, साइकिल-सह-आइस बॉक्स व कायादेश का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर मुख्य सचिव डॉ. एन. विजयलक्ष्मी ने की। इसके पूर्व मंत्री रेणु देवी, ने हरिवाटिका मत्स्य बीज प्रक्षेत्र पर खुदरा मत्स्य बिक्री बाजार का उद्घाटन किया। वहीं कॉम्फेड के तिरहुत दुग्ध संघ के तहत 10 करोड़ रुपये की लागत से 1 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता के अत्याधुनिक दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र, अनुमंडलीय पशु चिकित्सालय, बेतिया व जिलास्तरीय संसाधन व प्रशिक्षण केंद्र का शिलान्यास किया गया। यह संयंत्र 25,000 दुग्ध उत्पादक किसानों को लाभ देगा, 300 प्रत्यक्ष व 1,000 अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित करेगा। कार्यक्रम में प.चंपारण के सांसद डा. संजय जायसवाल, विधायक नारायण साह, उमाकांत सिंह, मत्स्य विभाग के निदेशक अभिषेक रंजन निदेशक पशुपालन उज्जवल कुमार सिंह, ने भी संबोधित किया।अपर मुख्य सचिव डॉ. एन. विजयलक्ष्मी ने मत्स्य, पशुपालन व गव्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य की सराहना की और बिहार के 25,000 करोड़ के मत्स्य कारोबार को 1 लाख करोड़ तक बढ़ाने की संभावनाएँ जताईं। कार्यक्रम में 305 लाभुकों को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मुख्यमंत्री मछुआरा कल्याण योजना के तहत 121.43 लाख रुपये की अनुदान राशि, मत्स्य शिकारमाही, विपणन किट व साइकिल-सह-आइस बॉक्स वितरित किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त सुमीत कुमार, केदारनाथ सिंह, पवन कुमार पासवान, डॉ. सुनील ठाकुर, विनोद कुमार व पियुष रंजनस आदि भी मौजूद रहे।

### बोगी में कुत्ते के बंधे होने के कारण डेढ़ घंटे देरी से खुली ट्रेन

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रक्सौल समस्तीपुर पैसेंजर ट्रेन के महिला बोगी में एक कुत्ते के बंधे होने के कारण ट्रेन अपने निर्धारित समय से करीब डेढ़ घंटे देरी से खुली। दरअसल किसी अज्ञात शख्स ने सोमवार को रक्सौल समस्तीपुर पैसेंजर ट्रेन की महिला बोगी में कुत्ते को बांध दिया था। जिसके बाद जब महिला पैसेंजर उस बोगी में सवार होने के लिए घुसी तो कुत्ता आक्रामक हो उन पर भौकने लगा, जिसके बाद सभी महिला पैसेंजर घबरा कर उस बोगी से उतर गई। इस बात की जानकारी होते ही जीआरपी और आरपीएफ के लोग भी उक्त स्थल पर पहुंचे लेकिन कुत्ते के और ज्यादा आक्रामक हो जाने के कारण वे लोग भी उसे काबू में नही कर पाएं। इसके बाद उस बोगी को बाहर से बंद कर दिया गया और उसके बगल के बोगी में स्कार्ट पार्टी की तैनाती करके ट्रेन को आगे बढ़ाया गया। इस पूरी प्रक्रिया में ट्रेन अपने निर्धारित समय से करीब डेढ़ घंटे लेट हो गई।

# जिला के 12 विधानसभा क्षेत्रों के लिए प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखा कर किया गया रवाना

## जिला के सभी 12 विधानसभा क्षेत्र में मोबाइल प्रचार वाहनों के माध्यम से मतदाताओं को मिलेगी EVM / VVPAT की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी, सशक्त एवं सहभागितापूर्ण बनाने की दिशा में जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण के निर्देश के आलोक में नगर आयुक्त नगर निगम मोतिहारी, उप विकास आयुक्त एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर ईवीएम / वीवीपैट हैंडस ऑन ट्रेनिंग के लिए प्रचार वाहनों को रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला जनसंपर्कपदाधिकारी जिला कृषि पदाधिकारी, निदेशक डीआरडीए सहित अन्य पदाधिकारी एवं समाहरणालय संवर्ग के कर्मिंगण उपस्थित थे ' निर्वाचन आयोग के द्वारा व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के सभी 12 विधान सभा क्षेत्रों में कुल 12 (प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक) मोबाइल प्रचार वाहन को भेजा गया, जिनके माध्यम से मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वोटर वेरीफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल की कार्यप्रणाली से परिचित कराया जाएगा तथा उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। प्रचार वाहन निर्धारित विधानसभावार रूट चार्ट के अनुरूप मतदाताओं तक पहुंचेंगे और उन्हें मतदान की प्रक्रिया के प्रति जागरूक करेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी ही सबसे बड़ा आधार है। यह आवश्यक है कि प्रत्येक मतदाता न केवल मतदान केंद्र तक पहुंचे बल्कि मतदान मशीनों की पारदर्शी कार्यप्रणाली से भी भली - भांति अवगत हो। हरी झंडी दिखाने के पश्चात नगर आयुक्त ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि इवीएम और वीवीपेट पूरी तरह सुरक्षित एवं विश्वसनीय हैं। इनकी तकनीक को समझने से मतदाता मतदान के दिन निर्भीक एवं आत्मविश्वास के साथ अपना मत दे सकेंगे। जागरूकता अभियान के लिए प्रचार वाहनों को सुदृढ़ व्यवस्थाओं के साथ रवाना किया गया है। प्रत्येक वाहन पर मास्टर ट्रेनर प्रतिनियुक्त हैं जो मतदाताओं को मशीन की कार्यप्रणाली समझाएंगे और व्यावहारिक प्रशिक्षण देंगे। इसके साथ प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी संचालन की निगरानी करेंगे ताकि गतिविधियों में पारदर्शिता और सुचिता बनी रहे। इस दौरान पुलिस बल की उपस्थिति भी रहेगी, जिससे सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद बनी रहे। वाहनों पर बैनर और स्टैंडी लगाए गए हैं जिससे प्रचार दृश्यात्मक रूप से भी प्रभावी हो। इन वाहनों के माध्यम से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के मतदाताओं को हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग उपलब्ध कराई जाएगी। प्रचार वाहनों पर रखी गई इवीएम और वीवीपेट मशीनों को पुलिस अभिरक्षा में सुरक्षित रखा जाएगा। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस संबंध में किसी भी प्रकार की चूक या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा सभी सहायक निर्वाचन पदाधिकारियों को प्रतिदिन की कार्ययोजना के अनुरूप मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया है। वहीं प्रखंड स्तर पर इसकी निगरानी प्रखंड विकास पदाधिकारी करेंगे । इन प्रचार वाहनों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य यही है कि मतदाता मतदान के दिन किसी प्रकार की झिझक या आशंका महसूस न करें। उन्हें मतदान केंद्र पर पहुंचकर मशीन का सही उपयोग करने में आत्मविश्वास मिले और वे निडर होकर लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग कर सकें। इस अभियान से जिले में मतदाता जागरूकता को नया आयाम मिलेगा। यह पहल न केवल मतदाताओं में जागरूकता लाएगी बल्कि लोकतंत्र की जड़ों को और अधिक मजबूत करेगी । साथ ही इससे यह संदेश भी जाएगा कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है ।

# पंचायतों में शिविर लगाकर भूमि संबंधी कागजातों में किया जा रहा है सुधार

## जमीन के कागज में करें सुधार राजस्व विभाग पहुंचा आपके द्वार ' के तहत लगा शिविर

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग बिहार पटना द्वारा ' जमीन के कागज में करें सुधार राजस्व विभाग पहुंचा आपके द्वार ' के तहत शिविर लगाकर भूमि विवादों का निपटारा और भूमि कागजातों की त्रुटि में सुधार के लिए राजस्व महाअभियान की शुरूआत किया गया है। जिसको लेकर चिरैया प्रखंड के सभी पंचायतों के प्रत्येक गांवों में शिविर के माध्यम से राजस्व कर्मचारी सहित अन्य कर्मियों द्वारा जमाबंदी रैयतों और ग्रामीणों के कागजातों एवं आवेदन पत्र को जमा किया जा रहा है। इसके तहत शिविर में ऑनलाइन जमाबंदी, जमाबंदी में त्रुटि सुधार (परिमार्जन), उत्तराधिकार नामांतरण, बंटवारा नामांतरण, छूटी हुई जमाबंदी ऑनलाइन कराना, अपना नाम, खाता, खेसरा, रकबा और लगान की शुद्धियों का सुधार कराना है। इस महाअभियान को लेकर 15 अगस्त से 20 सितम्बर तक अभियान चलेगा। प्रखंड क्षेत्र के पंचायतों में एवं पंचायत सरकार भवन या सरकारी भवन पर शिविर लगाकर लोगों से प्रपत्र प्राप्त करने को कहा गया है। वही पंचायत के हर घरों में डोर टू डोर जाकर कागजात एकत्रित करने को को कहा गया है। प्रखंड के खड़तरी मध्य पंचायत व सेमरा पंचायत सरकार भवन, मीरपुर पंचायत भवन, कृषि भवन मिश्रौलिया, महुआवा पंचायत सरकार भवन सहित अन्य जगहों पर शिविर लगाकर रैयतों के जमाबंदी सुधार करना है। जिसमें रैयतों को लगान रसीद कटवाने मे परेशानी नहीं होगी। इधर अंचलाधिकारी आराधना कुमारी ने बताया कि राजस्व महाअभियान 16 अगस्त से 20 सितम्बर तक चलेगा।

### सामूहिक प्रयास से ही समृद्ध बिहार का निर्माण : अनिल

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मझौलिया प्रखंडअंतर्गत बेतिया विधानसभा क्षेत्र के बखरिया में जनसुराज पार्टी के बैनर तले बदलाव सभा का आयोजन किया गया। यहां आयोजित सभा को संबोधित करते हुए जनसुराज के वरीय नेता अनिल सिंह अपने संबोधन में अनिल सिंह जी ने जन सुराज के उद्देश्यों को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि यह



कोई राजनीतिक पार्टी नहीं, बल्कि एक सामूहिक प्रयास है जिसका लक्ष्य बिहार के विकास और शिक्षा में सुधार लाना है। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा, निकलने का रास्ता, हर घर स्कूल का बस्ता का नारा देते हुए उन्होंने बच्चों को शिक्षित बनाने की दिशा में काम करने की बात कही।

# चेतना (प्रज्ञा प्रवाह) मासिक व्याख्यानमाला में 'भारत का स्व' विषय पर विमर्श



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चेतना (प्रज्ञा प्रवाह) मासिक व्याख्यान - माला के अंतर्गत ‟भारत का स्व" विषयक व्याख्यान का आयोजन सिंह क्लीनिक, मधुबन छावनी चौक, मोतिहारी में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. नागमणि सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर डॉ संतोष अनल (चेतना, प्रांत सह संयोजक) एवं अतिथि के तौर पर श्याम सुंदर (जिला सह संघ संचालक, आर एस एस) मौजूद रहे। डॉ. नागमणि सिंह ने कहा- ‟भारत का स्व केवल राजनीतिक या भौगोलिक पहचान नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, परंपरा और आध्यात्मिक चेतना का प्रतिबिंब है।" डॉ. संतोष कुमार अनल ने अपने विचार रखते हुए कहा- आज की पीढ़ी को यदि भारत का स्व समझना है तो उसे भारतीय चिंतन, दर्शन और जीवन मूल्यों से जुड़ना होगा।वहीं‟श्यामसुंदर जी ने इस अवसर पर कहा- भारत की आत्मा गाँवों में बसती है। जब तक गाँव आत्मनिर्भर नहीं होंगे, तब तक भारत के स्व की संपूर्णता अधूरी रहेगी।" कार्यक्रम का संचालन आयोजन समिति के संयोजक संजय कुमार (शिक्षक) ने किया। संजय कुमार ने बताया कि इस मासिक व्याख्यान का मुख्य उद्देश्य एक ऐसा बौद्धिक मंच का निर्माण करना है जहां समाज के बुद्धिजीवी एक साथ बैठ कर विचार विमर्श कर सके। यह आयोजन हर महीने मोतिहारी के विभिन्न स्थानों पर एवं अलग अलग विषयों पर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में डॉ. परमात्मा कुमार मिश्रा, मनीष मिश्रा, मनीष त्रिगुणायत, विजय कुमार, पवन कुमार, मयंक कपिला, रौशन कुमार पाण्डेय, विक्की श्रीवास्तव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### ट्रेन की चपेट में आने से क्रिकेट खिलाड़ी की मौत

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दरभंगा रक्सौल रेलखंड के घोड़ासहन स्टेशन के करीब एक किलोमीटर की दूरी पर अरुणा नदी के समीप ट्रेन के चपेट में आने से एक युवक की घटना स्थल पर मौत हो गयी। मृतक की पहचान जितना थाना क्षेत्र अगरवा गाँव निवासी योगेंद्र शाह का पुत्र रूपेश कुमार (23) के रूप में हुई है। स्थानीय युवको के बताया कि रूपेश क्रिकेट का अच्छा खिलाड़ी घोड़ासहन सहित आसपास के क्षेत्रों में क्रिकेट खेलता था। रेल पुलिस के अनुसार रक्सौल से आने वाली 75230 सवारी गाड़ी के चपेट में आने से युवक की मृत्यु हुई है। ईधर मृतक के परिजनों ने पुलिस को आवेदन देकर बताया है कि युवक कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार करने की बात बतायी है।

# मोबाइल ईवीएम डेमॉन्स्ट्रेशन वैन के माध्यम से मतदाताओं में जागरूकता बढ़ाने का अभियान

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देश के आलोक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिहार के कार्यालय द्वारा राज्य के सभी जिलों में स्थित प्रत्येक मतदान भवनों, निर्वाचक साक्षरता क्लबों आदि में मोबाइल डेमॉन्स्ट्रेशन वैन चलाने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। यह कार्य राज्य के सभी जिलों में दिनांक 18.08.2025 से प्रारंभ होगा। इसका परिचालन राज्य के सभी 243 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के 48043 मतदान भवनों में किया जाएगा। इस कार्य हेतु कुल 318 टऊश्र चलाये जाने की योजना है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप इस कार्यक्रम में आंशिक परिवर्तन कर सकते हैं। 01 माह के अंदर सभी प्रदर्शन का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की तिथि घोषित करने के तुरंत बाद यह प्रदर्शन रोक दिया जाएगा। मोबाइल डेमॉस्ट्रेशन वैन का मुख्य उद्देश्य आम जनता को ई.वी.एम. और वी.वी.पैट के प्रयोग एवं कार्यप्रणाली से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना है, ताकि मतदान प्रक्रिया को लेकर किसी प्रकार की भ्रांतियां दूर हों और मतदाता आत्मविश्वास के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। इस पहल का एक विशेष उद्देश्य प्रथम बार मतदान करने वाले युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को मतदान प्रक्रिया में सहजता प्रदान करना है । अनेक बार देखा गया है कि तकनीकी प्रक्रिया की जानकारी न होने के कारण मतदाता मतदान केंद्र पर संकोच महसूस करते हैं। इस वैन के माध्यम से उन्हें पहले ही प्रायोगिक अनुभव मिल जाएगा, जिससे मतदान दिवस पर वे बिना किसी झिझक के मतदान कर पाएंगे। इस वैन में प्रशिक्षित कर्मी उपलब्ध रहेंगे, जो लोगों को ई.वी. एम. के बटन दबाने से लेकर वी. वी.पैट स्लिप देखने तक की पूरी प्रक्रिया का लाइव डेमॉस्ट्रेशन देंगे। इसके अलावा नागरिकों के प्रश्नों के उत्तर भी मौके पर दिए जाएंगे। वैन में ऑडियो - विजुअल सामग्री, पोस्टर एवं बैनर के माध्यम से भी मतदान से जुड़ी जानकारी प्रदान की जाएगी। इसके मार्ग एवं समय की सूचना समय - समय पर जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी की जाएगी। विदित हो कि राज्य के सभी जिलों/अनुमण्डल कार्यालयों में 100 ई.वी.एम. डेमोंस्ट्रेषन सेन्टर स्थापित किये गये है। जहाँ अब तक 39871 लोगों ने अब तक भ्रमण कर ई.वी.एम. के संबंध में जानकारी प्राप्त की गयी है।

# रजिस्ट्रेशन नहीं होने से नाराज बच्चों ने किया हंगामा

## विद्यालय प्रबंधन पर लगाये कई गंभीर आरोप




**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के बनवरिया पंचायत अंतर्गत बनवरिया गाव स्तिथ उत्क्रमित उच्य विद्यालय बनवरिया में इंटर रजिस्ट्रेशन नही होने से नाराज छात्र छात्राओं ने सोमवार को जमकर हंगामा किया। हंगामा कर रहे छात्र छात्राओं का कहना था कि इंटर में रजिस्ट्रेशन के लिए चार माह पहले फीस से अधिक रुपए शिक्षकों द्वारा लिया गया है। साथ ही सभी जरूरी दस्तवेज भी जमा कराई गई। वावजूद उनका रजिस्ट्रेशन नहीं हो सका है। इतना ही नही बच्चों के द्वारा फीस के रुपये जमा करने की राशिद भी उन्हें नही दी गई। रजिस्ट्रेशन को लेकर जमा किये गए राशि की राशिद मांगने पर कोई भी शिक्षक जवाब नहीं दे रहा है। छात्र अंशु कुमारी,गीता कुमारी,मंशु कुमारी,मधु कुमारी,सोनी कुमारी,रोली कुमारी,मन्नू कुमार,प्रिंस कुमार, जयप्रकाश चौधरी,सुहैल अहमद,सुधांशु कुमार,समीर अंसारी समेत अन्य ने बताया कि स्कूल के प्रधान शिक्षक अजित कुमार आजाद के समय उन्होने रजिस्ट्रेशन का पैसा दिया था। उनका तबादला हो गया है।उनकी जगह पल्लवी गुप्ता नई प्रधानाध्यपक आयी हैं।उनसे पूछने पर उनके द्वारा बताया जा रहा है कि रजिस्ट्रेशन की बारे में कोई जानकारी नहीं है।ऐसे में उनके भविष्य का क्या होगा।छात्र छात्राओं ने बताया कि अन्य स्कूलों में डमी रजिस्ट्रेशन तक आ गया है और उसमें सुधार तक हो गया है।लेकिन उन्हें अभी तक अपने रजिस्ट्रेशन का पता नहीं है।छात्र छात्राओं ने बताया कि स्कूल के शिक्षक विजय राम के सामने ही उन्होंने रजिस्ट्रेशन के रुपए दिए हैं। प्रधानाध्यापक पल्लवी गुप्ता ने बताया कि रजिस्ट्रेशन की उन्हें जानकारी नहीं है।उन्होने बताया कि स्कूल के लगभग 187 बच्चो का रजिस्ट्रेशन नही हुआ है।जिसको लेकर जिला कार्यालय को सूचना दी जाएगी।उधर,बीइओ राजेश कुमार यादव ने बताया कि रुपए लेकर रजिस्ट्रेशन नहीं करना गंभीर मामला है। इस मामले की जांच की जाएगी जांच के बाद दोषी शिक्षको के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# राजस्व महा अभियान के अंतर्गत अपर समाहर्ता ने किया निरीक्षण



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिन्हा के द्वारा केसरिया अंचल के पूर्वी सुंदरपुर एवं ढेकहा पंचायत में राजस्व महाअभियान के तहत चल रहे कार्यो का निरीक्षण किया गया और रैयतों के बीच जमाबंदी पंजी और इंडेक्स का वितरण किया गया तथा अभियान के दौरान किए जाने वाले कार्यों को रैयतों के बीच साझा किया गया। सुंदरपुर पंचायत में राजस्व कर्मचारी सहित सभी प्रतिनियुक्त कर्मी उपस्थित पाए गए वहीं ढेकहा पंचायत में केवल राजस्व कर्मी ही उपस्थित पाए गए अन्य चारों सहयोग कर्मी अनुपस्थित पाए गए। जिस पर अपर समाहर्ता ने नाराजगी व्यक्त की एवं अंचल अधिकारी केसरिया को अनुपस्थित कर्मियों से स्पष्टीकरण करते हुए उनके वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया गया। अपर समाहर्ता ने कहा कि महा अभियान राज्य सरकार की बहुत ही महत्वाकांक्षी एवं सर्वोच्च प्राथमिकता वाला कार्य है । इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी एवं कमी पाए जाने पर करवाई सुनिश्चित की जाएगी। यहां से निकलने के बाद अपर समाहर्ता के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने ढेकहा पंचायत स्थित बांध का निरीक्षण किया।

# करंट लगने से किशोर की मौत, हत्या की आशंका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** जिले के काको प्रखंड के बीबीपुर स्थित आर.ओ. वाटर प्लांट में काम करने वाले एक 15 वर्षीय बालक की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान काको बाजार निवासी भूषण मिस्त्री के पुत्र शैलेश कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार शैलेश पानी फैक्ट्री में बोतल भरने का काम करता था। अचानक फैक्ट्री में शॉर्ट सर्किट होने से वह करंट की चपेट में आ गया। हालांकि मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उसे जहानाबाद सदर अस्पताल जहानाबाद ले जाने की कोशिश की, लेकिन तब तक रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और शैलेश को मृत देखकर चीत्कार करने लगे। मृतक के पिता भूषण मिस्त्री ने आशंका जताई कि यह मात्र हादसा नहीं बल्कि हत्या भी हो सकती है। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर मेरे बेटे को करंट लगा था तो तुरंत अस्पताल क्यों नहीं लाया गया? घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने प्रशासन से मामले की गहन जांच कर कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस या प्रशासन की ओर से किसी भी प्रकार का आधिकारिक बयान इस घटना पर नहीं आया है।

# पक्की सड़क पर जलजमाव से परेशान ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





## प्रशासनिक उदासीनता पर जताया आक्रोश, समस्या के समाधान की मांग

**जहानाबाद।** पानी रे पानी, तेरा रंग कैसा... कहीं पानी के लिए लोग तरसते हैं, तो कहीं पानी से लोग त्रस्त हैं। इसी कड़ी में जहानाबाद जिले के सदर प्रखंड के पिंजौर गांव के ग्रामीणों ने सड़क पर लगातार जलजमाव की समस्या को लेकर शकुराबाद-जहानाबाद मुख्य सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के बगल से गुजरने वाली पक्की सड़क पर हमेशा नाली और मलमूत्र युक्त गंदा पानी जमा रहता है। नाली निर्माण न होने की वजह से यह पानी निकल नहीं पाता, जिसके चलते ग्रामीणों सहित इस मार्ग पर आने जाने वाले लोगों को बीमारी, दुर्गंध और आवागमन की भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस अव्यवस्था से खासकर स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को काफी परेशानी हो रही है। सड़क जाम कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि इस रास्ते से स्कूली बच्चे रोजाना गुजरते हैं लेकिन पानी भरे रहने के कारण उनका स्कूल आना-जाना मुश्किल हो गया है। वहीं बुजुर्गों और महिलाओं को भी घर से निकलना दुश्वार हो गया है। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर वे कई बार प्रशासन और स्थानीय प्रतिनिधियों से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा कि सड़क तो बना दी गई, लेकिन नाली का निर्माण नहीं किया गया। यही वजह है कि सड़क हमेशा पानी में डूबी रहती है। चुनाव के समय नेता वोट मांगने आते हैं, लेकिन जनता की समस्या सुनने कोई नहीं आता। इस संबंध में ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा है कि जब तक अधिकारी मौके पर आकर समस्या का स्थायी समाधान नहीं बताते, तब तक वे सड़क जाम हटाने वाले नहीं हैं। फिलहाल इस मामले पर न तो प्रशासन की ओर से कोई अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं और न ही किसी स्थानीय नेता या प्रतिनिधि की प्रतिक्रिया सामने आई है। मांग पूरी होने तक ग्रामीण आंदोलन जारी रखने की बात कर रहे हैं। सड़क जाम रहने के कारण सड़क के दोनों ओर दर्जनों वाहन घंटों तक जाम में फंसे रहे। जरूरी काम से निकले कई लोग पैदल ही अपने गंतव्य की ओर निकल पड़े। भीषण गर्मी और उमस के कारण इस मार्ग पर यात्रा कर रहे यात्री सड़क जाम से परेशान दिखे। इस मार्ग पर नियमित वाहन चलाने वाले चालक भी सड़क पर जलजमाव को लेकर सड़क जाम करने की घटना को उचित ठहरा रहे थे। इस दौरान एक ऑटो रिक्शा चालक ने बताया कि इस स्थान से गुजरते समय काफी सावधानी बरतनी पड़ती है, अन्यथा राहगीर या गाड़ी पर बैठे यात्री को नाली के गंदे पानी का छीटा पड़ने पर हमें यात्रियों के कोपभाजन का शिकार होना पड़ता है। बताते चलें कि समाचार प्रेषण तक प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को समझा-बुझाकर लगभग चार घंटे सड़क जाम रहने के बाद तत्काल सड़क पर आवागमन बहाल कर दिया गया है।

# राजस्व महाअभियान 2025 का शुभारंभ

## 20 सितम्बर तक चलेगा महाअभियान, 23 अगस्त को दशवतखाप में आयोजित होगी महाअभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** 16 अगस्त से 20 सितंबर तक पूरे राज्य में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा राजस्व महाभियान 2025 की शुरुआत की गई है। मदनपुर अंचल के मदनपुर पंचायत के सभी प्रमुख गांवों में शिविर लगाकर जमाबंदी में सुधार हेतु कार्य किए जा रहे हैं। राजस्व कर्मचारी प्रभात रंजन नें बताया कि मदनपुर एवं एरकी कला पंचायत है। दोनों पंचायत के राजस्व गांवों, टोला एवं कस्बो में शिक्षा सेवक, विकास मित्रों एवं स्वच्छता पर्यवेक्षकों के सहयोग से जमाबंदी का वितरण किए जा रहे हैं। प्रथम शिविर 23 अगस्त को मदनपुर पंचायत के राजस्व गांव दशवतखाप के पंचायत भवन में आयोजित किया जाएगा। शिविर में जमाबंदी त्रुटि में सुधार, छुटे हुए जमाबंदी का चढ़ाया जाना, आपसी बंबारा एवं नामांतरण का कार्य किए जाएंगे। अभी सभी भूमि धारकों के द्वार पर जाकर जमाबंदी पंजी, शपथ पत्र, बंटवारा करनें हेतु प्रपत्र एवं छुटे हुए जमाबंदी को ऑनलाइन करने को ले प्रपत्र वितरण किए जा रहे हैं। शिविर भ्रमण एवं निरीक्षण के क्रम में मदनपुर पंचायत के शिवरामपुर सामुदायिक भवन के पास अंचलाधिकारी अकबर हुसेन नें बताया कि राजस्व महाभियान 2025 सरकार की प्राथमिकता में एक महत्वपूर्ण कार्य है। यह कार्य तय सीमा के अंदर संपन्न कर लिया जाएगा। भूमि का सर्वेक्षण कार्य पूरा हो जानें से जमीनी विवाद समा हो जाएंगे। इससे न्यायालय का समय की बचत होगी एवं विवादों में कमी आएगी। राजस्व महाभियान 2025 की सफलता पर किसान गुलाब यादव, शर्मानंद यादव, नफीस अहमद, विन्देश्वर भुइयां, आलोक यादव ने बताया कि सरकार नें एक माह का समय निर्धारित किया है, वो बेइमानी दिखती है। एक माह में यदि शत प्रतिशत जमाबंदी वितरण हो जाए तो इसकी संभावना कम दिखती है। जो जमाबंदी वितरण किए जा रहे हैं, उसमें अपना जमाबंदी का पेपर खोज लेना ही बड़ी मुश्किल कार्य है। पूरे पंचायत का जमाबंदी अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में एक ही भौलुम में समाहित है। दो दिनों से खोज रहे हैं, लेकिन अबतक जमाबंदी मिला नहीं है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सरकार का कम्प्युटरीकृत जमाबंदी ही त्रुटिपूर्ण है। कई लोगों का नाम ही प्रिंट नहीं किया गया है तो ढ़ेरो का नाम एवं पिता के नाम में ही त्रुटिपूर्ण है। जमाबंदी में नाम एवं पिता के जगह सिर्फ यादव-यादव, सिह-सिह एवं राम-राम ही लिखे गए हैं। ऐसे त्रुटिपूर्ण जमाबंदी किसका है या ना है, कैसे समझा जाएगा।

# मदनपुर प्रखंड के कोसडिहरा गांव में चार वर्षों से नहीं चल रही नल-जल योजना

## वार्ड में ग्रामीणों को नहीं मिलता है पानी, गांव में देखने तक नहीं जाते हैं पीएचइडी विभाग के अधिकारी

**रंजन कुमार / नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** राज्य सरकार ने वर्षो पहले गांवों में ग्रामीणों को स्वच्छ जल पहुंचाने को ले विभिन्न वार्डो में नल-जल योजना की शुरुआत की थी। सरकार का निर्णय था कि ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिले। गांवों में नल-जल योजना की शुरुआत तो हुई परंतु देखरेख के अभाव में स्थिति काफी बदहाल हो गई है। यहां सरकार के सभी दावे फ़ेल नजर आ रहा है। ग्रामीणों को नल-जल योजना से पानी नहीं मिल रहा है। मदनपुर प्रखंड के पिरवां पंचायत के कोसडिहरा गांव में बीते चार वर्षो से अधिक समय से नल-जल योजना बदहाल है। चार वर्ष पहले वार्ड में 10 लाख रुपये के तहत नल-जल योजना का कार्य किया गया था। नल-जल योजना के तहत पानी टंकी लगाया गया। पाइप बिछाई गई थी परंतु घरों में नल का टोटी नहीं लगाया गया है। गांव में कई जगहों पर पाइप क्षतिग्रस्त हो गए हैं। गांव में पानी की आपूर्ति बंद है। बता दें कि वार्ड में 120 से अधिक घरों की बस्ती है। लगभग सभी घरों में कनेक्शन है। ग्रामीण संजय सिंह, पंक ज कुमार, राजू सिंह, सुदीप कुमार सहित बताते हैं कि जब गांव में नल-जल योजना रहते हमलोग शुद्ध जल से वंचित हैं। पीएचइडी विभाग के अधिकारी चैन की नींद सो रहे हैं। नल-जल योजना की मरम्मत कराकर चालू नहीं कराया गया तो हमलोग आंदोलन करने को बाध्य होंगे। बताया कि जब गांव में नल-जल योजना की शुरूआत हुई थी तो खुशी हुई थी परंतु अब नल-जल योजना फेल हो गया है। कुछ ग्रामीणों द्वारा योजना के तहत लगे मोटर से खेत का पटवन किया जाता है। विभाग को चाहिए कि इसे दुरुस्त करवाकर चालू करवाए ताकि शुद्ध पानी के लिए ग्रामीणों को भटकना न पड़े। कई बार जलमीनार को चालू करवाने की मांग की गई लेकिन अभी तक चालू नहीं किया गया। मदनपुर बीडीओ अवतुल्य कुमार आर्य ने बताया कि गांवों में जाकर नल-जल योजना के तहत किए गए कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षणोपरांत पीएचइडी विभाग के अधिकारियों को मरम्मत के लिए भेजा जाएगा। ग्रामीणों की समस्या का समाधान किया जाएगा।

# टाल पंचायत में राष्ट्रीय लोक मोर्चा का जन संवाद सह आशीर्वाद यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हसपुरा।** प्रखंड के टाल पंचायत अंतर्गत टाल, सिहाड़ी, पचाइन विगहा, चौराही, फतेगंज, मुंजविगहा, उदयभान चक, फतेहपुर, बीबीपुर सहित विभिन्न गांवों में रविवार को राष्ट्रीय लोक मोर्चा की ओर से जन संवाद सह आशीर्वाद यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रणविजय कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जन संवाद के दौरान डॉ. कुमार ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में मिशन 225, फिर से मुख्यमंत्री नीतीश के एजेंडे के साथ एनडीए गठबंधन पूरी मजबूती से जनता के बीच जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राज्यसभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा मिलकर प्रदेश के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि में वृद्धि से बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगों को बड़ी राहत मिली है। वहीं घरेलू बिजली बिल में 125 यूनिट तक की माफी आम उपभोक्ताओं के लिए जनहितकारी साबित हुई है। प्रवासी भाइयों-बहनों को भी त्योहारों के अवसर पर घर आने-जाने के लिए 1 सितंबर से बस यात्रा में छूट देने का निर्णय सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में पार्टी नेता रामनिवास शर्मा, विनोद कुमार सिन्हा, मुखिया अजीत कुमार उर्फ चुनु शर्मा, देवनारायण यादव, विद्यानंद सिंह, अरुण प्रसाद सिंह, रामजीत राम, नारायण शर्मा सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने महान विभूतियों का नहीं किया सम्मान : अश्विनी तिवारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता अश्विनी कुमार तिवारी ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पर आरोप लगाते हुए कहा कि औरंगाबाद के धरती पर आने के क्रम में कई महान विभूतियों की प्रतिमा पर उन्होंने अपना नजर भी नहीं डाला। जसोईया मोड़ के पास महाराणा प्रताप सिंह, पृथ्वीराज चौहान, वीर कुंवर सिंह, रमेश चौक के पास बिहार विभूति डॉक्टर श्री कृष्ण सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री सत्येंद्र नारायण सिंह, देश के संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सहित कई देश के महान हस्तियों पर एक फूल भी चढ़ाने के लिए उन लोगों के पास समय नहीं मिला। इससे यह साफ दिखता है कि जो अपने पूर्वजों का सम्मान नहीं करेगा, वर्तमान में वह समाज या आम लोगों की क्या करेगा। श्री तिवारी ने कहा कि अगर चुनाव आयोग सचमुच वोट चोरी कर रहा है तो राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को हलफनामा दायर करना चाहिए। यह लोग चाहते हैं कि बिहार के लोगों को सुख सुविधा ना मिले, बांग्लादेश से आए रोहंगिया को सुविधा मिले। चुनाव आयोग के द्वारा जो 65 लाख नाम काटे गए हैं वह अभी तक गलत तरीके से बिहार सरकार या केंद्र सरकार द्वारा सारे योजनाओं का लाभ ले रहे थे और यहां के लोग लाभ से वंचित हो रहे थे।

# धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाने का लिया निर्णय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मदनपुर प्रखंड मुख्यालय के कचहरी रोड़ स्थित देवी स्थान मंदिर परिसर में रविवार की देर शाम में दुर्गा नवरात्र समिति के तत्वाधान में दुर्गा पूजा को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता समाजसेवी ज्ञानदत्त पांडेय ने की। बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व गठित कमेटी के नेतृत्व में ही दूर्गा पूजा समारोह मनाए जाने का निर्णय लिया गया। कमेटी द्वारा हर साल की तरह इस साल भी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। भव्य पंडाल का निर्माण कराने, लाइटिंग, सजावट कराने, डेकोरेशन हर गली मोहल्ला में लाइटिंग की व्यवस्था करने और विजयादशमी के दिन भव्य भंडारा का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष ज्ञानदत्त पाण्डेय कहा कि मां दुर्गा की भव्य व दिव्य मूर्ति स्थापित किया जाए। पूजा में कार्यकर्ताओं को शांति सौहार्द का वातावरण बनाएं रखने, अनुशासन, विधि व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका होगा। श्रद्धालु भक्तों को पूजा-अर्चना में सुविधाजनक हो, इसके लिए कार्यकर्ताओं का तत्पर होना होगा। पेयजल, प्रसाद की व्यवस्था होगा। बैठक में समिति के अध्यक्ष संदीप कुमार शर्मा उर्फ लड्डू उपाध्यक्ष इंद्रदेव पासवान, वीरेंद्र प्रसाद उर्फ पप्पू, नंदकुमार शर्मा, विजय कुमार सोनी, सचिव ज्ञान दत्त पांडेय, सह सचिव शुभम सिंह टाइगर, ब्रजेश कुमार सिन्हा उर्फ डब्लू , संजय कुमार टेलर, दीपक शर्मा, प्रकाश रंजन सिन्हा, दीपक कुमार गुप्ता, बबल विश्वकर्मा, पीयूष कुमार पुष्कर, कोषाध्यक्ष अंकित कुमार सिन्हा, उप कोषाध्यक्ष रोहित कुमार सिन्हा, प्रधान संरक्षक जयशंकर शर्मा, संरक्षक मंडल पंकज कुमार सिन्हा, राणा राकेश लाल, मनोज सिंह, दामोदर प्रसाद साव, पंकज सिंह, प्रदीप ठाकुर, प्रमोद सिंह, शम्भु प्रसाद सिन्हा, पिंटू कुमार सिन्हा, पिंटू गुप्ता, सुभाष रंजन सिन्हा, कार्यकारिणी अध्यक्ष विकाश कुमार सिंह उर्फ सोनू, कार्याध्यक्ष अंकेश कुमार शर्मा, राहुल यादव, रवि कुमार सिन्हा, संतोष कुमार, दिव्यांशु सिन्हा, रॉकी शर्मा, विश्वानाथ ठाकुर, मोनु शर्मा कइला, राहुल पासवान, प्रियांशु सिन्हा, सदस्य रंजीत कुमार सिन्हा, मृत्युंजय कुमार सिन्हा, अमित मिश्रा, राहुल पाठक, सूरज शर्मा, रौशन सिन्हा, सुशील सिंह, सीताराम सिंह, सोनू विश्वकर्मा अनूप, सौरभ सिंह, रिशु सिन्हा, सीटू सिन्हा , पियूष कुमार उपस्थित थे। इसके अलावा संतोष स्वर्णकार, छोटन रजक, संगम सिंह, प्रिंस वर्मा, आकाश शर्मा, राहुल सोनी एवं अन्य लोग शामिल थे।

# वोटर अधिकार यात्रा के दौरान राहुल गांधी व तेजस्वी यादव का जोरदार स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**रफीगंज (औरंगाबाद)।** वोटर अधिकार यात्रा के तहत रविवार को रफीगंज शहर पहुंचे विपक्ष के नेता राहुल गांधी और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का स्थानीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। नसरू मियां मोड़ पर पूर्व नगर परिषद चेयरमैन सह चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ. गुलाम शाहिद ने अपने समर्थकों संग गुलदस्ता और फूलमाला पहनाकर दोनों नेताओं का अभिनंदन किया।

इस अवसर पर डॉ. शाहिद ने कहा कि पूरे देश में करीब 65 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटे गए हैं, जिनमें अधिकांश गरीब, वंचित और दलित परिवार शामिल हैं। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला बताते हुए इस यात्रा को ऐतिहासिक करार दिया। स्वागत समारोह के दौरान कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों के लिए जलपान की भी विशेष व्यवस्था की गई थी। राहुल गांधी व तेजस्वी यादव की अगुवाई में निकली यह यात्रा औरंगाबाद से शुरू होकर शिवगंज होते हुए रफीगंज नगर क्षेत्र पहुँची और यहाँ से डबुर की ओर रवाना हुई। यात्रा के दौरान जनसैलाब उमड़ पड़ा और पूरे इलाके में उत्साह का माहौल रहा।

कार्यक्रम में पूर्व उपाध्यक्ष हरेंद्र कुमार, राजद नगर अध्यक्ष डॉ. योगेंद्र यादव, मोहम्मद हाशिम, महेन्द्र यादव, पूर्व वार्ड पार्षद आरिफ हुसैन, वार्ड पार्षद माहिद खान, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि टप्पू यादव, वार्ड पार्षद गुलाम रसूल, सुबोध शर्मा, पूर्व उपाध्यक्ष कुंडला देवी, सतेन्द्र यादव, रणविजय यादव एवं शाहनवाज हुसैन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# दो वर्षों से रसोइयों को नहीं मिला मानदेय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मदनपुर प्रखंड के घोडाडिहरी पंचायत के मौखेता में संचालित नव सृजित प्राथमिक विद्यालय में पिछले दो वर्षों से रसोईयों के मानदेय का भुगतान नहीं होने से अपने कार्य को लेकर उदासीन है। फिलहाल विद्यालय में रसोईया लीलावती देवी एवं सुनिता देवी मध्यान्ह भोजन बनाने का काम करतीं हैं। दो वर्षो से मानदेय नहीं मिलने से वे लोग आर्थिक तंगी से गुजर रहीं है। विद्यालय के प्रधानाध्यापिका पुनम कुमारी ने बताया कि रसोईयों को दो वर्षो से मानदेय नहीं मिला है जिस कारण वे लोग मध्यान्ह भोजन बनाने में उदासीनता बरतती है।

# वोटर अधिकार यात्रा में रफीगंज के युवक ने गाया गाना, पप्पू यादव ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**रफीगंज (औरंगाबाद)।** वोटर अधिकार यात्रा के तहत सोमवार को सुबह करीब 11 बजे राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्णिया सांसद पप्पू यादव रफीगंज पहुंचे। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव एक ही वाहन पर सवार थे, जबकि उनके पीछे पप्पू यादव की गाड़ी चल रही थी। शहर के डाक बंगला के पास पप्पू यादव के समर्थक संदीप सिंह समदर्शी अपने कार्यकर्ताओं संग स्वागत के लिए मौजूद थे। इसी दौरान डाक बंगला निवासी अंकित चंद्रवंशी ने पप्पू यादव की गाड़ी रुकवाई और उनसे मुलाकात की। मुलाकात के दौरान अंकित ने पप्पू यादव के सम्मान में गीत प्रस्तुत किया– जैसन सोचले रहनी, ओइसन नेता पप्पू भैया हइवे। गीत सुनकर मौजूद कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने जमकर तालियां बजाईं। पप्पू यादव भी भावुक हो उठे और खुशी जाहिर करते हुए अंकित चंद्रवंशी को गले लगाकर उनके माथे पर चुम्बन दिया। यह पूरा दृश्य कैमरे में कैद हो गया और सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह नजारा इस यात्रा का सबसे आकर्षक और भावनात्मक पल रहा, जिसने लोगों के बीच पप्पू यादव की सादगी और लोकप्रियता को और भी प्रबल कर दिया।

# प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर भाजपा नेताओं ने की प्रेस वार्ता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित आगमन को लेकर रविवार को रफीगंज शहर के कासमा रोड स्थित भाजपा नगर कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता भाजपा जिला प्रभारी मनोज कुशवाहा ने की। प्रेस वार्ता के दौरान मनोज कुशवाहा ने जानकारी दी कि आगामी 22 अगस्त को गया जिले के मगध विश्वविद्यालय मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन होने जा रहा है।

# राजस्व महाअभियान : जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** जिले में संचालित राजस्व महाअभियान के अंतर्गत सोमवार को जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय जहानाबाद अंचल के जामुक मौजा पहुंची। उन्होंने मौके पर जमाबंदी वितरण कार्य का भौतिक निरीक्षण किया तथा रैयतों से संवाद स्थापित किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को अभियान की उपयोगिता एवं लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उन्हें निर्धारित शिविरों में समय पर पहुँचकर दस्तावेजों की शुद्धता सुनिश्चित करने हेतु प्रोत्साहित किया।इस अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा कुछ रैयतों को व्यक्तिगत रूप से जमाबंदी की प्रतियां भी सौंपी गईं। उन्होंने कहा कि यह अभियान रैयतों को दरवाजे पर समाधान की सुविधा प्रदान करेगा, जिससे न केवल भूमि विवादों से राहत मिलेगी बल्कि सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने और बैंक से ऋण हासिल करने की प्रक्रिया भी सरल होगी। निरीक्षण के दौरान अंचल अधिकारी स्नेहा सत्यम तथा राजस्व कर्मचारी भी उपस्थित थे। जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान की प्रत्येक गतिविधि पूरी पारदर्शिता एवं तत्परता से संपन्न हो, ताकि कोई भी रैयत इस सेवा से वंचित न रह सके।

# उत्तर कोयल नहर पर धरना स्थल नहीं पहुंचे राहुल-तेजस्वी, किसानों में आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** उत्तर कोयल नहर परियोजना को पूरा कराने की मांग को लेकर बीते सात माह से रफीगंज प्रखंड मुख्यालय में किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले अनिश्चितकालीन धरना जारी है। सोमवार को वोटर अधिकार यात्रा के क्रम में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और तेजस्वी यादव रफीगंज से गुजरे, लेकिन धरनास्थल पर न रुकने से किसानों और मजदूरों में गहरा आक्रोश देखने को मिला। मोर्चा के सदस्यों का कहना है कि उन्हें उम्मीद थी कि दोनों नेता धरनास्थल पर रुककर किसानों की पीड़ा सुनेंगे। इसके लिए पूर्व में राजद और कांग्रेस नेताओं को समस्या से अवगत भी कराया गया था, लेकिन नेताओं का काफिला बिना रुके निकल गया। किसान नेता चंद्रशेखर यादव ने कहा कि सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों में कोई फर्क नहीं है। दोनों ही किसानों की समस्याओं की अनदेखी कर रहे हैं। तुलसी यादव ने आरोप लगाया कि जो नेता किसानों-मजदूरों की बात नहीं करता, वह देश का सच्चा हितैषी नहीं हो सकता।

# सामूहिक प्रयास व ग्रामीण स्वच्छता को नई गति देने पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले में उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सामूहिक प्रयास एवं ग्रामीण स्वच्छता को नई गति देने पर विशेष चर्चा हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई जिनमें- स्वच्छता सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना, जिसके तहत जिले के सभी पंचायत भवन, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र, विद्यालय एवं ग्रामीण हाट-बाजारों में शौचालय, कचरा निपटान हेतु डस्टबिन तथा स्वच्छ परिसर (5 मीटर के दायरे में) की अनिवार्यता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर भी विशेष बल दिया गया। इसके अंतर्गत बताया गया कि सभी वार्डों से नियमित कचरा उठाव एवं उसका भौतिक सत्यापन प्रखंड एवं जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में भुगतान प्रणाली में पारदर्शिता लाने हेतु ग्राम पंचायतों में स्वच्छता संबंधी गतिविधियों पर होने वाला भुगतान अब सी.एफ.एम. एस मॉड्यूल्स के माध्यम से संबंधित प्रखंडों द्वारा जिला स्तर के मार्गदर्शन में किया जाएगा। जिले में आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन प्लांट की स्थापना की योजना बनाई जा रही है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**

31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**

मो.- 09818366269

CMYK

# ऋषिकेश की तर्ज पर पुनपुन में बन रहा बिहार का पहला सस्पेंशन ब्रिज

## 82 करोड़ 90 लाख 48 हजार की राशि की कैबिनेट की मिली है मंजूरी

**शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** ऋषिकेश के तर्ज पर बिहार में पुनपुन नदी पर लक्ष्मण झूला बन रहा है जिसका काम फाइनल होने के कगार पर है और बहुत जल्द इसी महीने में इसका उद्घाटन होना है। गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय पुनपुन पिंडदान स्थल पर लक्ष्मण झूला की तरह बिहार का पहला केबल सस्पेंशन ब्रिज बन रहा है। इसके निर्माण के लिए कैबिनेट ने 82 करोड़ 90 लाख 48 हजार रुपये की मंजूरी दी है। अनुमान है कि पितृपक्ष मेले की शुरुआत से पहले ही इसका उद्घाटन कर दिया जायेगा। बता दे की पुनपुन पिंडदान स्थल पर लक्ष्मण झूला के समकक्ष रेलवे पुल के बगल में पुनपुन नदी पर केबल सस्पेंशन पुल के निर्माण के लिए 8,299.48 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। पुल की कुल लंबाई 320 मीटर और चौड़ाई 11.50 मीटर है। जबकि दोनों ओर के पहुंच पथ की लंबाई 115 मीटर तय की गई है। इस पुल के बन जाने से पैदल यात्रियों के साथ-साथ चार पहिया वाहनों का आवागमन भी संभव होगा, जिससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों को बड़ी सुविधा मिलेगी। बताया जाता है कि पुनपुन नदी के किनारे पितृपक्ष घाट के पास, ऋषिकेश के लक्ष्मण झूला की तर्ज पर बनने वाले केबल सस्पेंशन ब्रिज का अब तक 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। उम्मीद है कि इस साल पितृपक्ष मेला शुरू होने से पहले इसका उद्घाटन हो जाएगा।ब्रिज के एक ओर एप्रोच रोड का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि दूसरी ओर का काम जारी है.दरअसल आगामी 6 से 21 सितंबर तक पुनपुन में होने वाले विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेले में श्रद्धालु और पर्यटक पहली बार इस ब्रिज से होकर तर्पण और पिंडदान के लिए घाट तक पहुंच सकेंगे। यह प्रदेश का पहला लाइट व्हीकल केबल सस्पेंशन ब्रिज है, जिसकी लंबाई 325 मीटर और चौड़ाई 11.5 मीटर है. इसमें 18 केबल और 100 फीट ऊंचा पायलन बनाया गया है. इस पर हल्के वाहन और दोपहिया चल सकेंगे, जबकि ओवरलोडेड वाहन और ट्रैक्टरों का प्रवेश नहीं होगा। बता दें इसके निर्माण की घोषणा 26 जनवरी 2019 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने की थी।

## पुलिस कार्रवाई से सड़क हुई अतिक्रमण मुक्त

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मौर्य विहार कॉलोनी रोड स्थित सालनी मेडिकल हॉल के बगल में दिनेश सिंहा द्वारा कॉलोनी की सड़क पर पाथ निर्माण कर करीब चार फीट तक अतिक्रमण किये जाने का मामला सामने आया था. इसको लेकर मोहल्ले के लोग विरोध कर रहे थे. इस मामले को लेकर कॉलोनी में विवाद इस कदर बढ़ गया कि स्थानीय थाना पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना था कि कॉलोनी की मुख्य सड़क पर ओटा पाथ निकालकर पक्का निर्माण किया जा रहा है जिससे रास्ता संकरा हो जाएगा और लोगों के आने-जाने में कठिनाई होगी। कॉलोनी निवासी अरविंद कुमार समेत कई लोगों ने बताया था कि यह मनमानी है और अतिक्रमण करने वाला किसी की बात मानने को तैयार नहीं है। देर शाम स्थानीय लोगों की सूचना पर फुलवारी शरीफ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और अतिक्रमण करने वाले को समझाने के बाद अतिक्रमित हिस्से को तोड़कर हटा दिया गया।

## लोजपा ने बाढ़ पीड़ितों के बीच किया चूड़ा-गुड़ का वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** दियारा के विभिन्न गांवों से बाढ से बलदेव स्कूल बाढ राहत शिविर में शरण लिये हुए है. सोमवार को लोजपा (रा) ने बाढ राहत शिविर में बाढ पीडितों के बीच राहत सामग्री सह स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। पार्टी के पटना जिलाध्यक्ष चंदन यादव ने बाढ पीडितों के बीच चूडा-गुड का वितरण किया गया. साथ पार्टी के चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डा अजय यादव के नेतृत्व में स्वास्थ्य शिविर लगाकर बाढ पीडितों को स्वास्थ्य जांच कर मुफ्त में दवा वितरण किया गया। चंदन यादव ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का फास्ट बिहार विजन के तहत बाढ पीडितों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया गया है। उन्होंने बताया कि बाढ से प्रभावित दियारा के विभिन्न पंचायतों के लोगों ने पिछले दो सप्ताह से बलदेव स्कूल बाढ राहत शिविर सह सामुदायिक किचन में शरण लिये हुए है। उन्होंने बताया कि करीब दो सौ बाढ पीडितों के बीच चूडा-गुड का वितरण किया गया है।

## विशेष सर्वेक्षण अमीन अनिश्चितकालीन हड़ताल पर, राजस्व महाअभियान पर पड़ रहा असर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** विशेष सर्वेक्षण अमीन अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। वे अपनी नौकरी को नियमित करने सहित पांच सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे हैं जिसमें मसौढी अंचल में 19 कर्मी और धनरूआ अंचल में 30 कर्मी हड़ताल पर हैं। जिसके कारण भूमि सर्वेक्षण और राजस्व महाअभियान प्रभावित हो रहा है।बिहार में विशेष सर्वेक्षण अमीन, जो भूमि सर्वेक्षण और राजस्व महाअभियान में शामिल हैं, 16 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं. यह हड़ताल उनकी पांच सूत्री मांगों को लेकर की जा रही है, जिसमें मुख्य रूप से उनकी नौकरी को नियमित करने की मांग शामिल है. अमीनों का कहना है कि उन्हें संविदा पर नियुक्त किया गया था, लेकिन अब वे नियमितीकरण चाहते हैं। हड़ताल के कारण भूमि सर्वेक्षण और राजस्व महाअभियान का काम बाधित हो रहा है, जो राज्य सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती है। इसके तहत जिन जमीन मालिकों को जो भी समस्या होगी, इनमें ऑनलाइन निबंधन, नामांतरण, बंटवारा के आवेदन म्यूटेशन या जमीन के कागज में कोई भी त्रुटियों को लेकर पंचायत स्तर तक शिविर लगाया गया है. इस शिविर में विशेष सर्वेक्षण अमीन लैपटॉप और इंटरनेट डोंगल के साथ मौजूद रहकर आवेदनों पंजीकृत करेंगे, लेकिन विभाग इस महा अभियान के पहले दिन विशेष सर्वेक्षण अमीन हड़ताल पर चले गए हैं। हालांकि मसौढ़ी में अंचलाधिकारी प्रभात रंजन ने बताया की अमीन के हड़ताल पर चले जाने पर वैकल्पिक रूप से टोला सेवक, आंगनबाड़ी सहायिका, पीआरएस, आवास सहायक को लगाया गया है। वह धनरूआ अंचल अधिकारी श्वेता कुमारी ने बताया की हड़ताल पर चले जाने के कारण काम बहुत ही प्रभावित हो रहा है। वहीं पीआरएस कर्मी काम में सहयोग नही कर रहे है जिन्हें स्पष्टीकरण किया जा रहा है।

## एक नजर

### 892.44 लीटर विदेशी शराब जब्त

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना गया फोरलेन पर नदौल उत्पाद चौकी के पास में सोमवार की दोपहर एक प्याज लदे पिकअप वैन में छुपा कर ले जा रहे भारी मात्रा में शराब को एक्साईज पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर उसे जप्त कर लिया है। जप्त विदेशी शराब में विभिन्न कंपनियों के 100 कार्टून शराब थे, जिसकी बाजार में तकरीबन 13 लाख 50 हजार कीमत आंकी जा रही है। एक्साईज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर जानकारी मिली थी की झारखंड से पटना शराब डिलीवरी करने ले जा रहे एक पिकअप वैन को दबोचा गया है, जिसमें एक चालक को गिरफ्तार किया गया है, जिसका नाम विपिन कुमार पिता राम जी प्रसाद सिमरिया, गया का निवासी है। जप्त शराब में विभिन्न कंपनियों के 100 कार्टून शराब थे, इसे पटना डिलीवरी करनी थी और पिकअप वैन में प्याज लदी हुई थी,उसके निचे शराब छुपा कर रखी थी। बहरहाल शराब माफिया शराब बिक्री को लेकर तरह-तरह के हाथकडें अपना रही हैं।

### प्रकाश पुंज के खिलाड़ियों ने मचाई धूम

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रकाश पुंज पब्लिक स्कूल, मसौढ़ी के खिलाड़ियों ने रांची के खेल मैदान में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर एथलेटिक चैंपियनशिप में अपने दमदार प्रदर्शन से सबका दिल जीत लिया। खिलाड़ियों ने दो अलग-अलग वर्गों में पदक हासिल कर विद्यालय एवं अनुमंडल का नाम रोशन किया। बताते चलें कि रांची में चल रहे सीबीएसई क्लस्टर चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था । जिसमें इस विद्यालय के छात्र उज्ज्वल कांत कुमार ने 200 मीटर की रेस में गोल्ड मेडल एवं 100 मीटर की रेस में कांस्य पदक अपने नाम किया, उज्ज्वल कांत कुमार का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है जो विद्यालय एवं अनुमंडल के लिए गौरव की बात है। विजयी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए पी0पी0 शैक्षणिक समूह के चेयरमैन डॉ0 अभिराम शर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि खिलाड़ियों की लगन, मेहनत एवं कोच संतोष कुमार के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में विद्यालय के खिलाड़ी और भी ऊँचाइयाँ छूएंगे और राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा का परचम लहराएँगे। इस अवसर पर वरीय शिक्षक सुभाष चंद्र बोस, सुबोध कुमार, आर. एस. मिश्रा सहित सभी शिक्षक मौजूद थे।

### चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लहसुना थाना क्षेत्र के लहसुना चौक के पास चल रहे सघन वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक का नाम चिंटू कुमार उम्र 27 वर्ष पिता ललिता प्रसाद सिंह चुनुकपुर घोषी का रहने वाला है। लहसुना थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया की सघन वाहन चेकिंग के दौरान एक चोरी की बाईक के साथ पकड़ा गया है, जहां लहसुना थाना कांड संख्या 648/ 25 के तहत से गिरफ्तार कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है और पूरे मामले की जांच पड़ताल और पूछताछ की जा रही है की चोरी की बाइक इसके पास कहां से आया कहां खरीदा किसको बेचा पूरे मामले की बिंदुवार जांच की जा रही है।

### देसी शराब सप्लायर गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुनपुन पुलिस के द्वारा सोमवार की दोपहर में चलाया जा रहे सघन वाहन चेकिंग के दौरान कामेश्वर चौक से एक कुरकुरे के बॉक्स में छुपा कर ले जा रहे देसी शराब के साथ सप्लायर को गिरफ्तार किया है। पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि 35 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है जो मोटरसाइकिल पर कुरकुरे के पैकेट के साथ कार्टून में 33 लीटर देसी शराब लेकर जा रहा था। गिरफ्तार शराब सप्लायर का नाम धर्मवीर सिंह पिता स्वर्गीय गरीबन सिंह गांव इतवारपुर थाना परसा बाजार का निवासी है जो बाईक से शराब छुपाकर ले जा रहा था।

### स्वास्थ्य शिविर बना बाढ़ पीड़ितों के लिए संजीवनी

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ के पानी में कई दिनों तक भींगने के कारण लोग विभिन्न बिमारियों से ग्रसित हो रहे है। बलदेव स्कूल बाढ राहत शिविर में स्वास्थ्य शिविर में प्रत्येक दिन 25-30 बीमारी लोगों का उपचार कर दवा दिया जाता है. सोमवार में शिविर में डा संजय प्रसाद ने बताया कि ज्यादातर मरीज वायरल फीवर , स्क्रीन डीजीज , सर्दी-खांसी समेत अन्य बीमारियों से ग्रस्त होकर आ रहे है. बीमार में अधिकांश वृद्ध व बच्चे आ रहे है. डा प्रसाद ने बताया कि वृद्धों में जोडों के दर्द मुख्य समस्या है.डा प्रसाद ने बताया कि शिविर में सुबह 8 से 2 बजे तक एक चिकित्सक व आठ एएनएम और 2 से 8 बजे रात तक एक चिकित्सक व आठ एएनएम ड्यूटी पर तैनात रहते है. मरीजों को उपचार कर दवा दिया जाता है।

## किड्ज वर्ल्ड में श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** किड्ज वर्ल्ड, बाजार ब्रांच में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दाउदनगर थानाध्यक्ष विकास कुमार, विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के सीएमडी सुरेश कुमार गुप्ता, समृद्धि एजुकेशनल सोसाइटी के सचिव मालती देवी, सीईओ आनंद प्रकाश, डिप्टी सीईओ इंजीनियर विद्यासागर, टेक्निकल एडवाइजर विनय प्रकाश, मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर मनोज कुमार, प्राचार्य विनीता प्रकाश, मोजाहिर आलम, सरजू प्रसाद एवं एक्टर विकास कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर रूप-सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें निर्णायक मंडली में हिंदी भाषा की पूर्व शिक्षिका आरती सिन्हा एवं एक्टर विकास कुमार शामिल रहे। श्री कृष्ण एवं राधा के गणवेश में छात्र/छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में कुल 205 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। प्रत्येक कक्षावार प्रथम (पीयूष गुप्ता), द्वितीय (अवीता आनंद) और तृतीय स्थान (ईशान कुमार), नर्सरी में प्रथम सृष्टी कुमारी, द्वितीय श्वेतांक गुप्ता, तृतीय अंशिका कुमारी, कक्षा प्रथम में प्रथम सक्षम केशरी, द्वितीय अंशिका रंजन, तृतीय मनसा कुमारी, कक्षा द्वितीय में प्रथम स्थान यशराज, द्वितीय स्थान ऋषभ सोनी, तृतीय स्थान देवांश सिंह एवं कक्षा तृतीय में प्रथम स्थान अन्नपूर्णा कुमारी, द्वितीय स्थान आयुष कुमार, तृतीय स्थान रीया कुमारी को दिया गया। विद्या निकेतन के कक्षा नर्सरी से लेकर द्वितीय कक्षा तक के बच्चों के बीच प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें भास्कर पांडे ने प्रथम स्थान एवं कृषिका कुमारी द्वितीय बाकी सभी बच्चे सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित हुए। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया एवं शेष सभी बच्चों को मेडल देकर संतावना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कक्षा प्री नर्सरी से लेकर कक्षा 3 तक के छात्र एवं छात्राओं ने राधा-कृष्ण की जीवनी पर आधारित नृत्य की प्रस्तुति दी। विद्यालय के पुरातन छात्र एवं राष्ट्र स्तरीय ख्याति प्राप्त संगीतज्ञ मारकंडे पांडे ने शानदार गजल की प्रस्तुति की एवं विद्यालय में अपने बीते हुए बचपन को याद करके भावुक हुए। कार्यक्रम का संचालन प्रशासक संदीप कुमार, विज्ञान शिक्षक आशीष चौबे एवं संस्कार विद्या के कक्षा नवम के नाजमुन निशा ने किया।

## जले पड़े ट्रांसफार्मर को बदलने से उपभोक्ताओं को मिली राहत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढी प्रखंड के भैंसवां पंचायत के पकड़ी गांव के वार्ड नंबर 14 में कई दिनों से जले हुए ट्रांसफार्मर को बिजली विभाग ने समय रहते त्वरित कार्रवाई करते हुए बदल दी है। अब नया ट्रांसफार्मर 65 केवी का लगा दिया गया है। जिससे उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा है कि ससमय में बिजली अब हम सबको मिल रही है। दरअसल बताया जाता है कि गांव में ट्रांसफार्मर जल जाने से लोगों को पानी के लिए एवं अन्य जरूरत की चीजों के लिए परेशानी उठानी पड़ रही थी। ऐसे में विद्युत कार्यपालक अभियंता पवन कुमार ने सक्रियता दिखाते हुए महज 24 घंटे के अंदर ट्रांसफार्मर को बदल दिया है, ऐसे में उपभोक्ताओं को एक बड़ी राहत मिली है। जिला पार्षद प्रतिनिधि विजय यादव समेत स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग के प्रति आभार प्रकट किया है। विद्युत कार्यपालक अभियंता ने बताया कि सरकार की चल रही पायलट प्रोजेक्ट के तहत गांव-गांव में बिजली पहुंचाई जा चुकी है। जहां से भी ट्रांसफार्मर जल जाने की सूचना मिल रही है उसे पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बदलने का कार्य की जा रही है। कृषि फीडर पर भी काम किया जा रहा है हर गांव में किसानों को उनके खेतों तक बिजली पहुंचाई जा रही है। लेकिन इसके साथ ही बिजली उपभोक्ताओं से उन्होंने अपिल की है की बिजली की बचत करे बेवजह बिजली का खपत ना करे और बिजली चोरी ना करें

## मोबाइल ईवीएम डेमोंस्ट्रेशन वैन के माध्यम से मतदाताओं को किया जायेगा जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार औरंगाबाद जिले में प्रत्येक मतदान भवन निर्वाचक साक्षरता क्लब आदि में मोबाइल डेमोस्ट्रेशन वैन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को सभी प्रखंडों हेतु 1-1 मोबाइल डेमोस्ट्रेशन वैन को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इन वैनों का परिचालन जिले के कुल 1405 मतदान भवनों में किया जाएगा और एक माह के अंदर सभी भवनों में डेमोस्ट्रेशन का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। यह प्रचार-प्रसार निर्वाचन की घोषणा तक ही किया जाना है। मोबाइल डेमोस्ट्रेशन वैन का उद्देश्य आम जनता को ईवीएम एवं वीवीपैट की कार्यप्रणाली से प्रत्यक्ष रूप से अवगत कराना है ताकि मतदान प्रक्रिया को लेकर किसी प्रकार की भ्रांति दूर हो तथा मतदाता आत्मविश्वासपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। इस पहल के तहत विशेष रूप से प्रथम बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को मतदान प्रक्रिया की सहज जानकारी प्रदान की जाएगी। प्रायः देखा जाता है कि तकनीकी जानकारी के अभाव में मतदाता मतदान केंद्र पर संकोच महसूस करते हैं, लेकिन इस वैन के माध्यम से उन्हें पहले ही प्रायोगिक अनुभव प्राप्त होगा, जिससे वे मतदान दिवस पर निर्भीक और निःसंकोच होकर मतदान कर सकेंगे। इस वैन में मास्टर प्रशिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है जो ईवीएम के बटन दबाने से लेकर वीवीपैट स्लिप देखने तक की पूरी प्रक्रिया का लाइव डेमोस्ट्रेशन देंगे तथा मौके पर उपस्थित नागरिकों के प्रश्नों का समाधान भी करेंगे।

## जर्मनी से पिंडदान करने पहुंचे पुनपुन, किया तर्पण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पिंडदान का प्रथम द्वारा कहे जाने वाले पुनपुन पिंडदान स्थल पर सोमवार की सुबह जर्मनी से पिंडदान करने पुनपुन पिंडदान स्थल पर पहुंचे और अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए यहां पिंड का तर्पण किया, पांडा समिति के सचिव राकेश पंडित ने बताया कि जर्मनी के रहने वाले पिंडदानी अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पिंड का तर्पण किया है। पिंडदानों में तीनों भाई जिसमें देबेन्द्र कुमार, बलबीर चंद्र, रामपाल पिता स्व दिनेश शर्मा जो अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पिंड का तर्पण किए हैं। जर्मनी में दो भाई बिजनेसमैन और एक जर्मन सरकार में सरकारी सेवक हैं। हलांकि यह भारत के मूल निवासी हैं जो हिमाचल प्रदेश के अगुआन गांव में इनका घर है। लेकिन यह सभी पूरे परिवार के साथ जर्मनी में रहते हैं और पुनपुन की ख्याति सुनकर यहां पुनपुन में पिंडदान का तर्पण करने आए थे। दरअसल पुनपुन के धार्मिक महत्व को देखते हुए सरकार ने इसे अंतरराष्ट्रीय स्थल का दर्ज़ा दिया है। जहां पर पर्यटन विभाग द्वारा पितृ पक्ष मेला का आयोजन किया जाता है जहां देश-विदेश से पिंदानी पिंड का तर्पण करते हैं।

## मुकेश हत्याकांड में अप्राथमिक अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी कोर्ट में सोमवार की दोपहर उस वक्त अफरा तफरी मच गई जब मुकेश हत्याकांड के केस में सरेंडर करने गए अभियुक्त कागजात की कमी के कारण वापस लौटने के दौरान सादे लिबास में पुलिस की दो गाडियां आई और तेजी से दबोचते हुए गाडी मे बिठा कर चली गई, कुछ देर के लिए कोर्ट कैंपस मे गहमागहमी का माहौल रहा। इसके साथ ही मौके से उसके एक साथी को भी हिरासत में ले लिया। गौरतलब है कि बीते 12 अप्रैल को जहानाबाद रोड स्थित एक होटल के पास घात लगाए आधा दर्जन से अधिक बदमाशों ने थाना के संघतपर निवासी मुकेश कुमार उर्फ छोटन को गोलियों से भून डाला था। इस मामले में मृतक के चाचा ने बाद में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इधर पुलिस ने बताया कि अनुसंधान के दौरान इस हत्याकांड में थाना के तारेगनाडीह निवासी दीपक कुमार उर्फ भोगिया और पुनपुन के मरांची गांव के गौतम उर्फ चीनिया समेत अन्य आरोपितों की संलिप्तता पाई गई थी। पुलिस दीपक उर्फ भोगिया को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है लेकिन गौतम उर्फ चीनिया फरार था।पुलिस ने बताया कि पुलिसिया दबिश से घबराकर गौतम सोमवार को स्थानीय व्यवहार न्यायालय में समर्पण करने गया था लेकिन पूरी कागजात नहीं रहने के कारण वह समर्पण नहीं कर सका। इसके बाद वह घर लौट रहा था इसी दौरान पुलिस को उसके आने की भनक लग गई और पुलिस ने उसे अनुमंडल कार्यालय के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके साथ रहे उसके साथी पुनपुन के पैमार ग्रामवासी राहुल कुमार को भी संदेह के आधार पर हिरासत में ले लिया।इस बाबत पुलिस ने बताया कि फिलहाल गौतम और राहुल से पूछताछ की जा रही है।

## ई-रिक्शा चालक की बेरहमी से हत्या, सड़क किनारे पानी में मिला शव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** दीदारगंज थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव में सोमवार की सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब ग्रामीणों ने सड़क किनारे गड्ढे में पानी के भीतर एक युवक का शव पड़ा देखा। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और सूचना मिलते ही पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई। घटनास्थल फतेहपुर गांव गौरीचक थाना से काफी नजदीक है बावजूद वह दीदारगंज थाना में पड़ता है इसलिए पुलिस वहाँ देर से पहुंची. पुलिस के देर से पहुंचने को लेकर भी लोगों में गहरा आक्रोश देखा गया। पुलिस ने बताया कि मृतक युवक की हत्या धारदार हथियार से की गई है। घटनास्थल से छेनी, धारदार चॉपर, रॉड और पाइप रिंच जैसे भारी औजार बरामद किए गए हैं। पुलिस का मानना है कि इन्हीं औजारों का इस्तेमाल वारदात में हुआ होगा। शव की स्थिति देखकर यह साफ है कि युवक पर बेरहमी से हमला किया गया और सिर को बुरी तरह कुचल दिया गया। घटनास्थल से एक ई-रिक्शा (टोटो) और हवाई चप्पल भी बरामद की गई है। इससे आशंका जताई जा रही है कि मृतक युवक टोटो चालक हो सकता है। पुलिस का अनुमान है कि विवाद या लूटपाट के दौरान उसकी हत्या की गई है। हालांकि अभी तक युवक की पहचान नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह जब लोग खेत की ओर जा रहे थे तभी सड़क किनारे शव देखकर शोर मचाया। कुछ ही देर में बड़ी संख्या में लोग जुट गए और पुलिस को खबर दी गई। मौके पर दीदारगंज थाना अध्यक्ष के साथ एसडीपीओ-1 अवधेश प्रसाद भी पहुंचे और इलाके का मुआयना किया। उन्होंने हत्या की पुष्टि करते हुए कहा कि बरामद औजार और ई-रिक्शा जांच में अहम साक्ष्य साबित होंगे। फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है ताकि वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य एकत्र किए जा सकें। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच से हत्या के पीछे की वजह और तरीका स्पष्ट हो जाएगा। फतेहपुर की इस वारदात ने पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना दिया है। स्थानीय लोग अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि मृतक की पहचान होते ही मामले की गुत्थी सुलझाने में मदद मिलेगी।

## प्रशासन के रवैए से ग्रामीणों में आक्रोश

### एसडीआरएफ की टीम कर रही खोज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** नवीनगर प्रखंड क्षेत्र के राजपुर गांव के समीप उत्तर कोयल मुख्य नहर में दो सगे भाइयों के डूबने की घटना को बहत्तर घंटे बीत गए हैं। परंतु अभी तक प्रिंस कुमार का शव बरामद नहीं हो पाया है। घटना के पश्चात दोनों मृतक का शव पानी के तेज धार के साथ बह गया था। रविवार की सुबह कासिमपुर गांव के समीप नहर से फ्यूज का शव बरामद कर लिया गया था और प्रिंस कुमार की तलाश की जा रही थी। सोमवार को नहर के पानी में शव खोजने के लिए सिमरी गांव से भारी संख्या में लोग यहां पहुंचे और नहर में उतर कर शव को खोजने के लिए अथक प्रयास किया परंतु शव का पता नहीं चल पाया। स्थानीय चंदन कुमार व श्याम जी पांडेय ने बताया कि घटना स्थल से लेकर एनएच 139 पथ एरका सिंचाई कॉलोनी तक ओपेन नहर में खोजने से भी शव नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों का मानना है कि कासिमपुर गांव के बधार में लाइनिंग के बाद नहर में काफी भूस्खलन हो गया है। वहीं पर शव मिट्टी में दब हो सकता है या फिर बतरे नदी के अंदर नहर के वेंट साईफन में शव फंसा होगा। इधर 72 घंटे बीतने के बाद भी शव बरामद नहीं होने से मृतक के परिजन धैर्य खो रहे है। वहीं ग्रामीण नवीनगर प्रखंड प्रकाशन के रवैया से काफी आक्रोशित हैं। अभी तक नवीनगर के सीओ व बीडीओ घटना स्थल का मुआयना करने नहीं पहुंचे है। इस संबंध में सीओ निकहत परवीन के मोबाइल पर फोन कर हकीकत जानने का प्रयास किया परंतु उन्होंने फोन नहीं उठाया। इधर कुटुंबा थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि पीयूष के शव को पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए परिजनो को सुपूर्द कर दिया गया है। एसडीओ संतन कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर कोयल मुख्य नहर के गहरे पानी से शव को खोजने के लिए एसडीआरएफ की टीम बुलाई गई थी। तत्काल मुख्य नहर को

## बाबर आजम को एशिया कप से बाहर करने पर विवाद

### जावेद मियांदाद बोले- चयनकर्ताओं को खुद नहीं पता क्या कर रहे हैं




**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने रविवार, 9 सितंबर से यूएई में शुरू होने वाले एशिया कप और उससे पहले 29 अगस्त से 7 सितंबर तक आयोजित त्रिकोणीय सीरीज (पाकिस्तान के साथ,श्व और अफगानिस्तान ) के लिए 17 मेंबर्स की टीम की घोषणा की। इसमें सीनियर बल्लेबाज बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को बाहर किए जाने का चौंकाने वाला फैसला लिया गया, जिसके बाद चयनकर्ताओं की कड़ी आलोचना हो रही है।पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर जावेद मियांदाद ने चयन प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा, चयनकर्ताओं को खुद नहीं पता कि वे क्या कर रहे हैं। क्या उन्होंने कभी क्रिकेट खेली है? बाबर आजम जैसे महान खिलाड़ी को बाहर करना समझ से परे है। क्रिकेट में उतार-चढ़ाव स्वाभाविक हैं। खिलाड़ी को सही समय पर आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शन करना होता है।टीम में सीनियर तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद वसीम और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सलमान मिर्जा को शामिल किया गया है। सलमान अली आगा को त्रिकोणीय सीरीज और एशिया कप के लिए कप्तान नियुक्त किया गया है। फखर जमान ने हैमस्ट्रिंग चोट से उबरकर टीम में वापसी की है। उन्हें वेस्टइंडीज दौरे पर चोट लगी थी, लेकिन अब वह पूरी तरह फिट हैं और दोनों टूर्नामेंट्स के लिए टीम में शामिल किए गए हैं।

## गुकेश का सेंट लुईस ब्लिट्ज़ में दिखा दम, अब सिंकिफील्ड कप में खिताब के दावेदार



**सेंट लुईस, यूएसए (एजेंसी)।** मौजूदा विश्व चैम्पियन डी. गुकेश के लिए सेंट लुईस रैपिड एंड ब्लिट्ज 2025 का सफर उतार-चढ़ाव भरा रहा। टूर्नामेंट की शुरुआत उन्होंने कुछ हार और ड्रॉ के साथ की थी, लेकिन अंतिम दिन उन्होंने शानदार अंदाज़ में वापसी करते हुए सबको प्रभावित किया।गुकेश ने आखिरी दिन पहले खिताब जीत चुके लेवोन अरोनियन को ड्रॉ पर रोका और उसके बाद लगातार तीन जीत दर्ज की। उन्होंने अमेरिका के सैम शैंकलैंड, वेस्ली सो और उज़्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तारोव को मात देकर यह साबित कर दिया कि वह रैपिड और ब्लिट्ज जैसे फटाफट शतरंज के प्रारूपों में भी तेजी से सुधार कर रहे हैं। उन्होंने कुल मिलाकर 9 में से 5 अंक जुटाए और टूर्नामेंट को 18/36 अंकों के साथ संयुक्त छठे स्थान पर समाप्त किया।यह प्रदर्शन गुकेश के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि अक्सर उन्हें क्लासिकल शतरंज का विशेषज्ञ माना जाता है। पर अब उन्होंने दिखा दिया है कि वह हर प्रारूप में खिताब के लिए चुनौती पेश कर सकते हैं।अब दो दिन के विश्राम के बाद ग्रैंड चेस टूर का अगला पड़ाव सिंकिफील्ड कप शुरू होगा, जिसमें क्लासिकल शतरंज के मुकाबले खेले जाएंगे। यह टूर्नामेंट 18 अगस्त से सेंट लुईस में ही शुरू होगा। इसमें गुकेश के अलावा विश्व के दिग्गज खिलाड़ी फबियानो कारुआना, आर. प्रज्ञानन्दा, नोडिरबेक अब्दुसत्तारोव, अलीरेजा फिरौजा, वेस्ली सो, लेवोन अरोनियन, मैक्सिम वाशिए-लाग्राव, जान-क्रिज़्स्टोफ़ डूडा और सैमुअल सेवियन हिस्सा लेंगे।



## इकाना स्टेडियम में तमन्ना-दिशा के ठुमकों पर झूमे फैंस

### मेरठ ने कानपुर को 86 रन से हराया, कप्तान रिंकू सिंह को मिला जीत का श्रेय

**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ के इकाना स्टेडियम में यूपी टी-20 लीग की ओपनिंग सेरेमनी में एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया, दिशा पाटनी और सिंगर सुनिधि चौहान ने परफॉर्म किया। सिंगर सुनिधि ने 'झूम बराबर झूम', 'डिस्को दीवाने..' गाकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया है। एक्ट्रेस तमन्ना-दिशा के डांस परफॉर्मेंस पर फैंस ने जमकर ठुमके लगाए। कार्यक्रम को देखने के लिए बड़ी संख्या में फैंस पहुंचे थे। इससे शहीद पथ पर 4 किमी लंबा जाम लग गया था।ओपनिंग सेरेमनी देखने के लिए एक प्रशंसक ने कहा हम कानपुर को सपोर्ट करेंगे। इंदिरा नगर से आई फीमेल फैन कृतिका सिंह ने कहा- रिंकू सिंह को सपोर्ट करेंगी। लीग में क्वालीफायर मुकाबले और फाइनल मिलाकर कुल 34 मैच खेले जाने हैं। पहला मैच मेरठ मावेरिक्स और कानपुर सुपर स्टार्स के बीच है, जिसमें मेरठ ने कानपुर को 86 रनों से हराया।



# डायमंड लीग फाइनल में हिस्सा लेंगे नीरज चोपड़ा




### एएफआई अधिकारी ने पुष्टि की

### 15 अंक के साथ क्वालिफाई, 27-28 अगस्त को ज्यूरिख में मुकाबला

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** नीरज चोपड़ा ने मई में आयोजित दोहा डायमंड लीग में 90 मीटर से ज्यादा भाला फेंका था। उन्होंने पहली बार 90 मीटर मार्क हासिल किया था।

भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग-2025 फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। नीरज ने सिलेसिया चरण के बाद फाइनल टेबल में 15 पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए स्विट्ज़रलैंड के ज्यूरिख में 27 और 28 अगस्त को होने जा रहे मुकाबले के लिए क्वालिफाई किया।

27 साल के नीरज ने 16 अगस्त को पोलैंड के सिलेसिया राउंड में हिस्सा नहीं लिया था। हालांकि, उन्होंने मई में दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर का करियर बेस्ट थ्रो फेंका और दूसरे स्थान पर रहे। फिर नीरज ने जून में पेरिस डायमंड लीग में 88.16 मीटर का थ्रो कर पहला स्थान हासिल किया।

एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के एक अधिकारी ने बताया- अभी तक की जानकारी के अनुसार नीरज पूरी तरह फिट हैं और वे डायमंड लीग फाइनल में हिस्सा लेंगे। फिलहाल, नीरज चोपड़ा चेक रिपब्लिक में ट्रेनिंग कर रहे हैं।

### अगले महीने वर्ल्ड चैंपियनशिप में खिताब बचाने उतरेंगे नीरज

नीरज चोपड़ा 13 से 21 सितंबर तक टोक्यो में आयोजित होने जा रही वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने खिताब का बचाव करने उतरेंगे। उन्होंने पिछले सीजन में बुडापोस्ट में 88.17 मीटर के स्कोर के साथ गोल्ड मेडल जीता था।

डायमंग लीग एथलेटिक्स (ट्रैक और फील्ड) का एक टूर्नामेंट है, जिसमें एथलेटिक्स के 16 इवेंट (मेंस और विमेंस) होते हैं। यह हर साल दुनिया के अलग-अलग शहरों में आयोजित किया जाता है।डायमंड लीग एथलेटिक्स सीरीज हर साल मई से सितंबर तक आयोजित की जाती है और सीजन का समापन डायमंड लीग फाइनल के साथ होता है। आमतौर पर डायमंड लीग के सीजन में प्रतियोगिताओं की संख्या 14 होती है, जिसमें फाइनल भी शामिल होता है, लेकिन कभी-कभी यह संख्या बदल जाती है।

### टॉप-10 पोजिशन पर फिनिश करने वाले को डायमंड लीग फाइनल में मिलती है जगह

हर इवेंट में टॉप-8 खिलाड़ियों को पॉइंट्स मिलते हैं, पहले नंबर के खिलाड़ी को 8 और 8वें नंबर के खिलाड़ी को एक पॉइंट मिलता है। 13 इवेंट के बाद सभी खिलाड़ियों के पॉइंट्स काउंट होते हैं। टॉप-10 पोजिशन पर फिनिश करने वाले खिलाड़ियों को डायमंड लीग फाइनल में जगह मिलती है। इसमें जीतने वाले खिलाड़ी को डायमंड लीग विजेता की ट्रॉफी और कैश प्राइज मिलता है।

### ब्रसेल्स राउंड में खेलने न खेलने से फर्क नहीं पड़ेगा

2022 में डायमंड लीग का खिताब जीत चुके नीरज चोपड़ा के 22 अगस्त को ब्रसेल्स में होने वाले डायमंड लीग के आखिरी राउंड में हिस्सा लेने की भी जानकारी नहीं है। हालांकि, उनके इस राउंड में हिस्सा लेने या न लेने से उनकी फाइनल स्टेंडिंग टेबल में फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि वे पहले ही डायमंड लीग के फाइनल के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं।



## एशिया कप हॉकी- पाकिस्तान की जगह खेल सकता है बांग्लादेश

### हॉकी इंडिया अधिकारी ने कहा-हम 2 दिन और इंतजार करेंगे; पाकिस्तान सुरक्षा कारणों से हटा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश की टीम 29 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में पाकिस्तान की जगह खेल सकती है। यह टूर्नामेंट बिहार के राजगीर में आयोजित होने जा रहा है। हॉकी इंडिया के एक सीनियर अधिकारी ने मीडिया से कहा- अगर पाकिस्तान अगले 2 दिनों में अपनी भागीदारी की पुष्टि नहीं करता है, तो उसे बांग्लादेश से बदला जा सकता है।

रिपोर्ट के अनुसार, आयोजकों ने पाकिस्तान की जगह बांग्लादेश से संपर्क किया है, लेकिन हॉकी इंडिया का कहना है कि स्थिति अगले 48 घंटों में क्लियर होगी। एक महीने पहले पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत आने से इनकार कर दिया था। हालांकि, भारत सरकार ने कहा कि वह पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा देगी।

हॉकी इंडिया के अधिकारी ने कहा-भारत सरकार पहले ही वीजा देने की बात कह चुकी है, लेकिन अगर वे (पाकिस्तानी खिलाड़ी) नहीं आना चाहते तो यह हमारी समस्या नहीं है। पाकिस्तान के नहीं आने की स्थिति में बांग्लादेश को आमंत्रित किया गया है, लेकिन हमें दो दिन और इंतजार करना होगा।

अधिकारी ने आगे कहा-न तो पाकिस्तान और न ही बांग्लादेश ने अभी तक हमें कोई आधिकारिक पुष्टि दी है, लेकिन पाकिस्तान की जगह बांग्लादेश के उतरने की संभावना ज्यादा है।एशिया कप जीतने वाली टीम वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करेगी। जोकि 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड में खेला जाएगा।

### पीएचएफ ने कहा था- हमारे खिलाड़ियों की सुरक्षा की क्या गारंटी है

पीएचएफ प्रमुख ने यह भी सवाल उठाया कि भारत में उनकी टीम की सुरक्षा की क्या गारंटी है। हमने उनसे पूछा है कि वे हमें यह बताएं कि हमारे खिलाड़ियों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी और वे टूर्नामेंट पर कैसे ध्यान दे पाएंगे।

हालांकि, पाकिस्तान सरकार ने इस मुद्दे पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। हाल ही में एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा था कि टीम भारत की यात्रा नहीं करेगी।

## दलीप ट्रॉफी 2025- ईशान किशन टूर्नामेंट से बाहर

### अभिमन्यु ईश्वरन बने ईस्ट जोन के कप्तान; ओडिशा के आशीर्वाद स्वैन टीम में शामिल

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन चोट के कारण दलीप ट्रॉफी 2025 से बाहर हो गए हैं। कुछ हफ्ते पहले उन्हें ईस्ट जोन का कप्तान नियुक्त किया गया था, लेकिन अब वे 28 अगस्त से बेंगलुरु में शुरू होने वाले छह-टीम टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेंगे। उनकी जगह ओडिशा के 20 साल के विकेटकीपर-बल्लेबाज आशीर्वाद स्वैन को ईस्ट जोन टीम में शामिल किया गया है। बंगाल के 29 साल के दाएं हाथ के बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन, जो पहले उपकप्तान थे, को अब कप्तान बनाया गया है। स्वैन ने ओडिशा के लिए 11 प्रथम श्रेणी मैचों में 615 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 77 रन है। उन्होंने तीन अर्धशतक बनाए हैं और विकेट के पीछे 35 शिकार किए हैं, जिनमें 32 कैच और 3 स्टंपिंग शामिल हैं। ओडिशा क्रिकेट एसोसिएशन ने एक्स पर स्वैन के ईस्ट जोन टीम में शामिल होने की पुष्टि की। ओसीए ने लिखा, ओडिशा के विकेटकीपर-बल्लेबाज आशीर्वाद स्वैन को दलीप ट्रॉफी के लिए ईस्ट जोन टीम में चुना गया है। वे ईशान किशन की जगह लेंगे और संदीप पटनायक के साथ टीम में शामिल होंगे।ईशान किशन ने अपना आखिरी मैच 29 जून से 2 जुलाई 2025 तक नॉटिंघमशायर के लिए समरसेट के खिलाफ टॉन्टन में खेला था, जिसमें उन्होंने नंबर 6 पर बल्लेबाजी करते हुए 77 रन बनाए थे।ईशान ने भारत के लिए 14 मार्च 2021 को अहमदाबाद में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय में डेब्यू किया था और अब तक 2 टेस्ट, 27 वनडे और 32 टी-20 अंतराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं।



# राजगीर में 29 अगस्त से हीरो एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप

### सात देशों की टीम ले रही हिस्सा, विजेता टीम को विश्व कप में सीधे मिलेगी एंट्री

**नालंदा (एजेंसी)।** बिहार के राजगीर खेल परिसर में 29 अगस्त से 7 सितंबर तक हीरो एशिया कप पुरुष हॉकी के 12वें संस्करण का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर टूर्नामेंट के शुभंकर 'चांद' का अनावरण किया गया है। जो हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को समर्पित है।

टूर्नामेंट का शुभंकर एक बाघ के रूप में डिजाइन किया गया है। जिसे 'चांद' नाम दिया गया है। यह नाम स्वयं में एक गहरा संदेश समेटे हुए हैं। मेजर ध्यानचंद की याद में, जो चांदनी रातों में अभ्यास करके हॉकी की दुनिया में अमर हो गए। शुभंकर के सीने पर पद्मभूषण का मेडल लगाया गया है, जो उनके असाधारण योगदान को दर्शाता है।

राष्ट्रीय पशु बाघ का चयन कोई संयोग नहीं है। यह साहस, स्फूर्ति और कौशल का प्रतीक है। वे गुण जो हर हॉकी खिलाड़ी में होने चाहिए। 'चांद' का लाल लबादा शक्ति और उत्साह को दर्शाता है,




जबकि जादूगर की टोपी मेजर ध्यानचंद की जादूगरी का प्रतीक है।

### एशिया की दिग्गज टीमों का जमावड़ा

इस बार के टूर्नामेंट में एशिया की सात टीमें भाग ले रही हैं। भारत की मेजबानी में चीन, जापान, चीनी ताइपे, मलेशिया, दक्षिण कोरिया और ओमान की टीमें अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगी। हालांकि, पाकिस्तान की टीम किसी कारणवश इस बार भाग नहीं ले रही है।

इस टूर्नामेंट की महत्ता इसलिए और भी बढ़ जाती है कि विजेता टीम को विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट में सीधे प्रवेश का अधिकार मिलेगा। यह अवसर हर टीम के लिए सुनहरा है और निश्चित रूप से प्रतिस्पर्धा को और भी रोमांचक बनाएगा।

### ट्रॉफी की गौरव यात्रा

ट्रॉफी गौरव यात्रा का आयोजन एक सराहनीय पहल है। यह यात्रा केवल बिहार के सभी जिलों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि चेन्नई, चंडीगढ़, दिल्ली, ओडिशा, असम और झारखंड जैसे राज्यों में भी जाएगी। यह न केवल टूर्नामेंट के प्रति जागरूकता बढ़ाएगी बल्कि हॉकी के प्रति युवाओं में उत्साह भी जगाएगी।

ट्रॉफी की यात्रा के लिए दो अलग मार्ग निर्धारित किए गए हैं। पहला मार्ग वैशाली, मुजफ्फरपुर, पूर्वी व पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज और सीवान होते हुए 28 अगस्त को राजगीर पहुंचेगा। दूसरा मार्ग भोजपुर, बक्सर, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और गया होते हुए राजगीर तक जाएगा।

### एशिया कप का गौरवशाली इतिहास

एशिया कप हॉकी की शुरुआत 1982 में पाकिस्तान के कराची में हुई थी। तब से लेकर अब तक यह टूर्नामेंट एशियाई हॉकी का सबसे प्रतिष्ठित आयोजन बना हुआ है। इसके इतिहास में सबसे सफल टीम दक्षिण कोरिया रही है, जिसने पांच बार यह खिताब अपने नाम किया है।

### भारत 8 बार फाइनल में पहुँची

भारत और पाकिस्तान दोनों ने तीन-तीन बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है। दिलचस्प बात यह है कि भारत आठ बार फाइनल में पहुंची है, लेकिन पांच बार हार का सामना करना पड़ा है। यह आंकड़ा भारतीय हॉकी की निरंतरता और दृढ़ता को दर्शाता है।

# छीना जा रहा मतदान का अधिकार : राहुल गांधी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद/रफीगंज।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मताधिकार यात्रा सोमवार की सुबह औरंगाबाद जिला मुख्यालय के समीप स्थित बभंडी विद्यालय कैंपस से देव होते हुए रफीगंज की तरफ रवाना हुई। रास्ते में दोनों तरफ लोगों की भीड़ ने यात्रा का स्वागत किया। इसके बाद रथ यात्रा शिवगंज, वार, रफीगंज आदि इलाकों से गुजरते हुए गया जिले में प्रवेश कर गई। इस दौरान जगह-जगह स्वागत में जमा भीड़ को संबोधित करते हुए राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने भाजपा और चुनाव आयोग पर मत चोरी के आरोप लगाए और उन्होंने कहा कि हम किसी हालत में वोटों की चोरी नहीं होने देंगे। राहुल गांधी ने कहा कि देश के लोगों को पहले से ही लग रहा था कि वोटिंग पैटर्न में कुछ ना कुछ गड़बड़ी है। महाराष्ट्र में विधानसभा और लोकसभा चुनाव के दौरान नतीजे बिल्कुल विपरीत रहे क्योंकि चुनाव आयोग ने फर्जी तरीके से एक करोड़ से ज्यादा वोटर बना दिए थे जो भाजपा को वोट कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु में भी यही हुआ था। उन्होंने लोगों से अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस देखने को कहा और बताया कि हमने एक-एक पॉइंट करके चुनाव आयोग की वोट चोरी की तमाम कोशिशें की पोल खोल दी है जबकि चुनाव आयोग हमें सही तरीके से आंकड़े भी नहीं दे रहा था। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग मुझसे एफिडेविट मांगता है लेकिन अनुराग ठाकुर से मांगने की हिम्मत नहीं पड़ती। उन्होंने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर ने संविधान में वोटों का अधिकार सबको दिया है और आज यही अधिकार छीना जा रहा है। आज गरीबों के पास ले देकर एक ही अधिकार है वोट का अधिकार, मगर उसे पर भी चोरी की जा रही है। तेजस्वी यादव ने वोट चोरी के मसले को उठाते हुए कहा



कि निर्वाचन आयोग और भाजपा मिलकर बिहार के लोगों की वोटों की चोरी कर रही है। पहले ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स वगैरह को बिहार में लगाने से काम नहीं बना तो अब सीधे मतदाताओं के मतों की चोरी खुलेआम करने की साजिश की जा रही है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार में चाचा नीतीश कुमार अचेत मुख्यमंत्री हैं और उनसे बिहार नहीं संभाल रहा है। भाजपा भी चुनाव के बाद इनको डंप कर देगी। उन्होंने कहा कि बिहार की नीतीश कुमार सरकार नकलची सरकार है और जो तेजस्वी यादव कहता है उसी की नकल में यह लोग घोषणाएं करते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार अब इस बार तैयार है और वह वोट चोरों को भगा कर दम लेगा। रफीगंज संवाददाता के अनुसार रफीगंज में वोटर अधिकार यात्रा के तहत लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव एवं वीआईपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सहनी का सैकड़ों गाड़ियों की काफिला के साथ सोमवार की सुबह में आगमन हुआ। इससे पूर्व प्रखण्ड क्षेत्र के रेगनियां मोड़, टकरा मोड़, मृगनैनी होटल, डाक बंगला मोड़, शिवगंज बस स्टैंड, कलाली मोड़, नसरुल मियां मोड़, महाराजगंज मोड़, निचलीडिह चरकावां, गोरडिहा मोड़, सुर्य मंदिर के समीप काफी संख्या में महागठबंधन के कार्यकर्ताओ ने तीनों नेताओं का भव्य स्वागत किया। इनके स्वागत में रेगनियां ही नहीं शिवगंज से लेकर औरंगाबादऽगया जिला के सीमा क्षेत्र अमवां सिमवां गांव तक सड़क जगह जगह तोरण द्वार एवं बैनर पोस्टर से सजाया गया था। प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह ने बताया कि एक साजिश के तहत मतदाताओं का वोटर लिस्ट से नाम काटा जा रहा है जो संविधान के विरुद्ध है। लोग वोट के अधिकार से वंचित न हो इसके लिए वोटर अधिकार रैली के माध्यम से राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, मुकेश साहनी द्वारा जागरूक किया गया। इस दौरान दंडाधिकारी एवं पुलिस बल भारी संख्या में हर चौक चौराहों पर मुस्तैद दिखी। मौके पर पूर्णिया सांसद पप्पू यादव, सांसद अभय कुशवाहा, विधायक मो नेहालुद्दीन, सदर एसडीपीओ टू चंदन कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर रामजी प्रसाद, थानाध्यक्ष शंभू कुमार, अपर थानाध्यक्ष कन्हैया कुमार, एसआई कुशो कुमार, सोनाली, ध्रुव कुमार, मिथलेश कुमार, विनोद कुमार, उमेश कुमार, कांग्रेस नेता हस्सान सिद्धिकी, बौर पैक्स अध्यक्ष रामस्वरूप सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि डॉक्टर गुलाम शाहिद, राजद जिला महासचिव रणविजय यादव, राजद प्रदेश सचिव सह उप उप्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष विक्की सिंह यादव, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि माहिद खान, नगर पार्षद टप्पू यादव, महफूज आलम के साथ हजारों के संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

# महिला ने की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सोमवार की सुबह 35 वर्षीय एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामला औरंगाबाद शहर के जय मां कॉलोनी मुहल्ले की है। मृतिका की पहचान पटना जिले के बढ्ढ़ोपुर निवासी मंटू कुमार सिंह की पत्नी रानी कुमारी के रूप में हुई है। वैसे महिला का मायका रफीगंज प्रखंड के बलवंत बिगहा गांव में है। सदर अस्पताल में परिजनों ने बताया कि महिला का पति मंटू कुमार सिंह दिल्ली के एक निजी कंपनी में जॉब करता है, पिछले ढाई वर्षो से वह औरंगाबाद शहर के जय मां कॉलोनी मुहल्ले में किराए पर रूम लेकर रहती थी और अपने एक बेटा और एक बेटी को यहां रखकर पढ़ाती थी। सोमवार की सुबह अपने बच्चों को स्कूल पहुंचाकर वापस रूम पर लौटी। इसके बाद दरवाजा बंद कर पंखे से दुपट्टा के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, जब काफी देर तक वह अपने रूम से बाहर नहीं निकली तो बगल के रूम वाले किराएदार खिड़की से देखा तो रानी झूलती हुई दिखाई दी। किराएदार ने शोर मचाया तो आसपास के लोग व मकान मालिक पहुंचे और किसी तरह उसे फंदे से नीचे उतारा। महिला को जिंदा समझकर इलाज के लिए आनन-फानन में सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के चिकित्सकों ने नब्ज टटोलते ही मृत घोषित कर दिया। इसके बाद घटना की सूचना मायके वालों को दी गयी। सूचना पर मायकेवाले सदर अस्पताल पहुंचे और मृतका के शव से लिपटकर चीत्कार उठे। इधर, मायके वालों ने मामले में जांच की मांग की है। घटना की सूचना नगर थाना की पुलिस को दी गई. जिसके आलोक में सदर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। इधर घटना की सूचना मृतका का पति व उसके मायकेवालों को दे दी गयी है। थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि एक महिला द्वारा मौत का मामला सामने आया है। घटना की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले का खुलासा हो पायेगा।

# मिट्टी का दीवाल गिरने से वृद्ध महिला की मौत

**गोह(नबिटा संवाददाता)।** उपहारा थाना क्षेत्र के हरिगांव में सोमवार को मिट्टी का दीवाल गिरने से 60 वर्षीय महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हरीगांव निवासी रामलखन यादव की पत्नी वीणा देवी घर के बगल में मिट्टी के मकान में काम कर रही थीं तभी उनके ऊपर अचानक दीवाल गिर गई जिससे दबने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई। आस पास के ग्रामीणों ने महिला को बचाने का भरपूर प्रयास किया तबतक काफी देर हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। सूचना पर उपहारा थानाध्यक्ष मनेश कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच में जुट गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया है।



देव सूर्य मंदिर न्यास समिति के सदस्य व समाजसेवी लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता एवं अन्य ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को अंगवस्त्र व त्रेतायुगीन सूर्य मंदिर की बालू से बनी कलाकृति भेंट कर स्वागत किया।

# दो थानाध्यक्षों को थमाया नोटिस

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** किशोर न्याय बोर्ड के प्रधान दंडाधिकारी सह एसडीजेएम सुशील प्रसाद सिंह ने कर्तव्यहीनता बरतने पर कुटुंबा और हसपुरा थाना प्रभारी को शो कॉज किया है। जीआर 133/22 एवं जेजेबी वाद संख्या 538/25 की सुनवाई के दौरान पाया गया कि कुटुंबा थाना क्षेत्र के एक विधि-विरुद्ध बालक को अदालत के बार-बार नोटिस देने के बावजूद प्रस्तुत नहीं किया गया। इसे बोर्ड ने गंभीर लापरवाही मानते हुए थाना प्रभारी और बाल कल्याण पुलिस अधिकारी को शो कॉज किया तथा 30 अगस्त को सदेह उपस्थित होने का आदेश दिया। इसी तरह हसपुरा थाना से संबंधित जीआर 44/17 और जेजेबी 89/25 मामले में भी हसपुरा थाना प्रभारी को भी 30 अगस्त को सदेह उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

# संवैधानिक संस्थाओं पर हमले का जवाब देगी जनता : शाहनवाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के वोटर अधिकार यात्रा में बाहर से लोगों को बुलाया जा रहा है। स्थान का नाम गलत बता रहे हैं। भगवान श्रीराम के अस्तित्व को नकारने वाले अब मंदिर में यकीन करने लगें है। यह बात जिला अतिथि गृह में प्रेसवार्ता के दौरान भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने कही। उन्होंने कहा कि वोट की लालच में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव लार टपका रहे हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे ने नरेंद्र मोदी को खतरनाक और देश को बर्बाद करने वाला बताया है। उनके द्वारा जिस तरह की भाषा का प्रयोग किया गया है उसका भारतीय जनता पार्टी घोर निंदा करती है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी को कांग्रेस के लोग जितनी गालियां देंगे, वे उतनी ही ताक़त से आगे बढ़ेंगे। तेजस्वी यादव ने भी अपनी भाषा की मर्यादा तोड़ी है। उन्होंने नरेंद्र मोदी को चुना और खैनी की तरह रगड़ देने की बात कहह है। इसका जनता जवाब देगी। हाल ही में नरेंद्र मोदी की गया में



सभा होने वाली है। उनके सभा की भीड़ देखी जा सकती है। इनकी भीड़ से ज्यादा भीड़ होगी। नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में विकास हुआ है। एनडीए एकजुट है और मजबूती से चुनाव लड़ेगी। महागठबंधन की महाहार तय है। जिस तरह से वे चुनाव आयोग को टारगेट कर रहे है, वह एक संवैधानिक संस्था के खिलाफ माखौल उड़ाने जैसा है। विपक्ष चुनाव जीतता है तो चुनाव आयोग सही हो जाता है और जब हारते हैं तो गलत हो जाता है। इन्हें चुनाव आयोग से माफी मांगना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार के अंदर 13 ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट बन रहे हैं। इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बन रहे है। पटना एयरपोर्ट का पुनः निर्माण किया गया है। पूर्णिया एयरपोर्ट सितंबर माह में तैयार हो जायेगा। बिहटा एयरपोर्ट का भी काम तेजी से चल रहा है। नरेंद्र मोदी ने नमो भारत, बंदे भारत और अमृत भारत की सौगात दी है। बिहटा में मखाना को जीआई टैग मिला है और मखाना कोर्ट का भी गठन किया गया है। बोधगया में आईआईएम (इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट) और भागलपुर में ट्रिपल आईटी की स्थापना की गई है। आईआईटी पटना का स्ट्रेंथ बढ़ाया गया है। पुनौरा धाम में माता जानकी के मंदिर निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। हर घर 125 यूनिट बिजली मुफ्त में दी जा रही है। बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांग को 1100 रूपये पेंशन दिया जा रहा है। औरंगाबाद के नवीनगर में 2400 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। यह देश का दूसरा सबसे बड़ा पावर प्लांट है। 120 करोड़ की लागत से सदर अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। बिहटा से औरंगाबाद रेल लाइन के लिए फंड जारी किया गया है। वाराणसी से कोलकाता एक्सप्रेस-वे जिले से होकर गुजर रही है, जो यहां की तस्वीर बदल देगी। देव सूर्य मंदिर और रुद्रकुंड का सौंदर्यीकरण किया गया है। देव में रिंगरोड का निर्माण होगा। एनएच -139 औरंगाबाद से पटना तक निर्माण कार्य के लिए डीपीआर पर काम किया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, पूर्व विधान परिषद सदस्य राजन सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोपाल नारायण सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेंद्र चंद्रवंशी सहित कई अन्य मौजूद रहे।

# बिना अनुमति के रमेश चौक पर हुई राहुल-तेजस्वी की आम सभा : सुशील

## वोटर अधिकार यात्रा के दौरान नुक्कड़ नाटक की मिली थी अनुमति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद शहर के रमेश चौक पर रविवार की शाम वोटर अधिकार यात्रा के दौरान राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की जो आम सभा हुई उसकी प्रशासनिक अनुमति नहीं थी। प्रशासन ने केवल नुक्कड़ नाटक की अनुमति दी थी क्योंकि रमेश चौक पर आमसभा करने के लिए जगह ही नहीं है। यहां पर आम सभा होने के कारण वहां के स्थानीय और फुटपाथी दुकानदारों के अलावा आम जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जो कहीं से भी उचित नहीं है। यह बातें औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने सोमवार को अपने आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने वोटर अधिकार यात्रा के दौरान औरंगाबाद शहर में स्थापित एक भी महापुरुषों और स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमा पर माल्यार्पण नहीं किया। यह उनके प्रति अपमान है क्योंकि जो भी प्रतिमाएं स्थापित हैं वह वोटर अधिकार यात्रा के मार्ग में ही थी।



वहीं कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं की प्रतिमा को भी राहुल गांधी ने सम्मान नहीं दिया गया। शायद यही वजह है कि पूर्व सांसद निखिल कुमार इस यात्रा में शामिल नहीं थे। पूर्व सांसद ने कहा कि वोट हथियाने और जनता को बरगलाने के लिए केवल यह यात्रा निकाली गई है। जबकि गरीबों के मसीहा आज की तिथि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही हैं और इस बात को सभी लोग जानते हैं। तेजस्वी यादव ने जनता को मूर्ख कहा है जबकि यही जनता अपने मत के अधिकार से इस अपमान का बदला जरूर लेगी। कांग्रेस और राजद इसलिए हल्ला मचा रहे हैं कि सत्ता में आने के बाद वे करप्शन को लीगल स्वरूप दे सकें क्योंकि नेहरू परिवार और लालू परिवार पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त है। दोनों पार्टियां करप्शन के रिटेलर और होलसेलर हैं। श्री सिंह ने कहा कि अगर वोट की चोरी होती तो मैं चुनाव में क्यों हार जाता। ऐसे में महागठबंधन के निर्वाचित सांसद को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। चुनाव आयोग ने साफ कहा है कि वह सभी मतदाता के साथ खड़ी है और सही और संवैधानिक लोगों के लिए काम कर रही है। फर्जी और घुसपैठियां वोटरों को पूरी तरह से मतदाता सूची से बाहर निकाल देना है।

# लक्ष्मी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने जन्माष्टमी पर दी गीत-संगीत की बेहतर प्रस्तुति



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के बेल रोड स्थित लक्ष्मी पब्लिक स्कूल में राधा कृष्ण की झांकी का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका उदघाटन निदेशक अभिषेक कुमार एवं सलोना साह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। निदेशक ने कहा कि जन्माष्टमी के पूर्व छात्रों द्वारा भगवान राधा कृष्ण की झांकियों की प्रस्तुति दी गई ताकि छात्रों के प्रति प्रेम की भावना जागृत हो सके। उन्होंने छात्रऽछात्राओं को इस कार्यक्रम के लिए बधाई दी और कहा कि इस तरह का कार्यक्रम काफी बेहतर रहा। बच्चों ने राधा कृष्ण एवं गोपियों के दृश्य में प्रस्तुति दी जिसे देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। अच्छी कला प्रदर्शित करने वाले छात्रों को सम्मानित भी किया जाएगा। इस मौके पर मनीष कुमार, हेमराज प्रसाद, बसंत कुमार, अमिताभ कुमार, शिक्षक नेता अजीत सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

# मतदाता अधिकार यात्रा अभूतपूर्व रूप से सफल रही : सुरेश पासवान



**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. सुरेश पासवान ने कहा कि औरंगाबाद जिले में आयोजित दो दिवसीय मतदाता अधिकार यात्रा अभूतपूर्व रूप से सफल रही। इस यात्रा में नेता प्रतिपक्ष लोकसभा राहुल गांधी और नेता प्रतिपक्ष बिहार विधानसभा तेजस्वी प्रसाद यादव के साथ इंडिया महागठबंधन के अनेक राष्ट्रीय नेता शामिल हुए। पूरे जिले के गांव-गांव से उमड़े जनसैलाब ने नेताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया और बिहार में महागठबंधन की सरकार बनाने का संकल्प भी लिया। शहर के रमेश चौक पर संध्या समय आयोजित ऐतिहासिक जनसभा में सभी नेताओं ने केंद्र सरकार के इशारे पर चुनाव आयोग द्वारा एनआईआर के बहाने मताधिकार में कटौती और कथित वोट चोरी पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने जनता से अपील की कि वे इस षड्यंत्र के खिलाफ सजग और तकनीकी रूप से तैयार रहें। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि वोट चोरी पर रोक नहीं लगी तो बिहार सहित पूरे देश में जनांदोलन खड़ा किया जाएगा। यात्रा के दूसरे दिन कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र के वभंडी खेल मैदान से शुरू होकर अंबा चौक, अंबा बाजार, हार तेलहारा, उदयगंज, नरहरअंबा, जीवाबिगहा होते हुए देव सूर्य मंदिर पहुंची। यहां राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने गर्भगृह में भगवान भास्कर की पूजा अर्चना की। इसके बाद काफिला देव बाजार, महाराणा प्रताप महाविद्यालय होते हुए रफीगंज की ओर रवाना हुआ। देव-अंबा मार्ग पर जगह-जगह तोरणद्वार बनाए गए थे, जहां हजारों की संख्या में लोग एकत्रित होकर महागठबंधन के नेताओं का स्वागत कर रहे थे। यात्रा के दौरान चारों ओर 'बिहार में बदलाव की बयार है, 2025 में तेजस्वी यादव की सरकार है' जैसे नारों की गूंज सुनाई देती रही।

बिहार सरकार

गन्ना उद्योग विभाग
बिहार सरकार

बिहार राज्य गुड़ उद्योग प्रोत्साहन कार्यक्रम (2025-26)

गन्ना किसानों/निवेशकों द्वारा गुड़ इकाई की स्थापना पर राज्य सरकार द्वारा 05–20 टन, 21–40 टन, 41–60 टन तथा 60 टन से अधिक प्रतिदिन पेराई क्षमता वाली इकाइयों को उनकी पूंजी लागत का 50% ( क्रमशः अधिकतम ₹6 लाख, ₹15 लाख, ₹45 लाख एवं ₹ 1 करोड़ ) तक अनुदान का प्रावधान है।



अंतिम तिथि: 25 अगस्त 2025

आवेदन हेतु ccs.bihar.gov.in पर जाएं।



अधिक जानकारी हेतु अपने जिले के संबंधित सहायक निदेशक / ईख अधिकारी से संपर्क करें।

PR No.- 011895 (Sugarcane)D. 2025-26